दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

रायपुर, मंगलवार, 13 मई 2025 शुक्ल पक्ष-एकादशी विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक- 91 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए

रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित, www.navpradesh.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को किया संबोधित-बोले -आतंकी हमले का जवाब देगा भारत

न्यूक्लियर 'ब्लैकमेलिंग' नहीं सहेगा भारत

पाकिस्तान से बात होगी तो सिर्फ आतंकवाद और पीओके पर

पाकिस्तान को अगर बचना है तो आतंक के ढांचे को खत्म करना ही होगा

लोगों की भावना का प्रतिबिंब है आपरेशन सिंदूर: पीएम मोदी

खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते, बम की धमकी का जवाब दिया जाएगा

पाकिस्तान के सीने पर वार

दुनिया ने देखा कि कैसे पाकिस्तान के ड्रोन्स, पाकिस्तान की मिसाइलें भारत के सामने तिनके की तरह बिखर गईं। भारत के सशक्त एयर डिफेंस सिस्टम ने उन्हें आसमान में ही नष्ट कर दिया। पाकिस्तान की तैयारी सीमा पर वार की थी, लेकिन भारत ने पाकिस्तान के सीने पर वार कर दिया।

भारतीय सेनाओं को खुली छूट

हमने आतंकवादियों को मिट्टी मिलाने की भारत सेनाओं को पूरी छूट दे दी। आज हर आतंकी और आतंक का हर संगठन जान चुका है कि हमारे देश की बहन-बेटियों के माथे से सिंदूर हटाने का अंजाम क्या होता है।

ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ नाम नहीं

ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ नाम नहीं है। यह देश के कोटी-कोटी लोगों की भावनाओं का प्रतिबिंब है। ऑपरेशन सिंदूर न्याय की अखंड प्रतिज्ञा है। 6 मई की देर रात, 7 मई की सुबह पूरी दुनिया ने इस प्रतिज्ञा को परिणाम में बदलते देखा है।

आतंक-पीओके पर ही बात होगी

मैं आज विश्व समुदाय को भी 6 कहूंगा कि हमारी घोषित नीति रही है कि अगर पाकिस्तान से बात होगी तो आतंकवाद पर ही बात होगी। अगर पाकिस्तान से बात होगी तो पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर पीओके पर ही होगी।

टेरर और टॉक एक साथ नहीं

भारत का मत एकदम स्पष्ट है- टेरर और टॉक, एकसाथ नहीं हो सकते। टेरर और ट्रेड एकसाथ नहीं चल सकते। ...और पानी और खून भी एकसाथ नहीं बह सकता।

मेड इन इंडिया हथियार

इस ऑपरेशन के दौरान हमारे मेड इन इंडिया हथियारों की प्रामाणिक सिद्ध हुई। आज दुनिया देख रही है कि 21वीं सदी के वॉरफेयर में मेड इन इंडिया डिफेंस उपकरणों का समय आ चुका है।

टेरर इन्फ्रास्ट्रक्चर का सफाया

पाकिस्तानी फौज, पाकिस्तान की सरकार जिस तरह आतंकवाद को खाद-पानी दे रहे हैं, वो एक दिन पाकिस्तान को ही समाप्त कर देगा। पाकिस्तान को अगर बचना है तो उसे अपने टेरर इन्फ्रास्ट्रक्चर का सफाया करना ही होगा।

एकजुट होना सबसे बड़ी शक्ति

हर प्रकार के आतंकवाद के खिलाफहम सभी का एकजुट रहना हमारी सबसे बड़ी शक्ति होगी। निश्चित तौर पर यह युग युद्ध का नहीं है, लेकिन यह युग आतंकवाद का भी नहीं है। आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस बेहतर दुनिया की गारंटी है।

हम अपने शर्तों पर जवाब देंगे

भारत पर आतंकी हमला हुआ तो मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। हम अपने तरीके से, अपनी शर्तों पर जवाब देकर रहेंगे। कोई भी न्यूक्लियर ब्लैकमेल भारत नहीं सहेगा। हम आतंक की सरपरस्त सरकार और आतंक के आकाओं को अलग-अलग नहीं देखेंगे।

खूंखार आतंकियों को मिट्टी मिलाया

आतंकियों ने हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ा है, इसलिए भारत ने आतंक के ये मुख्यालय उजाड़ दिए हैं। भारत के इन हमलों ने 100 से अधिक खूंखार आतंकवादियों को मौत के घाट उतारा गया है।

पीएम मोदी ने बताया भारत का न्यू नॉर्मल

नई दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि आपरेशन सिंदूर भारत के लोगों की भावनाओं का प्रतिबिंब है। श्री मोदी ने देर शाम टेलीविजन पर कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान के आतंकवाद के गढ़ को समाप्त कर दिया है। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद देश के लोग कड़ी कार्रवाई चाहते थे और सेना ने आपरेशन सिंदूर चलाकर लोगों की भावना को पूरा किया है। उन्होंने कहा कि आपरेशन सिंदूर आतंकवाद के विरुद्ध नयी भारतीय नीति है। यह नया 'नार्मल' है। उन्होंने कहा कि आतंकवादी कार्रवाई को नहीं सहा जाएगा और परमाणु बम की धमकी का जवाब दिया जाएगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत आतंकवाद के आकाओं और उनको संरक्षण देने वाली सरकार को अलग अलग नहीं देखेगी। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ भारतीय सेना की कार्रवाई से दुर्दांत आतंकवादी मारे गये। इनका संबंध में दुनियाभर की आतंकवादी घटनाओं से था। उन्होंने कहा कि सेना की कार्रवाई में आतंक के अड्डों का ध्वस्त किया गया। उन्होंने कहा, ''सेना ने पाकिस्तान के सीने पर वार किया।

श्री मोदी ने कहा कि पाकिस्तान के डीजीएमओ ने भारत के डीजीएमओ को फोन किया और कार्रवाई रोकने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि इसके बाद आतंकवाद खिलाफ कार्रवाई रोकी गयी है लेकिन बंद नहीं की गयी है। उन्होंने कहा कि इस सैन्य कार्रवाई में भारत में निर्मित हथियारों की गुणवत्ता देखी है। उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर यह समय युद्ध का नहीं है लेकिन यह आतंकवाद का भी नहीं है। उन्होंने कहा कि यह आतंकवाद एक दिन खुद ही पाकिस्तान को समाप्त कर देगा। पाकिस्तान को अगर बचना है तो आतंक के ढांचे को खत्म करना ही होगा। उन्होंने कहा कि खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते। प्रधानमंत्री ने विश्व समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि शांति का मार्ग भी शक्ति से होकर जाता है।

अभी ऑपरेशन सिंदूर खत्म नहीं: सैन्य अभियान के महानिदेशकों ने संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा-

भारतीय सेना जरूरत पड़ने पर मिशन के लिए तैयार

ऑपरेशन सिन्दूर में तीनों सेनाओं, सीमा सुरक्षा बल और सरकारी एजेंसियों का पूरा समन्वय रहा

'हमारा निशाना आतंकवादी थे, पाकिस्तानी सेना ने इसे अपनी लड़ाई बनाया'

तुर्की ड्रोन हों या कहीं की भी कोई अन्य शस्त्र, हमारी स्वदेशी रक्षा प्रणाली सक्षम

सेनाओं को जो बजटीय समर्थन मिला है, रक्षा प्रणाली बेहद मजबूत हुई

■ पहलगाम में उनके पाप का घड़ा भर गया था

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय सशस्त्र सेनाओं ने आज कहा कि उनकी लड़ाई आतंकवाद और आतंकवादियों से थी और पाकिस्तानी सेना के आतंकवादियों के पक्ष में लड़ाई में उतरने के कारण भारत को उसके सैनिक ठिकानों को निशाना बनाना पड़ा जिसके लिए पाकिस्तानी सेना खुद जिम्मेदार है। भारतीय वायुसेना, नौसेना एवं थल सेना के सैन्य अभियान महानिदेशकों ने यहां एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा, तुर्की के ड्रोन हों या कहीं की भी कोई अन्य शस्त्र तकनीक हो.. हमारी स्वदेशी रक्षा प्रणाली, प्रशिक्षित योद्धा उससे मुकाबले के लिए तैयार हैं। ऑपरेशन सिन्दूर में हमारा नुकसान बेहद मामूली रहा है। हमारे सभी सैन्य प्रतिष्ठान, उपकरण, शस्त्र प्रणालियां पूरी तरह से कार्यशील हैं, जरूरत पड़ने पर हम अगले मिशन के लिए तैयार हैं।

भारत की आधुनिक स्वदेशी रक्षा प्रणाली अभेद्य-वायुसेना: वायुसैनिक अभियान महानिदेशक एयर मार्शल ए के भारती ने कहा कि पाकिस्तान की सेनाओं ने विमानों मिसाइलों, ड्रोन एवं यूएवी से भारत पर भीषण हमला करने की कोशिश की लेकिन हमारी परत दर परत मजबूत एवं आधुनिक स्वदेशी रक्षा प्रणाली उसके सामने अभेद्य दीवार साबित हुई।

एयर मार्शल भारती ने दोहराया, हमारी लड़ाई आतंकवादियों एवं आतंकवाद से थी, पाकिस्तानी सेना से नहीं। पह अफ्सोस की बात है कि पाकिस्तानी सेना ने आतंकवादियों के समर्थन में इस लड़ाई में शामिल होने का फैसला किया। इसलिए इस संघर्ष में पाकिस्तान को जो भी नुकसान हुआ है, उसके लिए वे खुद जिम्मेदार हैं। उन्होंने आतंकवादियों के व्यवहार में आये अंतर का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछले कुछ वर्षों से आतंकवादी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सर्वदलीय बैठक में अब पीएम नहीं आये तो बहिष्कार करेंगे: कांग्रेस

नई दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस ने कहा है कि पहलगाम हमले के बाद दो बार सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई है, लेकिन अब जब सर्वदलीय बैठक होगी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नहीं आए तो कांग्रेस बैठक का बहिष्कार करेगी।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेश बघेल ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पहलगाम मुद्दे पर पहले बुलाई गई सर्वदलीय बैठकों में प्रधानमंत्री को मौजूद रहना चाहिए था, लेकिन यदि वह अगली बैठक में नहीं आए तो कांग्रेस बैठक का बहिष्कार करेगी।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने यह घोषणा कर दी है कि अगली सर्वदलीय बैठक में श्री मोदी नहीं आए तो हम बैठक में शामिल नहीं होंगे और बाहर आ जाएंगे और बैठक का बहिष्कार करेंगें। बघेल ने आतंकवाद के खिलाफ की गई कार्रवाई की सफलता से संबंधित एक सवाल पर कहा कि यदि यह सफल रहा है तो सरकार को सर्वदलीय बैठक के साथ ही संसद का विशेष सत्र बुलाना चाहिए और उसमें हमारे सवालों का जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश के बहुत सारे सवाल है मोदी को प्रेस कांफ्रेंस, सर्वदलीय बैठक और संसद का विशेष सत्र बुलाकर इन सवालों का जवाब देना चाहिए।

नौ आतंकी शिविरों को हमले के लिए चुना गया, 100 से अधिक आतंकी ढेर

सेना के अधिकारयों ने तस्वीरों के साथ विस्तार से बताया कि स्ट्राइक से पहले के हालात कैसे थे और सेना की कार्रवाई के बाद का मंजर कैसा है। उन्होंने बताया कि भारत की जवाबी कार्रवाई के डर से कुछ आतंकी ठिकाने खाली हो गए। ऑपरेशन सिंदूर के लिए सोच-विचार कर नौ आतंकी शिविरों को हमले के लिए चुना गया। 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए। कंधार विमान अपहरण में शामिल रऊफअजहर जैसे हाई वैल्यू टारगेट यानी वांटेड आतंकी को भी खत्म कर दिया।

32 नागरिक हवाई अड्डों पर विमान संचालन शुरू

नई दिल्ली (वार्ता)। केंद्र सरकार ने हिंडन, श्रीनगर, चंडीगढ़, जोधपुर, राजकोट और भुज समेत देश के 32 हवाई अड्डों को नागरिक विमान परिचालन के लिए फिर से खोल दिया है। सरकार ने पाकिस्तान के साथ सैन्य कार्रवाई के मद्देनजर इन हवाई अड्डों पर संचालन 15 मई 2025 को सुबह पांच बजकर 29 मिनट तक के लिए अस्थायी रूप बंद कर दिया था।

करेंगुट्टा में मारे गए नक्सलियों में से 20 की हुई शिनाख्त

■ 11 के शवों को परिजनों को सौंपा, कांग्रेस ने उठाए सवाल

बीजापुर/नवप्रदेश। बीजापुर और तेलंगाना सीमा पर स्थित करेंगुट्टा की पहाड़ियों में हुई मुठभेड़ के बाद सुरक्षाबलों ने अब तक 20 नक्सलियों के शवों की पहचान कर ली है। इनमें से 11 शवों को पोस्टमार्टम और अन्य कानूनी प्रक्रिया के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है, जबकि शेष शवों की पहचान की प्रक्रिया अभी जारी है। इस मुठभेड़ को लेकर अब राजनीतिक सरगर्मी भी तेज हो गई है।

बीजापुर के कांग्रेस विधायक विक्रम शाह मंडावी ने राज्य की भाजपा सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एक तरफ ऑपरेशन को सफल बताते हुए 22 नक्सलियों को ढेर करने पर जवानों को बधाई देते हैं, वहीं प्रदेश के गृहमंत्री कहते हैं कि बीजापुर में किसी प्रकार का ऑपरेशन नहीं हुआ है और इस मुठभेड़ या ऑपरेशन में 22 नक्सलियों के मारे जाने के जो आंकड़े आ रहे हैं, वे गलत हैं।

18 दिनों तक ऑपरेशन चला

विधायक मंडावी ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार में मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री दोनों के बयान आपस में विरोधाभासी हैं। सरकार सभी के सामने प्रेस विज्ञप्ति और प्रेस ब्रीफिंग कर स्पष्ट करे कि उसूर थाना अंतर्गत क्षेत्र में जो 18 दिनों तक ऑपरेशन चला, उसमें जवानों ने जिन लोगों को मुठभेड़ में मार गिराया, क्या वे वास्तव में नक्सली थे या ग्रामीण? और अगर वे नक्सली थे तो उनकी शिनाख्त में इतना समय क्यों लग रहा है? सरकार से मांग करता हूं कि इन सभी बातों को लेकर स्पष्टता दी जाए।

विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से लिया संन्यास

टेस्ट में 14 साल का विराट सफर

मैच	123
पारी	210
रन	9230
सर्वोच्च	254
औसत	46.85
शतक	30
अर्धशकत	31

नई दिल्ली। रोहित शर्मा के बाद अब विराट कोहली ने भी टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। बताया जा रहा है कि बीसीसीआई ने कोहली से आगामी इंग्लैंड सीरीज को देखते हुए अपने फैसले पर पुनर्विचार करने को कहा था। हालांकि, कोहली ने सोमवार को इंस्टाग्राम पर टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का एलान कर दिया। इससे पहले रोहित ने बुधवार को टेस्ट से संन्यास की घोषणा की थी। कोहली ने 14 साल तक टेस्ट क्रिकेट खेला और कई रिकॉर्ड्स बनाए।

विराट कोहली ने स्पेशल पोस्ट में क्या कहा?

आज टेस्ट क्रिकेट में 14 साल का सफर पूरा हो गया। जब मैंने सफेद जर्सी में टीम इंडिया के लिए पदार्पण किया था, तो मैंने कभी नहीं सोचा था कि यह सफर इतना लंबा होगा। टेस्ट मैच उनके क्रिकेट करियर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा थे। मैंने यहाँ बहुत कुछ सीखा। टेस्ट मैच खेलना एक अलग अनुभव था। इस यात्रा के छोटे-बड़े पलों की यादें हमेशा संजोकर रखी जाएंगी। अब मैं इस प्रकार के काम से सेवानिवृत्त हो रहा हूं। यह निर्णय लेना आसान नहीं था। लेकिन ऐसा लगता है कि यह सही समय है। टेस्ट क्रिकेट से मैंने जितना दिया, उससे कई गुना अधिक पाया। ऐसे ही भावुक शब्दों में उन्होंने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की है।

गरमा-गरम

क्रांतिकारी कदम — एक रुपए प्रति वर्गमीटर की रियायती दर पर भूमि आवंटित करने का निर्णय

बायो-सीएनजी संयंत्रों की स्थापना के लिए साय सरकार देगी जमीन

रायपुर/ए.। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर छत्तीसगढ़ के सभी नगरीय निकायों में जैव अपशिष्ट सह कृषि अपशिष्ट के प्रसंस्करण के लिए बायो-सीएनजी प्लांट लगाए जाएंगे। रायपुर, भिलाई समेत आठ निकायों में जमीन का चिन्हांकन किया जा चुका है। इन स्थानों पर बीपीसीएल और गेल 800 करोड़ का प्लांट लगाएंगे। उल्लेखनीय है कि पिछले 17 अप्रैल 2025 को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट की बैठक में बायो- सीएनजी संयंत्रों के लिए सार्वजानिक उपक्रमों को एक रुपये प्रति वर्गमीटर की रियायती दर पर भूमि आवंटित किए जाने का निर्णय लिया गया था। कैबिनेट के निर्णय के बाद नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा सभी कलेक्टरों को जमीन आवंटन को लेकर निर्देश जारी कर दिए गए हैं। बीपीसीएल और गेल कंपनी को एक रुपए वर्गमीटर में 10 एकड़ जमीन 25 साल की लीज पर दी जाएगी। जैव अपशिष्ट सह कृषि अपशिष्ट का प्रसंस्करण इन संयंत्रों में किया जाएगा। भारत में उपयोग होने वाले सीएनजी का लगभग 46 फीसदी वर्तमान में आयात किया जाता है और सरकार का लक्ष्य बायो-सीएनजी के उत्पादन और खपत के माध्यम से इस निर्भरता को कम करना है। बायो सीएनजी, जिसे बायो कंप्रेस्ड नेचुरल गैस भी कहा जाता है। इसका उपयोग मुख्य रूप से वाहनों के ईंधन आओर घरेलू ऊर्जा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

महीनेभर के भीतर शुरू होगी टेंडर प्रक्रिया

नगरीय प्रशासन विभाग के अनुसार प्रदेश के आठ स्थानों पर जमीन का चिन्हांकन कर लिया गया है। इसके लिए जल्द ही टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी। एक महीने के भीतर ही इसका टेंडर फाइनल करने के बाद काम शुरू कर दिया जाएगा। इसके बाद निर्माण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

सेना ने अदम्य साहस के साथ आतंकियों को मिट्टी में मिलाया: भाजपा

नई दिल्ली/ए.। भारतीय जनता पार्टी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' पर पहली बार प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने भारतीय सशस्त्र बलों को जमकर सराहा। उन्होंने कहा कि सेना अदम्य साहस दिखाया। सेना ने आतंकियों को मिट्टी में मिला दिया। सेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों को नेस्तानाबूद कर दिया।

सांसद संबित पात्रा ने 'ऑपरेशन सिंदूर' पर कहा, 'आज भाजपा, उसके कार्यकर्ता और देश के नागरिक सुरक्षाबलों का धन्यवाद करते हैं जिनकी वजह से ऑपरेशन सिंदूर सफल हो पाया है।' पात्रा ने कहा कि भारत गर्व के साथ कह सकता है कि ऑपरेशन सिंदूर ने अपने लक्ष्य को 100 प्रतिशत पूरा किया और सशस्त्र बलों की कार्रवाई के पीछे राष्ट्रीय एकता की सराहना की।

उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वादा किया था कि हम 26 लोगों की मौत का बदला लेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा था कि बदला दुश्मन की कल्पना से परे होगा और ऐसा ही हुआ। उन्होंने यह भी कहा था कि मिट्टी में मिलाएंगे और घुस के मारेंगे, हमने वही किया। प्रधानमंत्री मोदी के फैसले और हमारे सशस्त्र बलों की बहादुरी ने सुनिश्चित किया कि आतंकी ठिकाने मलबे में तब्दील हो जाएं। 22 अप्रैल से 7 मई तक देश में तनाव का माहौल था, तत्काल कार्रवाई की मांग थी। अतीत में सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक के बावजूद पाकिस्तान को अंदाजा नहीं था कि उस पर कब हमला होगा।

आतंकवाद के खिलाफ भारत ने अपने युद्ध में एक निर्णायक संदेश दिया

उन्होंने कहा कि ऑपरेशन के तहत भारत ने जिस तरह की सैन्य और गैर-सैन्य कार्रवाई की है, वह अभूतपूर्व है और इसने आतंकवाद के खिलाफअपने युद्ध में एक निर्णायक संदेश दिया है। पात्रा ने दावा किया कि सऊदी अरब और यूएई जैसे इस्लामिक देशों ने भी इसका समर्थन किया है और पाकिस्तान वैश्विक स्तर पर अलग-थलग पड़ गया है। उन्होंने कहा कि भारत ने दिखाया है कि पड़ोसी देश का कोई भी हिस्सा उसकी पहुंच से परे नहीं है।

ऑपरेशन सिंदूर 100 फीसदी सफल

तीनों डीजीएमओ ने रविवार को पत्रकारों को जानकारी देते हुए तथ्य सामने रखे। संबित पात्रा ने कहा, 'भारतीय सेना ने अदम्य साहस का परिचय दिया है। आज भारतीय जनता पार्टी और उसके सभी कार्यकर्ता भारतीय सेना, वायुसेना, नौसेना और उन सभी वीर जवानों का आभार व्यक्त करते हैं, जिनकी बदौलत ऑपरेशन सिंदूर सफल हो पाया है। सही मायनों में देखा जाए तो आज पूरा भारत ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानता है। कल तीनों डीजीएमओ ने देश को संबोधित किया और सभी तथ्य हमारे सामने रखे।'

भारत आतंकवाद बर्दाश्त नहीं करेगा: पात्रा

संबित पात्रा ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पीओके में नौ आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया। इसमें 100 से ज्यादा आतंकी ढेर किए गए। हमने जवाबी कार्रवाई में 11 एयरबेस को निशाना बनाया। 50 पाकिस्तान जवान भी मारे गए। उन्होंने कहा कि आतंकियों के जनाजे में पाकिस्तान के तमाम नेता शामिल हुए। जिससे साबित होता है कि पाकिस्तान में आतंकवाद और आतंकियों को बढ़ावा देने वाले एक साथ काम करते हैं। ऑपरेशन सिंदूर से हमने बताया दिया कि भारत आतंकवाद बर्दाश्त नहीं करेगा।

'पहली बार किसी परमाणु ताकत पर पलटवार किया गया'

उन्होंने यह भी कहा कि एक बात यह भी ध्यान रखना चाहिए कि यह पहली बार है कि किसी परमाणु ताकत पर पलटवार किया गया है। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ था। हमने दुश्मन को यह बताया है कि हमारे लिए कुछ भी दूर नहीं है। हमारी सेना पाकिस्तान में पंजाब तक आतंकी ठिकानों को नष्ट किया। उन्होंने कहा कि पहली बार किसी देश ने परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र के हवाई अड्डों को नष्ट किया है।

उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान ने नौ आतंकी ठिकानों, 11 एयर बेसों, 100 से अधिक आतंकवादियों, 50 सैनिकों और अपने सम्मान को खो दिया है। भाजपा नेता ने कहा कि भारत और पाकिस्तान सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए एक समझौते पर पहुंचे हैं, लेकिन भविष्य में आतंकी हमलों की स्थिति में भारत इस समझौते को तोड़ देगा।

मिस्री को ट्रोल किए जाने पर भी बोले

सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति बनने के बाद दक्षिणपंथी कार्यकर्ताओं के एक वर्ग द्वारा विदेश सचिव विक्रम मिस्री को बुरी तरह ट्रोल किए जाने के बारे में पूछे गए सवाल पर पात्रा ने कहा कि उनकी पार्टी इस अभियान से जुड़े सभी लोगों का सम्मान करती है, चाहे वे सशस्त्र बल हों या नौकरशाह। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया एक साधन है, लेकिन यह देश के लिए अपनी कार्रवाई तय करने का आधार नहीं हो सकता। दरअसल, मिस्री को और उनके परिवार के सदस्यों को ट्रोल की ओर से निशाना बनाए जाने के बाद 'एक्स' पर अपना अकाउंट निजी बनाने के लिए मजबूर होना पड़ा।

ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानिए

ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सशस्त्र बलों की ओर से 7 मई को किए गए सटीक हमलों में पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम), लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और हिजबुल मुजाहिदीन से जुड़े नौ बड़े आतंकी शिविरों को ध्वस्त कर दिया गया। नौ आतंकी शिविरों में से पांच पीओके में और अन्य चार पाकिस्तान में स्थित थे।

पाक के भारतीय एयरफील्ड तबाह करने का दावा भी निकला 'फेक'

नई दिल्ली(आईएएनएस)। भारत सरकार ने एक बार फिर पाकिस्तान की ओर से फैलाए जा रहे झूठ का पर्दाफाश किया है। इस बार पाकिस्तान ने दावा किया कि एक भारतीय एयरफील्ड उसके हमले में नष्ट हो गया था। पाकिस्तान के इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (डीजी आईएसपीआर) ने अपनी मीडिया ब्रीफिंग में एक भारतीय न्यूज चैनल के वीडियो का चुनिंदा हिस्सा दिखाया, जिसमें दावा किया गया कि यह भारतीय एयरबेस को नुकसान का सबूत है। हालांकि, भारत के प्रेस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो (पीआईबी) की फैक्ट-चेक यूनिट ने खुलासा किया कि वीडियो को गलत तरीके से संपादित किया गया था। पीआईबी ने एक आधिकारिक बयान में कहा, पाकिस्तान अपने लोगों को गुमराह करने के लिए फर्जी वीडियो का इस्तेमाल कर रहा है। भारतीय समाचार चैनल द्वारा दिखाया गया पूरा वीडियो वास्तव में भारतीय सैन्य कार्रवाई के दौरान एक पाकिस्तानी एयरफील्ड के नष्ट होने की बात थी, न कि भारतीय हवाई अड्डे की। हालांकि, डीजी आईएसपीआर ने 41 सेकंड के वीडियो में से सिर्फ 5 सेकंड का हिस्सा दिखाया, जिसमें असली जानकारी हटा दी गई। पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता ने कहा, हम आपको एक और क्लिप दिखाएंगे जो असली कहानी बताएगी।

19 दिन से पाक की हिरासत में है बीएसएफ का जवान

नई दिल्ली। पिछले 19 दिन से बीएसएफजवान, पूर्णम कुमार साहू पाकिस्तान की हिरासत में है। हालांकि बीएसएफ द्वारा अपने जवान की रिहाई के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन अभी पाकिस्तान की तरफसे ऐसा कोई सिग्नल नहीं आया है कि जिससे साहू की रिहाई की उम्मीद नजर आए। सूत्रों का कहना है कि पाकिस्तान में स्थित आतंकी कैंपों पर भारत की स्ट्राइक 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद कई दिन तक चले तनाव के बाद अब दोनों मुल्कों के बीच में सीजफायर हो गया है। ऐसे में बीएसएफजवान की रिहाई के प्रयास तेज हो सकते हैं। 'ऑपरेशन सिंदूर' से पहले पाकिस्तानी रेंजर्स की तरफ से कहा गया था कि जवान की रिहाई को लेकर तभी मीटिंग होगी, जब पाकिस्तानी रेंजर्स के शीर्ष मुख्यालय से कोई आदेश आएगा। इसके बावजूद बीएसएफ द्वारा तय प्रोटोकॉल के तहत रोजाना, पाकिस्तानी रेंजर्स से बातचीत करने का प्रयास किया जाता है। बीएसएफजवान की रिहाई के लिए अब कांग्रेस पार्टी के नेता पवन खेड़ा ने भी बयान जारी किया है। उन्होंने 'एक्स' पर लिखी एक पोस्ट में पूछा, हमारे बीएसएफजवान पूर्णम साहू को पाकिस्तानी कैद से कब रिहा किया जाएगा।

अमेरिका का फोन, पीएम मोदी की दो टूक और फिर सुबह तांडव

नई दिल्ली/ए.। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 10 मई की शाम पांच बजकर 25 मिनट पर एक ट्वीट किया। इसमें उन्होंने दावा किया कि अमेरिका ने मध्यस्थता कर भारत-पाकिस्तान में संघर्ष विराम करवा दिया है। उनके इस ट्वीट के बाद आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारत ने इस बात की पुष्टि की कि शाम पांच बजे से संघर्ष विराम प्रभावी हो गया है। लेकिन भारत ने इस बात से इनकार किया कि संघर्ष विराम के लिए किसी तीसरे देश ने मध्यस्थता की है। भारत ने पुरजोर तरीके से कहा कि संघर्ष विराम का प्रस्ताव पाकिस्तान की तरफ से आया था। आइए हम आपको विस्तार से बताते हैं कि 9-10 मई की रात का घटनाक्रम कैसे घटित हुआ और कैसे दोनों देश संघर्ष विराम के लिए राजी हुए।

अमेरिकी उपराष्ट्रपति का पीएम मोदी को फोन

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने नौ मई की रात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि अमेरिका का अनुमान है कि तनाव और बढ़ने के गंभीर प्रभाव हो सकते हैं। उन्होंने पीएम मोदी से कोई ऐसा कदम उठाने को कहा, जो पाकिस्तान को भी स्वीकार्य हो।इस पर पीएम मोदी ने उनकी बात ध्यान सुनी। उन्होंने वेंस से कहा कि पाकिस्तान को यह बात अच्छे से समझ लेना चाहिए कि अगर उसने कोई भी हरकत की तो हमारी प्रतिक्रिया बहुत तगड़ी होगी। सूत्रों के मुताबिक दूसरे शब्दों में यह कह सकते हैं कि यह कहा गया कि भारत पाकिस्तान को बचने का कोई रास्ता नहीं देना चाहता है। पाकिस्तान को यह ख्याल रखना चाहिए कि वो कर क्या रहे हैं। पीएम मोदी और अमेरिकी उपराष्ट्रपति की बातचीत के कुछ घंटे बाद ही पाकिस्तान ने मोर्चा खोल दिया। उसने ड्रोन और मिसाइल से भारत में 26 जगहों पर हमले की कोशिश की। इनमें आदमपुर और नगरोटा स्थित वायु सेना का बेस भी शामिल था। इस पर भारत की प्रतिक्रिया ठीक वैसी ही थी, जैसा कि पीएम मोदी ने कहा था। उनके आठ एयर बेस को जबरदस्त नुकसान पहुंचाया गया।

इस पूरे घटनाक्रम से अवगत एक सूत्र से जब यह पूछा गया कि क्या अमेरिका पाकिस्तान को इस बात के लिए राजी कर पाया कि वह फायरिंग रोक देगा और सैन्य अभियान नहीं चलाएगा। इस पर सूत्र ने कहा कि अगर ऐसा नहीं होता तो पाकिस्तान के डीजीएमओ का फोन क्यों आता। उन्होंने इस वजह से फोन नहीं किया कि उनसे किसी ने अंग्रेजी में बात की, बल्कि इसलिए किया कि हमारी ओर से आसमान से गिराई गई चीजों के जोरदार धमाकों की आवाजें उनकी कानों में गई थीं।

हवाई हमलों से दहल उठा पाकिस्तान

भारत के हमले में पाकिस्तान के एयरबेस को भारी नुकसान पहुंचा। इसके बाद 10 मई की सुबह अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने विदेश मंत्री एस जयशंकर को फोन किया। इससे पहले उन्होंने पाकिस्तान के सेना प्रमुख सैयद आसिम मुनीर से बात की थी। रुबियो को यह समझ में आया कि भारत की यह बात कि 'आप फायर मत करो, हम फायर नहीं करेंगे', पाकिस्तान के हित में है।रुबियो ने जयशंकर को बताया कि पाकिस्तान को यह बात मंजूर है।

हमलों से घबराया पाक लाया संघर्ष विराम का प्रस्ताव

सूत्र का कहना था, ''सच्चाई यह है कि उन्होंने अपनी धुन बदली। लेकिन हम इसे पाकिस्तान के मुंह से सुनना चाहते थे। संदेश उनकी तरफसे ही आया, वहां के सैन्य अभियानों के महानिदेशक (डीजीएमओ)की तरफसे। यही एक चैनल खुला था। सूत्रों का यह भी कहना है कि विदेश मंत्री जयशंकर ने यही बात रुबियो को सात मई को भी समझाई थी। डीजीएमओ लेवल की बातचीत जारी है। सूत्रों ने बताया कि भारत-पाकिस्तान में विभिन्न स्तरों पर बातचीत चल रही थी।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ऐसे उठाया मौके का फायदा

सूत्र ने बताया,'' पाकिस्तान के डीजीएमओ ने 10 मई की दोपहर एक बजे टेलीफोन पर बातचीत की इच्छा जताई। हमारे डीजीएमओ एक बैठक में व्यस्त थे। बातचीत साढ़े तीन बजे ही हो पाई। मुझे लगता है कि अमेरिकियों ने पाकिस्तानियों से साढ़े तीन बजे के बाद बातचीत के बारे में पूछा होगा। इसके बाद हमारे डीजीएमओ ने अपने उच्चाधिकारियों से संपर्क किया। उनके डीजीएमओ ने भी ऐसा किया होगा। इस बातचीत के बीच एक गैप आया और अमेरिका से इसी का फायदा उठाया। लेकिन अमेरिका ने कभी भी इस बात का संकेत नहीं दिया कि वो राष्ट्रपति ट्रंप सोशल मीडिया पर आकर इस बातचीत में मध्यस्थता का दावा कर देंगे।''

आतंकी ठिकानों पर सटीक कार्रवाई, युद्ध की बातें बेबुनियाद

मुंबई (आईएएनएस)। शिवसेना प्रवक्ता संजय निरुपम ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर बड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले मैं यह स्पष्ट कर दूं कि भारत की ओर से कोई युद्ध शुरू नहीं किया गया था। जो हुआ, वह आतंकवादी ठिकानों को नष्ट करने के उद्देश्य से की गई सैन्य कार्रवाई थी, जिसे 'ऑपरेशन सिंदूर' कहा गया। 'ऑपरेशन सिंदूर' पहले हुए आतंकवादी हमले के प्रतिशोध के रूप में किया गया था और इसके सभी साक्ष्य और प्रमाण उपलब्ध हैं। निरुपम ने कहा शिमला समझौता अब रद्दी के ढेर से ज्यादा कुछ नहीं है। भारत और पाकिस्तान के बीच संबंध नए संदर्भों में देखे जाने चाहिए। शिमला समझौते को आधार मानकर अब बात करना उचित नहीं है। अगर हम शिमला समझौते को अब भी मानते हैं तो भारत और पाकिस्तान बहुत आगे बढ़ चुके हैं। आपको पाकिस्तान से नए संदर्भों में बात करने की जरूरत है। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से की गई युद्धविराम की घोषणा पर भी टिप्पणी की।

आसमान हमारा ही रहेगा... ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तानी फाइटर प्लेन मिराज नष्ट हुआ

नई दिल्ली/ए.। भारत ने आज पुष्टि की है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एक पाकिस्तानी मिराज लड़ाकू विमान को मार गिराया गया था। भारतीय सेना द्वारा साझा किए गए वीडियो में पाकिस्तानी मिराज का मलबा देखा जा सकता है। प्रेस ब्रीफिंग में एयर मार्शल एके भारती ने बताया कि हमारा टारगेट आतंकी थे, लेकिन पाकिस्तान की सेना ने आतंकियों का साथ और इसे अपनी लड़ाई बना ली। इसलिए पाकिस्तान को होने वाले नुकसान का वो खुद जिम्मेदार है। एयर मार्शल ए के भारती ने बताया, 'हमारी लड़ाई आतंकी ढांचे और आतंकवादियों के खिलाफ थी, लेकिन पाकिस्तानी सेना ने आतंकवादियों का समर्थन करना चुना और संघर्ष को बढ़ाया। एकीकृत वायु कमान और कंट्रोल ने पाक सैन्य हमलों को विफल किया। आकाश मिसाइलें भारतीय सेना द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली हथियार प्रणालियों में से एक थीं। भारतीय वायु रक्षा प्रणाली ने भारतीय प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने के पाकिस्तानी प्रयासों को प्रभावी ढंग से विफल कर दिया। हमारे सभी सैन्य अड्डे और प्रणालियां लगातार पूरी तरह से चालू हैं और किसी भी मिशन को अंजाम देने के लिए तैयार हैं।' एयर मार्शल ए के भारती ने बताया, 'आकाश प्रणाली जैसे स्वदेशी वायु रक्षा हथियारों ने शानदार प्रदर्शन किया। भारत के डिफेंस सिस्टम को भेदना नामुमकिन है। पाकिस्तान के द्वारा दागी गईं चीनी मिसाइलें भी फेल हुईं। भारती ने कहा, 'पाकिस्तान द्वारा इस्तेमाल किए गए ड्रोन और मानवरहित युद्धक हवाई वाहनों की कई लहरों को स्वदेशी रूप से विकसित सॉफ्ट और हार्ड किल काउंटर-यूएएस सिस्टम और अच्छी तरह से प्रशिक्षित भारतीय वायु रक्षा कर्मियों ने नाकाम कर दिया।

पाक हमले में पुंछ के दो गुरुद्वारों को नुकसान

पुंछ (आईएएनएस)। भारत-पाक तनाव के बीच पाकिस्तानी सेना ने जम्मू-कश्मीर के कई रिहायशी इलाकों को निशाना बनाया था। पाकिस्तान की ओर से की गई गोलाबारी में कई आवास समेत धार्मिक स्थलों को भी नुकसान पहुंचा। इन्हीं में पुंछ के दो गुरुद्वारे शामिल हैं, जिन पर पिछले पांच दिनों के दौरान हमला किया गया। पुंछ जिले में पाकिस्तानी सेना ने धार्मिक स्थलों को भी नहीं बख्शा। पाकिस्तानी सेना ने दो गुरुद्वारों को निशाना बनाकर तोप के गोले दागे।

सीजफायर सब के हित में था, अगर परमाणु हमले तक बात पहुंचती तो बहुत बड़ा नुकसान होता : तंखा

नई दिल्ली(आईएएनएस)। भारत और पाकिस्तान डीजीएमओ स्तर की बैठक से पहले कांग्रेस नेता और राज्यसभा सांसद विवेक तंखा ने कहा कि यह एक सामान्य प्रक्रिया है। इसके पहले भी भारत के साथ जब भी ऐसी स्थिति बनी तो डीजीएमओ या कोर कमांडर स्तर की बातचीत होती रही है। ये वार्ता भविष्य की रणनीतियों को तय करने के लिए होती है। इसके साथ ही उन्होंने सीज फायर को देशहित में उठाया सही कदम बताया। समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में विवेक तंखा ने सीजफायर समेत तमाम मुद्दों पर अपनी राय रखी। उन्होंने कहा कि सीजफायर सब के हित में था। अगर तनाव परमाणु हमले तक पहुंच जाता तो बहुत बड़ा नुकसान होता और ऐसे नुकसान की भरपाई में सदियां गुजर जाती हैं। सीजफायर पर डोनाल्ड ट्रंप की मध्यस्थता को तंखा ने सही नहीं बताया। उन्होंने कहा कि सामान्य तौर पर ऐसी स्थिति में अगर कोई मदद करता है तो वह सामने नहीं आता है, बल्कि एक संयुक्त बयान जारी कर दिया जाता है। सीजफायर के मामले में डोनाल्ड ट्रंप ने मध्यस्थता करने के बाद सोशल पोस्ट डालकर सही नहीं किया। तंखा बोले, शायद अमेरिका ने अपनी लीडरशिप और महानता दिखाने के लिए ऐसा किया होगा। वह दिखाना चाहता होगा कि दुनिया में किसी भी दो देशों के बीच तनाव होने पर मध्यस्थता हम ही करते हैं।

शादी के तुरंत बाद सरहद लौटे बेलगावी के दो भाई, दोनों सेना में जवान

बेलगावी(आईएएनएस)। भारत- पाकिस्तान के बीच सीज फायर का ऐलान हो गया है लेकिन सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोई कोताही नहीं बरती जा रही है। हालात सामान्य है लेकिन सैनिकों को फ्रंट पर लौटने का आदेश दिया गया है। इनमें बेलगावी के दो भाई उमेश और संगमेश भी हैं। जो देशभूमि के प्रति अपना कर्तव्य निभाते हुए सरहद को कूच कर गए हैं। कर्नाटक के बेलगावी जिले के सवादट्टी तालुक के असुंदी गांव के चार सैनिक इस समर्पण की मिसाल हैं। अपनी ड्यूटी पर लौटने का फैसला तुरंत कर लिया। इनमें से दो भाई उमेश दयामनायकर और संगमेश दयामनायकर ने सेना में लौटने में तत्परता दिखाई। इनकी शादी 21 अप्रैल को हुई थी। उमेश, जो पिछले छह वर्षों से स्पेशल फोर्स कमांडो यूनिट में सेवा दे रहे हैं, पहले ही जम्मू के लिए रवाना हो गए। वहीं, संगमेश, जो आठ वर्षों से सिग्नल कम्युनिकेशंस में कार्यरत हैं, 14 मई को जम्मू के लिए रवाना होंगे। इसी गांव के यल्लप्पा बसप्पा चिकननावर को भी ड्यूटी पर वापस बुलाया गया है, जिनकी सगाई 28 अप्रैल को हुई थी। इसके अलावा, शिवराज अशोक चिकननावर, जो असम में इलेक्ट्रॉनिक्स एंड मैकेनिकल इंजीनियर्स (ईएमई) टेक्नीशियन के रूप में तैनात हैं, भी अपने बेस पर लौट गए।

खुल गई पोल | एक बार फिर हुआ पाकिस्तानी सेना का झूठ बेनकाब

पाक ने आतंकी हाफिज अब्दुर रऊफ को बताया 'फैमिली मैन'

नई दिल्ली (आईएएनएस)। 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद आतंकी हाफिज अब्दुर रऊफकी वायरल तस्वीर को पाकिस्तान सेना ने 'फैमिली मैन' बताकर खुद को एक बार फिर दुनिया के सामने झूठा साबित किया। खुद को पाक साफ साबित करने के चक्कर में शीर्ष सैन्य अधिकारी ने पाकिस्तानी की कलई खोल दी। उनके दावे ने ही जता दिया कि उनका मुल्क आतंकवाद और आतंकियों को पनाह देता है। दरअसल, भारत-पाक के बीच सीजफायर की घोषणा के बाद, पाकिस्तान की सेना प्रेस को ब्रीफ कर रही थी। इसी दौरान एक पत्रकार की ओर से आतंकी हाफिज अब्दुर रऊफके बारे में सवाल किया गया। इस सवाल के जवाब में पाकिस्तान की सेना ने उसे आतंकी मानने से इनकार किया। कहा, वह आतंकवादी नहीं 'फैमिली मैन' है। लेकिन, पाकिस्तान यह भूल गया कि उसका झूठ पकड़ा जाएगा। पाकिस्तान ने जिसे फैमिली मैन बताया, उसे अमेरिका ने विशेष रूप से नामित 'वैश्विक आतंकवादी' घोषित किया है। इस आतंकी का नाम हाफिज अब्दुर रऊफ है। सोशल मीडिया पर इसकी तस्वीर वायरल होने के बाद पाकिस्तान ने बस अपनी छवि को बचाने का काम किया।

9 आतंकी ठिकानों को तबाह

पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान और पीओके में घुसकर 9 आतंकी ठिकानों को तबाह किया। भारत की इस कार्रवाई में कई आतंकी मारे गए। सोशल मीडिया पर एक तस्वीर वायरल हुई जिसमें आतंकी हाफिज अब्दुर रऊफजनाजे में शामिल है और उसके पीछे पाकिस्तानी आर्मी के लोग दिखाई दे रहे हैं। भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने पाकिस्तान के कथन पर सवाल उठाते हुए कहा, वे दावा करते हैं कि 7 मई को हुए हमलों में केवल नागरिक मारे गए थे। हमने यह बात बहुत स्पष्ट रूप से कही है कि 7 मई की सुबह सभी हमले सावधानीपूर्वक चयनित आतंकवादी ढांचे, आतंकवादी लक्ष्यों के खिलाफ थे।

पाकिस्तानी सेना ने हाफिज अब्दुर रऊफ को अब्दुर रऊफ अजहर के साथ जोड़कर इस मुद्दे को भ्रमित करने की भी कोशिश की है, जो मसूद अजहर का एक और भाई और जैश-ए-मोहम्मद का एक वरिष्ठ कमांडर था, जिसे कथित तौर पर ऑपरेशन सिंदूर में मार दिया गया था। उन्होंने सवाल उठाया कि भारत की ओर से मृत घोषित किए गए किसी व्यक्ति का उसी दिन अंतिम संस्कार कैसे किया जा सकता है। हालांकि, दोनों अलग-अलग व्यक्ति हैं, दोनों ही अंतरराष्ट्रीय निगरानी सूची में हैं।

संक्षिप्त खबरें

राजभवन में मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान, राज्यपाल रमेन डेका बोले- मनचाहे क्षेत्र में लगन और परिश्रम से बढ़ें आगे

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में टॉप करने वाले रायपुर जिले के मेधावी विद्यार्थियों का आज राजभवन में सम्मान किया गया। इस दौरान राज्यपाल रमेन डेका ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी और उन्हें मेडल, स्मृति चिन्ह और 5,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया. राज्यपाल रमेन डेका ने इस मौके पर कहा कि बच्चों के सामने बेहतर भविष्य है. वे जिस क्षेत्र में कैरियर बनाना चाहते है, उस क्षेत्र में लगन और परिश्रम के साथ आगे बढ़े. जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए अनुशासन का बहुत बड़ा योगदान होता है. विद्यार्थी अनुशासन का पालन करें. अध्ययन के साथ-साथ योग, ध्यान और खेल गतिविधियां भी करें. अपने माता-पिता और गुरूजनों का सम्मान करें. मानवीय गुणों और परस्पर सहयोग की भावना के साथ-साथ अपने आस-पास के प्रति भी जागरूक रहते हुए जीवन का आनंद उठाएं।इस कार्यक्रम में विधायक पुरंदर मिश्रा भी शामिल हुए. उन्होंने बच्चों से कहा कि आप शिक्षा के माध्यम से अपने भविष्य को उज्जवल बनाएं और प्रदेश का नाम रोशन करें.कार्यक्रम में रमेन डेका ने प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले कक्षा 10वीं की कुमारी साई संजना, नमन कुमार ठाकुर, केतन साहू, कुमारी खुशबू सेन, कुमारी पूर्वी साहू, महक, राम सोनी, कुमारी नेहा चक्रधारी, कुमारी काव्या वर्मा, कुमारी दिव्या तिवारी, चित्रांश देवांगन को सम्मानित किया. इसी तरह कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा के मेरिट में स्थान प्राप्त करने वाली कुमारी पल्लवी वर्मा, कुमारी रूचिका साहू, कुमारी कीर्ति यादव, कुमारी रूची कल्यानी, कुमारी भूमिका देवांगन को सम्मानित किया गया.

रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ समर कैम्प का समापन

रायपुर/नवप्रदेश। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा आयोजित प्रेरणा समर कैम्प का समापन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ सम्पन्न हुआ। शान्ति सरोवर मे आयोजित समापन समारोह में छ.ग. राज्य औद्योगिक केन्द्र विकास निगम के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल,दीनदयाल उपाध्याय स्वास्थ्य एवं आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पी.के. पात्रा, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के निदेशक लेफ्टिनेण्ट जनरल अशोक जिन्दल, रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी और ब्रह्माकुमारी रूचिका दीदी ने विचार व्यक्त किए। छ.ग. राज्य औद्योगिक केन्द्र विकास निगम के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल ने समर कैम्प आयाजित करने के लिए ब्रह्माकुमारी संस्थान की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्थान समर कैम्प के माध्यम से बच्चों के जीवन को संवारने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आजकल माता-पिता को बच्चों की चिन्ता कम हो गई है। सब बच्चों के हाथों में मोबाईल आ गई है। बच्चे स्कूल से आकर माबाईल में व्यस्त हो जाते हैं। उनकी आंखें कमजोर हो रही हैं। उनकी फिजीकल एक्टीवीटी खत्म हो गई है। खेलकूद में उनकी रूचि नहीं रही। फलस्वरूप बच्चों का मानसिक स्तर कमजोर होता जा रहा है। इसके लिए माता-पिता को दोषी बतलाते हुए उन्होंने कहा कि बच्चों को फिजीकल एक्टीवीटी के लिए प्रेरित करने की जरूरत है। दीनदयाल उपाध्याय स्वास्थ्य एवं आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पीके पात्रा ने अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नैतिक मूल्यों के बिना जीवन आसुरियत से भरा हो जाता है।

निगम क्षेत्र में नल शुरू होते ही बिजली कटौती करने का फरमान एक बार फिर

रायपुर। महापौर और पार्षदों की नाराजगी को जनरअंदाज करते हुए फिल्टर प्लांट भाटागांव के प्रभारी ने एक बार फिर नल शुरू होते हुए बिजली बंद करने का निर्देश दे दिया है। भाटागांव फिल्टर प्लांट के जल अधिकारी कार्यपालन अभियंता परेन्द्र नरसिंह ने बताया कि पिछले कई दिनों से यह आदेश लिया गया था, लेकिन जनता और पार्षदों के विरोध के चलते इसे वापस ले लिया गया। लेकिन आज सोमवार 12 मार्च से यह प्रयोग शुरू कर दिया गया है। इस आदेश के कई सकारात्मक परिणाम सामने आए है। राजधानी में कुल 70 वार्ड हैं, जिसमें से अधिकांश वार्डों में पेयजल संकट है। इन वार्डों में पानी की सामान्य आपूर्ति करने के लिए आदेश दिया गया था, लेकिन लोगों को कहना है कि सुबह लाईट में कटौती कर दिया जाता है। जिसके कारण परेशानी होती है। महापौर ने भी स्थिति सुधारने का निर्देश दिया है। राजधानी के कई वार्डों में पानी की आपूर्ति टैंकर के माध्यम से की जा रही है। इस समय गर्मी में लोग बिजली कटौती होने से परेशान हैं, कई वार्ड टैंकर के भरोसे हैं। कई पार्षदों से इसे सुधारने की मांग की है। ब्राह्मण पारा, लाखेनगर सहित कई वार्ड पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। बाहरी वार्डों में भी यही स्थिति है।

सीएम विष्णु देव साय ने विराट कोहली के संन्यास पर दी प्रतिक्रिया

कहा- टेस्ट क्रिकेट में उनकी यात्रा वैश्विक खेल जगत के लिए एक स्वर्णिम अध्याय

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और महान बल्लेबाज विराट कोहली द्वारा टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा के बाद देशभर से प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भी विराट कोहली के क्रिकेट करियर को 'एक स्वर्णिम अध्याय' बताया है।मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विराट कोहली को अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर टैग करते हुए लिखा, देश के गौरव, क्रिकेट के दिग्गज बल्लेबाज़ विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की है। टेस्ट क्रिकेट में उनकी यह यात्रा न केवल भारतीय क्रिकेट के लिए बल्कि वैश्विक खेल जगत के लिए एक स्वर्णिम अध्याय रही है।उन्होंने देश के लिए अनेक महत्वपूर्ण पारियां खेली हैं और भारत को जीत दिलाई है एवं अपने करोड़ों प्रशंसकों को गौरव की अनुभूति कराई है। टेस्ट क्रिकेट में उनका योगदान सदैव भारतीय क्रिकेट और युवाओं की प्रेरणा के रूप में स्मरणीय रहेगा।

गौरतलब है कि हाल ही में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। रोहित के संन्यास लेने के 5 दिन बाद विराट कोहली ने भी क्रिकेट के सबसे पुराने फॉर्मेट से विदाई ले ली है। इस तरह स्टार बल्लेबाज़ के 14 साल के लंबे युग का अंत हो गया है। 269 विराट की टेस्ट कैप का नंबर है।

विराट कोहली 2014 में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारत के नियमित टेस्ट कप्तान घोषित किए गए थे। तब महेंद्र सिंह धोनी ने बीच दौरे पर टेस्ट से संन्यास का ऐलान कर दिया था। इसके बाद कोहली साल 2022 तक टेस्ट में भारत की कप्तानी करते रहे। साल 2022 की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका के दौरे के बाद कोहली ने टेस्ट की कप्तानी छोड़ दी थी।

कोहली टेस्ट क्रिकेट में सबसे सफल भारतीय कप्तान रहे। उनकी कप्तानी में टीम इंडिया ने 68 मैचों में 40 जीत दर्ज की और 17 में हार का सामना किया। टीम ने इस दौरान 11 मैच ड्रॉ भी खेले। विराट की जीत का प्रतिशत 58.82 रहा, जो पूर्व कप्तानों सौरव गांगुली, एमएस धोनी और मोहम्मद अजहरुद्दीन जैसे दिग्गजों से ज्यादा है। कोहली की कप्तानी में भारत ने सबसे ज़्यादा समय तक टेस्ट में नंबर एक टीम रहने का रिकॉर्ड बनाया। साथ ही टीम ने विदेशी ज़मीन पर कई इतिहास रचे।

कोहली से पहले ही रिटायरमेंट ले चुके हैं। उन्होंने पिछले साल ञ्20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब जीतने के साथ ही ञ्20 इंटरनेशनल फॉर्मेट को अलविदा कह दिया था। विराट अब रोहित के साथ सिर्फ वनडे क्रिकेट खेलते नजर आएंगे।

भारत के सबसे सफल टेस्ट कप्तान हैं कोहली

विराट कोहली ने 20 जून 2011 को भारत के लिए टेस्ट डेब्यू किया था और आखिरी मुकाबला उन्होंने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 में खेला, जो सिडनी में 3 जनवरी 2025 से खेला गया था। अपने 14 साल के टेस्ट करियर के दौरान उन्होंने 123 टेस्ट मैचों की 210 पारियों में 46.85 के औसत से 9230 रन बनाए। इसमें सात दोहरे शतक समेत कुल 30 शतक और 31 अर्धशतक शामिल हैं। 13 बार वे इस फॉर्मेट में नाबाद रहे। 1027 चौके और 30 छक्के उन्होंने अपने टेस्ट करियर में जड़े।

रायपुर में सड़क हादसे में 13 की मौत, 14 घायल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा थाना क्षेत्र अंतर्गत सारागांव के पास खरोरा क्षेत्र में रविवार रात सड़क हादसा हुआ, जिसमें 13 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और 14 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसा बंगोली गांव के पास उस वक्त हुआ जब माजदा वाहन और ट्रेलर की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। मृतकों में चार बच्चे और नौ महिलाएं शामिल हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी लोग बाना गांव में एक छठी कार्यक्रम में शामिल होकर अपने गांव आरंग के चटौद लौट रहे थे। माजदा वाहन में करीब 50 लोग सवार थे। जब वाहन बंगोली गांव के पास पहुंचा, तभी सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि माजदा के परखच्चे उड़ गए और कई लोग वाहन में ही फंस गए।अब तक इस हादसे में जान गंवाने वाले 13 लोगों की पहचान हो चुकी है। मृतकों के नाम टिकेश्वरी साहू (45), मनहोरा, धरसीवा कुमारी महिमा साहू (18), गोंदवारा एकलव्य साहू (6), मोहंदी, धरसीवा प्रभा साहू (34), मोहंदी, धरसीवा नंदिनी साहू (53), मोहंदी, धरसीवा उमंग साहू (5 माह), आनंदगांव, बेमेतरा वर्षा साहू (28), आनंदगांव, बेमेतरा गीता साहू (54), मोहंदी, धरसीवा राजवती साहू (60), नगपुरा मंदिर, हसौद कृति साहू (50), चटौद, विधानसभा थाना कुंती साहू (55), चटौद, विधानसभा थाना टिकेश्वर साहू (35), चटौद, विधानसभा थाना भूमि साहू (4) वर्ष के तौर पर हुयी है।

खरोरा सड़क दुर्घटना पर मुख्यमंत्री ने गहरा शोक व्यक्त किया

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने खरोरा क्षेत्र में हुई भीषण सड़क दुर्घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की है। इस दुखद घटना में 13 लोगों की मृत्यु तथा 14 अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं।मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि खरोरा में हुए भीषण सड़क हादसे की खबर अत्यंत पीड़ादायक है। मैं दिवंगत आत्माओं की शांति और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि संकट की इस घड़ी में राज्य सरकार पीड़ित परिवारों के साथ पूरी संवेदनशीलता के साथ खड़ी है।मुख्यमंत्री श्री साय ने घायलों के समुचित उपचार हेतु अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं।

रायपुर में हुआ छत्तीसगढ़ न्यूट्रिशन एजुकेशन प्रोग्राम

- देशभर से 60 से अधिक डाइटिशियन और न्यूट्रिशन एक्सपर्ट्स ने लिया हिस्सा

रायपुर/नवप्रदेश।न्यूट्रिशिल्प और MMI नारायणा सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित छत्तीसगढ़ न्यूट्रिशन एजुकेशन प्रोग्राम रायपुर में अत्यंत सफल रहा। इस एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में देशभर से लगभग 60 डाइटिशियन और न्यूट्रिशन प्रोफेशनल्स ने भाग लिया और न्यूट्रिशन क्षेत्र में अपने ज्ञान को नई दिशा दी।

कार्यक्रम का उद्देश्य न्यूट्रिशनिस्ट्स को आधुनिक विज्ञान, रिसर्च और क्लिनिकल प्रैक्टिस से जोड़ना था, ताकि वे अपने प्रोफेशनल करियर में और भी प्रभावशाली भूमिका निभा सके। कार्यक्रम सुबह 8 बजे शुरू हुआ और शाम 7 बजे तक चला, जिसमें प्रतिभागियों ने थ्योरी से लेकर केस स्टडी, डेमोंस्ट्रेशन और इंटरेक्टिव सेशन्स का अनुभव प्राप्त किया।कार्यक्रम में देश के तीन प्रमुख न्यूट्रिशन एक्सपर्ट्स ने अपने विषयों पर मार्गदर्शन दिया। मुंबई डाइट एंड हेल्थ सेंटर से जुड़ीं वरिष्ठ डाइटिशियन शिल्पा जोशी ने Carb Counting विषय पर गहन जानकारी दी।

बुद्ध जयंती पर राजधानी में अनेक कार्यक्रम हुए

रायपुर। महापौर एवं सभापति ने आज बुद्ध जयंती पर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की है। बुद्ध जयंती पर आज राजधानी के विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम हुए। करूणा और शांति के प्रतीक भगवान बुद्ध के जन्म दिवस पर उनके शिष्यों ने याद किया। आज नर्स दिवस भी मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न चिकित्सालयों में अलग-अलग कार्यक्रम हुए।

विदेश में गूंजा छत्तीसगढ़ का नाम, डॉक्टर न्यूरो सर्जन ने अपनी टीम के साथ स्पाईन सर्जरी की

रायपुर/नवप्रदेश। अब तक आपने सुना होगा कि मेट्रो सिटी या दूसरे देशों के डॉक्टर मरीजों की सर्जरी करने रायपुर आते हैं। लेकिन अब समय बदल गया है और छत्तीसगढ़ का नाम भी अब दूसरे देशों में गूंजने लगा है। अब छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के न्यूरो सर्जन ने Egypt में प्रदेश का नाम रौशन किया है। राजधानी रायपुर के न्यूरो सर्जन डॉ राहुल अहलूवालिया ने Egypt जाकर 7 मरीजों की स्पाईन सर्जरी की है और रविवार को वे रायपुर लौंटे है।

कोटा स्थित सुयश हॉस्पिटल के न्यूरो सर्जन डॉ. राहुल अहलूवालिया ने खास बातचीत की. उन्होंने बताया कि ये प्रदेश के लिए गर्व की बात है कि अब यहां के डॉक्टर Egypt में न केवल स्पाईन सर्जरी कर रहे है बल्कि अफ्रीका के 50-60 न्यूरो सर्जन डॉक्टरों को वे बॉय पोर्टल एंडोस्कोपी (एंडोस्कोपी सर्जरी की एडवांस तकनीक) के बारे में लेक्चर देकर भी आएं है।

डॉ राहुल ने बताया क ये 7 सर्जरी उन्होंने 7, 8 और 9 मई को की. इसके बाद वहां उन्होंने डॉक्टरों को इस तकनीक के बारे में अवेयर भी किया और वे अब रायपुर पहुंचे है। वे कहते है कि छत्तीसगढ़ न्यूरोलॉजी डिपार्टमेंट के वे पहले ऐसे डॉक्टर बन गए है जिन्होंने दूसरे देश में जाकर मरीजों की लाईव सर्जरी की हो. बता दें कि इससे पहले भी वो पिछले वर्ष Egypt कैडेवर सर्जरी करने गए थे और इस साल सितंबर में वे पुनः जाने वाले हैं।

ABCDEFG थैंक्यू-थैंक्यू सीएम जी समायोजन के फैसले से खुशी की लहर

बीएड सहायक शिक्षकों ने निकाली आभार रैली

रायपुर/नवप्रदेश। साय कैबिनेट की 30 अप्रैल को हुई बैठक में बर्खास्त 2,621 बी.एड. डिग्रीधारी सहायक शिक्षकों को बड़ी राहत दी गई। सभी सहायक शिक्षकों के समायोजन किए जानें का फैसला लिया गया। राज्य सरकार द्वारा सहायक शिक्षक (प्रयोगशाला विज्ञान) के पद पर समायोजन किए जाने के निर्णय को लेकर आज रायपुर में हजारों की संख्या में शिक्षकों ने आभार रैली निकाली. इस दौरान शिक्षकों ने ABCDEFG थैंक्यू थैंक्यू सीएम जी' नारे लगाए.राजधानी रायपुर के इंडोर स्टेडियम से लेकर सुभाष स्टेडियम तक यह रैली निकाली गई. इस आभार रैली में प्रदेश के कोने-कोने से सहायक शिक्षक शामिल होने के लिए पहुंचे। शिक्षकों ने समायोजन के फैसले का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और शिक्षा विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया, साथ ही समायोजन प्रक्रिया को पारदर्शी और न्यायसंगत बनाने की मांग भी दोहराई। रैली में उमड़े अभूतपूर्व जनसैलाब ने यह साफ कर दिया कि प्रदेश के बी.एड. प्रशिक्षित शिक्षक सरकार के साथ सहयोग करने को पूरी तरह तैयार हैं। वे न सिर्फ शिक्षा व्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, बल्कि इसकी मजबूती में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प भी दोहरा रहे हैं।

खुलासा

ट्रेनों में चोरी करने वाले गिरोह का जीआरपी ने किया भंडाफोड़

जीआरपी ने 65 लाख की चोरी में की रिकवरी

रायपुर। श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा के एसपी बनने के बाद अब जीआरपी एक्टिव हो गई है और उनके नेतृत्व में ही चोरी के एक बड़े मामले में रिकवरी की है। चंद दिनों पहले ही जीआरपी ने चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा किया था, लेकिन तब करीब 60 लाख के हीरे की ज्वेलरी बरामद नहीं की जा सकी थी, लेकिन आज जीआरपी ने चोरी हुए कुल गहनों में 2 अंगूठियों को छोड़कर 60 लाख से अधिक के गहनों की रिकवरी कर ली है। जीआरपी ने इस मामले में राउरकेला के एक बड़े ज्वेलरी व्यापारी शेखर प्रसाद दास पिता नारायण दास को अरेस्ट कर लिया है।

जीआरपी एसपी श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा ने बताया कि उक्त हीरे की ज्वेलरी को आरोपी ने सस्ते में खरीदने के लिए अपने भांजे को मोहरा बनाया और इसे 11 लाख रुपए में खरीदा और इसे वे 60-70 लाख रुपए में बेचने की फिराक में था। चूंकि ज्वेलरी हीरे की थी इसलिए वे इसके साथ किसी प्रकार की छेड़खानी नहीं कर सका, उनका कहना था कि यदि ज्वेलरी सोने की होती तो चोरी के बाद आरोपी इसे तुरंत गला देते है।

एसपी ने बताया कि आरोपियों से अभी पूछताछ जारी है और अब तक की पूछताछ में छत्तीसगढ़ में हुई करीब 5 चोरियों का खुलारा जल्द जीआरपी करने वाली है।

रायपुर की सांवरिया होटल में रूकते थे चोर-आरोपियों से पूछताछ में जीआरपी को जानकारी मिली की रेलवे स्टेशन क्षेत्र में मौजूद सांवरिया होटल में चोर वारदात को अंजाम देने से पहले रूकते थे। टीम की जांच में ये भी बात सामने आई है कि आरोपियों ने होटल में गलत आईडी दी, यही कारण है कि आरोपियों तक पहुंचने में जीआरपी को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

नहीं मिले सीसीटीवी फुटेज-जीआरपी के सूत्र बताते है कि चोरी के बाद पहले आरपीएफ ने ये दावा किया कि शिवनाथ एक्सप्रेस में लगे कैमरे से फुटेज मिलने की उम्मीद है। लेकिन बाद में पता चला कि कैमरे एसी-3 में लगे है और चोरी एसी-2 बोगी से हुई थी। जहां से कोई फुटेज जीआरपी को नहीं मिले। इसके बाद जीआरपी ने आरपीएफ से दुर्ग और भिलाई रेलवे स्टेशन के फुटेज मांगे। लेकिन उक्त ट्रेन जहां यात्री बैठे थे वहां के कोई भी सीसीटीवी फुटेज (रेलवे स्टेशन के) नहीं मिल सके।

सीसीपीएल सेशन-2 : जून में छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग का होगा आगाज

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के क्रिकेट प्रेमियों के लिए बड़ी खुशखबरी सामने आई है। आगामी 15 जून से CCPL यानी छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग के दूसरे सीजन का आगाज होने जा रहा है। पिछले सीजन की तुलना में इस बार कई बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे। छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ इसकी अंतिम तैयारियों में जुटा हुआ है। नवा रायपुर स्थित शहीद वीरनारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की सुविधाओं को भी अपग्रेड किया जा रहा है, ताकि आयोजन की गुणवत्ता और दर्शकों का अनुभव दोनों ही बेहतर हो।

घरेलू क्रिकेट में पहली बार DRS का इस्तेमाल-बता दें कि CCPL में इस बार अंतराष्ट्रीय मैचों की तर्ज पर DRS (डिसीजन रिव्यू सिस्टम) सिस्टम लागू किया जाएगा। यह अब तक केवल अंतरराष्ट्रीय मैचों और इंडियन प्रीमियर लीग में देखने को मिलता था। इस सिस्टम के तहत, प्रत्येक टीम को तीन रिव्यू मिलेंगे, जिनका उपयोग वे ग्राउंड अंपायर के फैसले को चैलेंज करने के लिए कर सकते हैं। यह पहली बार है जब घरेलू क्रिकेट लीग में इस अत्याधुनिक तकनीकी प्रणाली का इस्तेमाल किया जाएगा, जिससे खेल के फैसले और भी निष्पक्ष और सटीक होंगे। CPL में इस बार इंटरनेशनल कमेंटेटर्स की कमेंट्री होगी, जो पहले ही अंतरराष्ट्रीय मैचों में काम कर चुके हैं। लीग के लिए 10 अंतरराष्ट्रीय कमेंटेटरों की सूची तैयार की गई है।

आईएएस-आईपीएस अफसरों का छत्तीसगढ़ में नहीं लग रहा मन

रायपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय प्रशासनिक सेवा के कई अधिकारी अब दिल्ली जाने के लिए प्रयास कर रहे हैं। इनमें से कई ऐसे अधिकारी हैं, केन्द्र द्वारा इम्पैनल किया गया है। इसमें कई आईपीएस अधिकारी भी शामिल है। भारत देश का भांचा संघात्मक है, लेकिन एकात्मक बनाया गया है। जिसके चलते प्रशाासन के कुल स्वीकृत पदों के 25 प्रतिशत अधिकारी के न्द्र बुलाए जा सकते हैं। केन्द्र शासन द्वारा आईएस, आईपीएस अधिकारियों की सूची बनाई जाती है। राज्य शासन के अनुमति से केन्द्र की सेवाओं में चले जाते हैं।

सुविचार

इंसान को उसकी जिंदगी कभी नहीं रूलाती, रूलाते तो वे लोग हैं जिन्हें वह अपनी जिंदगी समझ बैठता है। - अज्ञात

गोली का जवाब गोले से देना जरूरी

भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ चलाये गए ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान तीन दिनों के भीतर ही घुटनों पर आ गया। उसने भारत से संघर्ष विराम की फरियाद की तो भारत ने भी बाप होने का फर्ज निभाते हुए संघर्ष विराम पर अपनी सहमति जता दी लेकिन भारत ने संघर्ष विराम की घोषणा अपनी शर्तों पर की है। भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि यदि अब पाकिस्तान ने कोई गुस्ताखी की तो उसे मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा और ऐसा करने के लिए भारतीय सेना ने रोडमैप तैयार का लिया है। भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय सेनाओं और सुरक्षाबलों को निर्देश दे दिया है कि यदि पाकिस्तान से गोली चलती है तो भारतीय सेना उसका जवाब गोले से दे। गौरतलब है कि ऑपरेशन सिंदूर के तरफ भारतीय सेना ने पाकिस्तान के न सिर्फ कई आतंकी अड्डों को तबाह किया है बल्कि भारतीय सेना की कार्यवाही में सौ से ज्यादा आतंकवादी भी मारे गये हैं। वहीं लगभग 40 पाकिस्तानी सैनिक भी मारे जा चुके हैं। भारतीय सेना ने जो शौर्य दिखाया है। उससे पाकिस्तान घुटनों पर आ गया है। भारतीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारतीय सेना ने पहली बार ब्रम्होस का उपयोग किया, जिसकी गूंज रावलपिंडी तक सुनाई दी थी। पाकिस्तान ने परमाणु बम की जो गिदड़भभकी दी थी, वह भी भारतीय सेना के हौंसलों को कम नहीं कर पाई। वास्तव में आपरेशन सिंदूर भारत की राजनीतिक, समाजिक और सामरिक ईच्छा शक्ति का प्रतीक बन गया है। आपरेशन सिंदूर को लीड करने वाली कर्नल सोफिया कुरैशी ने भी भारतीय सेना द्वारा तीन दिनों तक चलाए गए आपरेशन सिंदूर से हुई पाकिस्तान को क्षति का ब्यौरा देते हुए पाकिस्तान को चेतावनी दी है कि यदि उसने संघर्ष विराम का उल्लंघन करने का दु:साहस किया तो आपरेशन सिंदूर तेज किया जाएगा और पाकिस्तान को इसके गंभीर दुष्परिणाम भुगतने पड़ेंगे। भारत ने यह भी साफ कर दिया है कि संघर्ष विराम का यह मतलब नहीं है कि भारत सिंधु जल समझौता बहाल कर देगा। भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ पूर्व में जो भी कड़े फैसले लिए हैं, उस पर भारत कायम रहेगा। संघर्ष विराम का मतलब सिर्फ यही है कि यदि पाकिस्तान भारत के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं करता है तो भारत भी उसके खिलाफ सैन्य कार्यवाही नहीं करेगा। लेकिन यदि पाकिस्तान संघर्ष विराम को तोड़ता है या फिर भारत में किसी आतंकी घटना को अंजाम देता है तो इसे भारत युद्ध के रूप में देखेगा और उसी तरह का कड़ा जवाब देगा। इस बीच भारत ने पाकिस्तान को एक बार फिर अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर बेनकाब करने की तैयारी भी शुरू कर दी है बहुत जल्द भारत की एक टीम आंतकवाद के सबूत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को सौंपने जा रही है। कुल मिलाकर भारत पाकिस्तान के खिलाफ अपने कूटनीतिक प्रयास भी जारी रखे हुए हैं। ताकि पाकिस्तान को एक आतंकवादी देश घोषित कराया जा सके। बहरहाल संघर्ष विराम की घोषणा के बाद से भारत-पाक सीमा पर अब जनजीवन सामान्य होने लगा है लेकिन पाकिस्तान की कथनी और करनी में बहुत फर्क है। वह कभी भी संघर्ष विराम को तोड़ने की हिमाकत कर सकता है। यदि ऐसा हुआ तो भारतीय सेना गोली का जवाब गोले से देकर उसकी हेकड़ी निकाल कर रख देगी।

संसद का विशेष सत्र बुलाने का औचित्य

भारत और पकिस्तान के बीच जंग के हालात निर्मित होने के बाद से प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग पर अड़ी हुई है। पिछले दिनों सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई थी और उसमें पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना द्वारा की जा रही सैन्य कार्यवाही की पूरी जानकारी दी थी। उस सर्वदलीय बैठक में भी कांग्रेस ने संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग उठाई थी लेकिन सरकार ने इस मांग पर विचार नहीं किया। वास्तव में जब दोनों देशों के बीच जंग के हालात बन गए थे तो संसद का विशेष सत्र बुलाने का कोई औचित्य नहीं था। रही बात विपक्ष को विश्वास में लेने की तो सरकार ने एक नहीं बल्कि दो बार सर्वदलीय बैठक बुलाकर विपक्ष को पूरी जानकारी दे दी थी और विपक्ष के सुझावों पर भी गंभीरतापूर्वक विचार किया था। अब भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम हो गया है तो इस मुद्दे पर भी चर्चा कराने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर संसद का विशेष सत्र बुलाने की अपनी मांग दोहराई है। हालांकि इस मुद्दे पर संसद का विशेष सत्र बुलाने का कोइ औचित्य नहीं है लेकिन यदि विपक्ष ऐसा चाहता है तो सरकार को संसद का एक द्विवसीय विशेष सत्र बुला लेना चाहिए ताकि संघर्ष विराम को लेकर विपक्ष जो सवाल खड़े कर रहा है, उसका जवाब देकर विपक्ष को संतुष्ट किया जा सके।

नीरज मनजीत

जैसा कि रक्षा मंत्रालय की शनिवार की प्रेस कॉन्फ्रेंस में व्योमिका सिंह और सोफ़िया कुरैशी ने शालीनता से जानकारी दी कि इस संक्षिप्त युद्ध में पाकिस्तान के सैन्य ठिकानों को भारी नुक़सान हुआ है। जबकि भारत के एस 400 डिफेंस सिस्टम ने पाक आर्मी की तरफ़से भेजे गए सैकड़ों ड्रोन हमलों और मिसाइलों को पूरी तरह नाकाम किया है। भारत की सेनाओं ने पाक आर्मी को बड़ी ही खूबी से समझा दिया है कि पाकिस्तान का हर शहर भारतीय मिसाइलों की जद में है और अब उनकी थोड़ी सी गुस्ताख़ी भी उसे काफ़ी भारी पड़ेगी। दुनिया जानती है कि भारत पूरी गरिमा और शक्ति से शांति का पक्षधर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी बुद्ध महावीर और गाँधी के सिद्धांतों पर चलने वाले और वैश्विक बिरादरी में इन विचारों को प्रचारित करने वाले वैश्विक राजनेता हैं। इसीलिए वे जब भी राष्ट्रपति पुतिन से मिलते, तो यही कहते कि यह वक़्त युद्ध का नहीं है, बल्कि बातचीत के जरिए कूटनीतिक कोशिशों से मसले सुलझाए जाने चाहिए। इन्हीं विचारों के चलते प्रधानमंत्री मोदी और उनके प्रशासन ने अपनी शर्तों पर युद्ध रोकने का निर्णय लिया है। साथ ही यह भी जता दिया है कि भविष्य में किसी भी दहशतगर्दी को युद्ध की शुरुआत माना जाएगा और पहले से ज़्यादा कड़ा प्रहार किया जाएगा।

युद्ध रोककर भारत ने दिया बुद्ध का संदेश

शनिवार की शाम को बहुत ही अच्छी ख़बर मिली कि भारत और पाकिस्तान सीजफायर के लिए सहमत हो गए हैं। इसे एक समझौता कहना ज़्यादा ठीक होगा, क्योंकि भारत की ओर से युद्ध का कोई ऐलान नहीं किया गया था, बल्कि यह कहा गया था कि यह सिर्फ आतंकियों के विरुद्ध सैन्य कार्रवाई है। अमेरिका के राष्ट्रपति ने ट्वीट करके इस बात करके जानकारी दी। शनिवार को दोपहर 3.35 बजे पाकिस्तान के डायरेक्टर जनरल मिलिट्री ऑपरेशंस लेफ्टिनेंट (DGMO) जनरल इफ़्तिख़ार अली ने भारत के डायरेक्टर जनरल मिलिट्री ऑपरेशंस (DGMO) लेफ़्टिनेंट जनरल राजीव घई को फोन करके सीजफायर की पहल की थी। इसके बाद 5 बजे से सरहदों पर युद्धविराम पूरी तरह लागू हो गया है। अमेरिका पिछले दो दिनों से सीजफायर के लिए सहमति बनाने का प्रयास कर रहा था। विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर, सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से लंबी बातचीत की थी। इधर उन्होंने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ और सैन्य प्रमुख आसिम मुनीर से भी सख़्ती से बात करके कहा था कि वे इस युद्ध को आगे ले जाने की कोशिश न करें। कल ही आईएमएफ ने पाकिस्तान को 12 हजार करोड़ रुपए के कर्ज की मंजूरी दी है। अमेरिका की इशारे के बगैर पाकिस्तान को यह पैकेज कभी नहीं दिया जा सकता था। स्पष्ट है कि आईएमएफकी पहली शर्त यही होगी कि पाकिस्तान ही सीज़फायर की पहल करे। पर्दे के पीछे सऊदी अरब, यूएई, कतर भारत के साथ थे, किंतु वे भी सामने से अमन क़ायम करने और संयम बरतने की अपील कर रहे थे।

शनिवार दोपहर के बाद से घटनाक्रम नाटकीय रूप से हर घंटे बदल रहा था। शाम 5 बजे विदेश सचिव विक्रम मिसरी बड़े ही सधे हुए शब्दों में युद्ध रोकने के समझौते का ऐलान करते हैं। शाम 6 बजे रक्षा मंत्रालय की प्रेस कॉन्फ्रेंस होती है। उस वक्त तक सब कुछ ठीक लग रहा था। एकाएक रात 9 बजे के आसपास खबरें आती हैं कि पाकिस्तान की ओर से जम्मू श्रीनगर सहित पंजाब, राजस्थान और गुजरात के सीमावर्ती शहरों में बड़े पैमाने पर ड्रोन हमले किए जा रहे हैं। अच्छी बात थी कि भारतीय सेना अलर्ट मोड में थी, इसलिए हमारे डिफेंस सिस्टम ने इन सारे हमलों को नाकाम कर दिया। लाइन ऑफ कंट्रोल पर भी गोलीबारी शुरू हो गई थी। इंडियन आर्मी ने जब जवाबी हमले किए, तो 10 बजे तक सब कुछ शांत हो गया। सीमावर्ती शहरों से ब्लैकआउट हटाकर सारी बत्तियाँ जला दी गईं। एलओसी पर गोलीबारी भी रुक गई। रात 11 बजे एक बार फिर विदेश सचिव विक्रम मिसरी मीडिया को ब्रीफ करते हैं कि पाकिस्तान ने बड़े पैमाने पर सीजफायर का घोर उल्लंघन किया है और भारतीय सेनाएं इस हिमाकत का मुंहतोड़ जवाब दे रही हैं। ठीक इसी वक्त चीन की ओर से बयान आता है कि वह इस संघर्ष में पूरी तरह पाकिस्तान के साथ खड़ा है। युद्ध के दौरान चीन पहली बार खुलकर सामने आया है। इस ऐलान के फौरन बाद चीन के विदेश मंत्री वांग यी भारत के सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल को फ़ोन करके संयम बरतने की अपील करते हैं। जवाब में डोभाल दृढ़ता से कहते हैं कि पहलगाम में हमले की शुरुआत पाकिस्तान ने की है, हम तो सिर्फ दहशतगर्दों के खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं।

इस घटनाक्रम का विश्लेषण किया जाए तो एक बात साफ हो जाती है कि पाकिस्तान में शहबाज शरीफ़ और आसिम मुनीर के बीच कत्तई नहीं पट रही है, इसीलिए सरकार के सीजफायर के ऐलान के बाद पाक आर्मी ने रात 9 बजे समझौता तोड़ा। दूसरी बात यह है कि पाक आर्मी के अफसरों के बीच भी गंभीर मतभेद हैं। तीसरा बड़ा ही अहम तथ्य यह है कि पाक आर्मी, दहशतगर्द और आईएसआई की किसी भी बात पर, किसी भी कीमत पर भरोसा नहीं किया जा सकता। भारत से ज्यादा इस तथ्य को अच्छी तरह कौन जानता है कि पीठ पर चाकू मारना पाकिस्तान की फ़ितरत रही है। जहां तक चीन का सवाल है वह अमेरिका से तो पहले से चिढ़ा बैठा है, इसलिए जैसे ही ट्रम्प प्रशासन के समझाने पर सीजफायर पर सहमति बनी, तो चीन ने खुलकर पाकिस्तान के सर पर अपना हाथ रख दिया। उसके फौरन बाद चीन के विदेश मंत्री अजीत डोभाल को फ़ोन करते हैं। मतलब साफ़है चीन कत्तई नहीं चाहता कि भारत पूरी तरह अमेरिका के ब्लॉक में चला जाए। पाकिस्तान को सपोर्ट करके वह भारत को दबाव में रखना चाहता है। ज़ाहिर है कि जाने अनजाने भारत एक बार फिर अमेरिका और चीन के बीच चल रही कूटनीतिक एवं व्यापारिक रस्साकशी में उलझ गया है।

इस सीजफायर को लेकर मिलीजुली प्रतिक्रियाएं देखी जा रही हैं। हम मानते हैं कि इस समझौते का स्वागत किया जाना चाहिए। भारत ने बड़े ही संयम, सब्र, मर्यादा और अतुलनीय साहस दिखाते हुए पाकिस्तान के दहशतगर्द ठिकानों पर कठोर प्रहार करके उन्हें नष्ट किया है। भारत की तीनों सेनाओं ने बेहतरीन तालमेल और अभूतपूर्व शौर्य दिखाते हुए यह लड़ाई लड़ी और नैतिक, रणनीतिक जीत हासिल की है। आतंकवादियों और पाक आर्मी को कड़ा सबक देना इस लड़ाई का लक्ष्य था और भारतीय सेनाएं अपने उद्देश्य में सौ फीसदी सफल रही हैं। जैसा कि रक्षा मंत्रालय की शनिवार की प्रेस कॉन्फ्रेंस में व्योमिका सिंह और सोफिया कुरैशी ने शालीनता से जानकारी दी कि इस संक्षिप्त युद्ध में पाकिस्तान के सैन्य ठिकानों को भारी नुकसान हुआ है। जबकि भारत के एस 400 डिफेंस सिस्टम ने पाक आर्मी की तरफ़ से भेजे गए सैकड़ों ड्रोन हमलों और मिसाइलों को पूरी तरह नाकाम किया है। भारत की सेनाओं ने पाक आर्मी को बड़ी ही खूबी से समझा दिया है कि पाकिस्तान का हर शहर भारतीय मिसाइलों की जद में है और अब उनकी थोड़ी सी गुस्ताखी भी उसे काफी भारी पड़ेगी।

दुनिया जानती है कि भारत पूरी गरिमा और शक्ति से शांति का पक्षधर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी बुद्ध महावीर और गांधी के सिद्धांतों पर चलने वाले और वैश्विक बिरादरी में इन विचारों को प्रचारित करने वाले वैश्विक राजनेता हैं। इसीलिए वे जब भी राष्ट्रपति पुतिन से मिलते, तो यही कहते कि यह वक्त युद्ध का नहीं है, बल्कि बातचीत के जरिए कूटनीतिक कोशिशों से मसले सुलझाए जाने चाहिए। इन्हीं विचारों के चलते प्रधानमंत्री मोदी और उनके प्रशासन ने अपनी शर्तों पर युद्ध रोकने का निर्णय लिया है। साथ ही यह भी जता दिया है कि भविष्य में किसी भी दहशतगर्दी को युद्ध की शुरुआत माना जाएगा और पहले से ज्यादा कड़ा प्रहार किया जाएगा।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1830 में आज ही के दिन इक्वाडोर गणराज्य की स्थापना हुई थी और जुआन जोस फ्लोरेंस पहले राष्ट्रपति बने थे। 1905 में आज ही के दिन भारत के पूर्व राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद का जन्म हुआ था।1918 में आज ही के दिन भारत ने राजस्थान के पोखरण में 2 परमाणु परीक्षण किए थे। 1952 में आज ही के दिन स्वतंत्र भारत में संसद के पहले सत्र की शुरुआत हुई थी। 1960 में 13 मई के दिन ही मैक्स इसेलीन के नेतृत्व में स्विटजरलैंड का एक खोजी दल हिमालय में धौलागिरी पर्वत शिखर पर पहुंचा था। 1962 में आज ही के दिन सर्वपल्ली राधाकृष्णन देश के दूसरे राष्ट्रपति बने थे। 1995 में 13 मई को ही चेल्सी स्मिथ मिस यूनिवर्स 1995 बनीं थी। 2000 में आज ही के दिन मिस इंडिया लारा दत्ता ने साइप्रस में सम्पन्न प्रतियोगिता में मिस यूनीवर्स का खिताब जीता था। 2003 में आज ही के दिन रियाद में आत्मघाती हमलों में 29 व्यक्ति मारे गए। 2006 में आज ही के दिन प्रसिद्ध भारतीय चिकित्सक हेमलता गुप्ता का निधन हुआ था।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

अदब के एहतमाम

अदब के एहतमाम बहुत हैं यहां महफ़िल में कोई शोर नहीं है...खामोशी ही एतमाद दिलाती रही जो यहाँ है कहीं और नहीं है..

- सपना चन्द्रा

अपने पार्टी को

अपने पार्टी को वामपंथ और कनाडा प्रेमी पार्टी मे मर्ज़ कर चुकी पार्टी आज आईरन लोहा कर रही हैं..ये कथित किसान आंदोलन मे किनके साथ थे तब लोहा आईरन कहा था इनका तमतो अपने विदेशी वामपंथी आका से पूछ लो बाद मे समेटना पड़ेगा.. मोदी जी आने के बाद इनको आईरन लोहा याद आया 26/11 मे लोहा आईरन कहा था बहरहाल सिंदूर सेना का पराक्रम था 71 भी सेना का पराक्रम हुवा ना

- अंबर दानी

खास पाती

सुनो चाँद चुपके से छुपकर

बुद्धजीवियों ने कहा युद्ध करो, डरपोक सरकार है , दो के बदले 10 सर का वादा निभाओ, कहाँ है 56 इंच का सीना? मोदी जी ने युद्ध शुरू कर दिया , अब बुद्धजीवियों के सामने समस्या ये खड़ी हो गई कि अब मोदी विरोध कैसे किया जाए ? बुद्धिजीवियों ने कहना शुरू किया, Say Nàæ tàæ War/ Stàæp war/ युद्ध का दर्द सबसे ज्यादा स्त्रियों को झेलना पड़ता है आदि - आदि , अचानक मोदी जी ने युद्ध बंद कर दिया। अब समस्या ये है कि बुद्धिजीवी मोदी विरोध के लिए करें तो क्या करें द्य फिक्र ना करें हर समस्या का हल है और वे इसका भी हल ढूंढ लेंगें।

- अमित कुमार अम्बष्ट

दो विकल्प है इतिहास बनाइये या इतिहास

दो विकल्प है इतिहास बनाइये या इतिहास बन जाईये-भारत की जनता पाकिस्तान के बर्बादी तक जंग चाहती है ,मोदी जी ऐसा मौका दुबारा नही मिलेगा विश्व के नक्शे मे परिवर्तन जरूरी है । इतिहास मे हमेशा विजेता का नाम लिखा जाता है समझौता करने वालों का नही । **- एडवोकेट अरूण कुमार गुप्ता**

वासुदेव कृष्ण अंतिम कोशिश में शांति

वासुदेव कृष्ण अंतिम कोशिश में शांति संधि के लिए हस्तिनापुर जा रहे थे तो द्रोपदी ने कृष्ण से पूछा ''केशव, तो अब युद्ध नहीं होगा .. वासुदेव कृष्ण ने कहा ÷तुम मुझ से ज्यादा दुर्योधन पर विश्वास रखो, वो मेरी हर कोशिश को नाकाम कर देगा,निश्चिंत रहो,युद्ध तो होगा । **- वंदना गोयल**

तुमको इस देश से प्यार है तो

तुमको इस देश से प्यार है तो कहो भी, और लोगों से व्यौहार अच्छा रखो भी। देश में गर कहीं लूट है जुल्म है तो, अपनों के साथ मजलूमों का ग़म सुनो भी। ढहने ना देना शाने-तिरंगा कभी तुम, माज़ी का सपना साकार दिल से करो भी। जंग का साया गर देश में छाये तो फिर त्याग घर द्वार तुम राहे सरहद बढ़ो भी। गर अमीरी मिली तो घमंडी बनो मत, औ ग़रीबों का दुख दर्द दिल से सुनो भी। तुम सिपाही न पर, मुल्क से प्यार तो है, दुशमने-मुल्क को मारो या खुद मरो भी। गर मुहब्बत चराग़ों से करते हो दानी, तो हवाओं के हर वार को तुम सहो भी। **- डॉ संजय दानी**

कितनी ही बार मैंने महसूस किया है

कितनी ही बार मैंने महसूस किया है छू जाते हो मुझे कितनी ही बार यूँ ही कितनी ही दफ़ ख़ुवाब बन के छा जाते हो और कितनी ही बार तेरे अहसास को मैं सहसा छू जाती हूं बंद आंखों से रूह को महसूस कर आत्मसात कर तुममें समा जाती हूं अब बताओ जरा कौन कहता है कि दूर रह कर मुलाक़ात नहीं होती? **- रेनू शब्द मुखर**

सुनो चाँद चुपके से छुपकर आज फिर

सुनो चाँद चुपके से छुपकर आज फिर झांका है सरहद के मकानों की खिड़कियों से,कुछ कमर रौशन हैं आज, रोटियाँ पूरी फूली हैं आज, सब्ज़ी भी पक कर महकी है, बच्चे भी चहके हैं आज, भारत माता के साथ साथ आज हर एक माँ ने मातृत्व दिवस बैख़ौफ़ मनाया है और सैल्यूट किया है हमारी सशस्त्र सेना को जिसने सरहद के उस पार के घरों के चूल्हों पर भी पकवान महकाए हैं और उस पार की हर माँ ने भी हमारी सेना के ही गुण गाए हैं, युद्ध अंतिम विकल्प है इस बात पर हम भारतीय गर्व से आज एक बार फिर मुहर लगाए हैं **- शुचि 'भवि'**

खंड- (1) : राष्ट्र की बात

आजादी अमृत महोत्सव

विजय कुमार गुप्ता

त्राहि-त्राहि दशा में सड़क पे आ जाती नारी अबला
बड़ी बीमारी से ग्रसित दिखलाते छोटा सा नजला
लोकतंत्र हत्या का दाग लगाकर करते रहते हमला
जनता आशीर्वाद बल को मूर्ख समझना कैसे हो
विश्व समुदाय में राष्ट्रनाम आज शिखर पर कैसे हो
मित्र मतलब बस साथ भ्रमण का याचक कैसे हो।
सिर्फएक कृत्य देशभक्ति का परिचायक कैसे हो।
सारा विश्व जब देख रहा भारत का अमृत महोत्सव
डाल डाल पर सोने की चिड़िया गान मधुर कलरव
विजयी विश्व तिरंगा प्यारा का उदघोष देश अवयव
पुराने भारत का अब नए भारत में देख रहे हैं उद्भव
खुशियों के जश्न मध्य नहीं बनाते माहौल पराभव
उत्साह उमंग में देश की आन बान शान का उत्सव
'जैसा देश वैसा भेष' कहावत सच्चाई सिद्ध कैसे हो
बदले वक्त में हम देखते चौधरी बौखलाहट कैसे हो
मित्र मतलब बस साथ भ्रमण का याचक कैसे हो।
सिर्फएक कृत्य देशभक्ति का परिचायक कैसे हो।

QUIZ TIME

1) तेलगु कविता के पिता कौन है?

2) भारत-डेनमार्क ने नदी की सफाई के लिए कौन सी परियोजना शुरू की है?

3) कितने वैज्ञानिकों को राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार मिले हैं?

4) शनि ग्रह का सबसे बड़ा उपग्रह का नाम क्या है?

5) हाल ही में अंडर-17 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाले भारतीय खिलाड़ी का नाम क्या है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) अल्लासानी पेद्दाना (2) एसएलसीआर (3) 33 (4) टाइटन (5) रौनक दहिया

आज का पंचांग

मंगल : कर्क (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मेष (अस्त, पूर्व, मार्गी), गुरु : वृष (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : मीन (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शनि : मीन (उदय, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या।

सूर्योदय : 05:45, सूर्यास्त : 07:01, चन्द्रोदय : 18:56, चन्द्रास्त: 29:23,अयन : उत्तरायणे (उत्तरगोलीय), ऋतु : ग्रीष्म, शक सम्वत: : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वत : 2082 (सिद्धार्थी), मास : ज्येष्ठ, पक्ष : कृष्ण, तिथि : प्रतिपदा, नक्षत्र : विशाखा, योग : वरीयान् (पूर्ण रात्रि), प्रथम करण : विष्टि (09:14 तक), द्वितीय करण : बव (22:25 तक)।

॥ गोचर ग्रहा: ॥

सूर्य : मेष, चंद्र : वृश्चिक (26:27 से),

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 11:46 से 12:41, अमृत काल : 23:18 से 25:05, रवि योग : 05:25 से 06:17, विजय मुहूर्त : 14:29 से 15:24, गोधूलि मुहूर्त : 19:00 से 19:21, सायाह्न सन्ध्या : 19:02 से 20:04, निशिता मुहूर्त : 23:52 से 24:34, राहुकाल : 15:00 से 16:30, राहुवास : उत्तर-पश्चिम, यमगण्ड : 10:31 से 12:13, दुर्मुहूर्त : 12:41 से 13:35, होमाहुति : चन्द्र, दिशाशूल : पूर्व, अग्निवास : पाताल (22:25 से पृथ्वी), भद्रावास : पाताल (09:14 तक),चन्द्र वास : पश्चिम (उत्तर 26:27 से), शिववास : श्मशान में (22:25 से गौरी के साथ)।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष: आज के दिन आस-पास का वातावरण अनुकूल मिलने से दिनचर्या सुव्यवस्थित रहेगी कार्यो के प्रति गंभीर रहेंगे जिससे समय से पहले पूर्ण कर लेंगे।

वृष: आज के दिन आपको अधूरे कार्य पूर्ण करने की जल्दी रहेगी जल्दबाजी में कुछ कार्य बिगड़ भी सकते है इसका ध्यान रखें।

मिथुन: आज का दिन आपको पुराने परिश्रम का फल देगा। व्यवहारिकता से बनाये सम्बन्धों से लाभ की संभावनाएं बनेगी।

कर्क: आज के दिन गृहक्लेश के कारण वातावरण कलुषित होने की संभावना अधिक है। भाई-बंधू वैरभाव रखेंगे परिवार के अन्य सदस्य भी आपका पक्ष लेने से बचेंगे।

सिंह: आज के दिन का पूर्वार्ध कुछ ख़ास नहीं रहेगा दैनिक कार्य सामान्य गति से चलते रहेंगे। कार्य क्षेत्र पर विलम्ब के कारण व्यवसाय की गति धीमी रहेगी।

कन्या: आज दिन का अधिकांश समय शांति से व्यतीत करेंगे परन्तु बीच-बीच में पारिवारिक उलझने परेशान करेंगी।

तुला: आज का दिन आपके लिए आशा से अधिक फायदेमंद रहेगा। घर एवं बाहर आश्चर्यजनक घटनाएं घटित होंगी।

वृश्चिक: आपका आज का दिन प्रतिकूल रहेगा। जिस भी कार्य को करने का प्रयास करेंगे उसमे ही विलंब के साथ कुछ ना कुछ कमी रहेगी।

धनु: आज का दिन आपको राज समाज से लाभ के साथ-सात: मान-सम्मान भी दिलाएगा।

मकर: आज आपके द्वारा बनाई योजनाएं शीघ्र फलीभूत होंगी। सभी महत्त्वपूर्ण कार्य आज सरलता से पूर्ण होने की संभावना अधिक रहेगी।

कुंभ: आपका आज का दिन भागदौड़ वाला रहेगा। शारीरिक शिथिलता के बाद भी कार्यो की व्यस्तता सेहत ज्यादा खराब करेगी।

मीन: आज का दिन भी आपको प्रतिकूल फलदेगा। प्रात:काल से ही कार्य करने के लिए शारीरिक एवं मानसिक रूप से असमर्थता रहेगी।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

बाएं से दाएं

1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

ऊपर से नीचे

1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंक, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।

1		2	■	3		4	■	5
	■	6			■	7		
8	9		■	10	11		■	
■		■	■	■		■	■	■
12		12ए	■	13		14	■	15
	■	16			■	17		
18	19		■	20	21		■	
■		■	■	■		■	■	■
22			■	23			■	24

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 045 का हल

प	सं	द	■	सिं	हा	स	न	■
ख	■	म	ज	दू	र	■	का	म
वा	द	क	■	र	■	सं	ब	ल
ड़	■	ल	ज्ञा	■	म	स्का	■	य
■	बा	■	■	बि	हा	र	■	■
सु	धा	क	र	■	न	■	■	औ
रं	■	म	■	कि	ता	ब	■	स
ग	■	अ	र	सा	■	हु	ज्ज	त
■	श	क्ल	■	न	मि	त	■	न

न्यूज गैलरी

घर में मिली युवक की लाश

दुर्ग। उतई थाना क्षेत्र के डूमरडीह गांव में घर के अंदर एक युवक की नग्न हालत में लाश मिली है। उसकी पत्नी और बच्चे तीन दिन पहले ही मायके गई थी। मकान के अंदर से बदबू आने लगी तो पुलिस को सूचना दी गई। इसके बाद मकान को खोला गया। मकान से शव बरामद हुआ। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी विपिन रंगारी ने बताया कि लाश सड़ रही थी। उसकी पहचान मुख्तार सिंह सतनामी (45) के रूप में हुई है।

प्रेम के प्रेमिका के प्रेम कहानी' को गीत-संगीत से सजा रहे नवलदास

भिलाई। छत्तीसगढ़ी व हिंदी फिल्मों के युवा निर्देशक मनीष मानिकपुरी के निर्देशन में 'प्रेम के प्रेमिका के प्रेम कहानी' फिल्म का निर्माण हो रहा है। छत्तीसगढ़ के जाने माने गायक, गीतकार और संगीतकार नवल दास मानिकपुरी इस फिल्म को गीत संगीत से सजा रहे हैं। फिल्म में उनके लिखे व संगीतबद्ध किए छह गीत छत्तीसगढ़ी फिल्म व एल्बम की सुप्रसिद्ध गायिका अल्का चंद्राकर परगनिहा के स्वर में रिकॉर्ड किए गए हैं। फिल्म में छत्तीसगढ़ के सुपरस्टार हीरो अनुज शर्मा व उभरते कलाकार दीपक साहू सहित छत्तीसगढ़ के बहुत से नामी-गिरामी कलाकार अभिनय कर रहे हैं। खुर्सीपार भिलाई निवासी नवल दास मानिकपुरी ने फिल्म के गीत-संगीत के बारे में बताया कि कुल 8 गीत तैयार किए गए हैं। इसमें से दो गीत मन मोहन जांजगीर ने लिखे है। सभी गीत अलग-अलग मूड के हैं। एक लव सांग भी अलग अंदाज में लिखा गया है। फिल्म में कबीर साहब का एक भजन भी शामिल किया गया है जिसे खुद नवल दास मानिकपुरी और कुमार गब्बर महंत के स्वर में रिकॉर्ड किया जायेगा। अनुराग शर्मा, सुनील सोनी और राजेश कश्यप ने भी गीतों को अपनी आवाज दी है। नवल दास ने बताया कि गीत-संगीत में छत्तीसगढ़ की माटी की खुशबू झलकेगी।

निर्यात जागरूकता पर कार्यशाला

दुर्ग। जिले में एक दिवसीय जिला स्तरीय बूट स्ट्रैप कार्यक्रम निर्यात जागरूकता और मार्गदर्शन के संबंध में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र दुर्ग व एक्सपोर्ट काउंसिल के सौजन्य से होटल अमित पार्क इंटरनेशनल में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में भारत सरकार द्वारा निर्यात को बढ़ावा देने भारतीय विदेश व्यापार संस्थान निर्यातकों और उद्यमियों को नवीनतम निर्यात आयात नीतियों और प्रक्रियाओं के बारे में जागरूक किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य निर्यातकों और उद्यमियों को विदेशी बाजारों में अपने व्यापार को बढ़ाने और विकसित करने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल प्रदान करना है। इस अवसर पर भारतीय विदेश व्यापार संगठन के वरिष्ठ अधिकारी, उद्योग विभाग के महाप्रबंधक पीआर खण्डेलवाल, राकेश चौरसिया, प्रबंधक तुषार त्रिपाठी, संजय सिंह, औद्योगिक संगठनों से अजय भसीन प्रदेश महामंत्री छग चैम्बर आफकामर्स, ईईपीसी से अंकित मेहता, उद्योग चेम्बर जेपी गुप्ता, म्यूरा इंफ्रास्ट्रक्चर से सुधाकर व अन्य उद्योगपति उपस्थित थे।

लोकवाद्य संग्राहक रिखी बस्तर से लेकर आए देश का सबसे बड़ा भोगम ढोल

वजन एक क्विंटल : कांवर की तरह दो लोग उठाकर बजाते हैं

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। पिछले पांच दशक से आदिवासी अंचल के दुर्लभ लोकवाद्यों का संग्रह कर रहे प्रख्यात लोकवाद्य संग्राहक रिखी क्षत्रिय अब बस्तर के बीजापुर अंचल से देश का सबसे बड़ा ढोल लेकर आए हैं। मरोदा सेक्टर स्थित कुहूकी कला ग्राम में यह विशालकाय ढोल रखा गया है। रिखी क्षत्रिय ने बताया कि 5 दशक की खोजयात्रा में पहली बार उन्होंने इतना बड़ा ढोल देखा है।

बीजापुर जिले के धनोरा ब्लाक के मुसालूर गांव में आयोजित पेन करसाड़ (देव मड़ई) के दौरान उन्हें मुरिया आदिवासी समुदाय के पास यह भोगम ढोल मिला है।

रिखी क्षत्रिय ने बताया कि लगभग एक क्विंटल वजनी भोगम ढोल को सरई बीजा की लकड़ी से बनाया जाता है। इसमें बैल या भैंस का चमड़ा मढ़ा जाता है। इसकी लंबाई 3 फीट है और इसका व्यास 2 फीट का है। रिखी का कहना है कि 3 फीट लंबे लोकवाद्य और भी हो सकते हैं लेकिन 2 फीट व्यास का ढोल देश में कहीं नहीं मिलता है। इस भोगम ढोल को बीजापुर जिले में निवास करने वाले मुरिया आदिवासी अपने जात्रा, करसाड़, शादी-ब्याह, जन्म उत्सव व मांगलिक कार्यों में परंपरागत रूप से बजाते आ रहे हैं।

रिखी के संग्रह में 200 से ज्यादा लोकवाद्य

भिलाई स्टील प्लांट से सेवानिवृत्त लोकवाद्य संग्राहक रिखी क्षत्रिय की बाल्यकाल से ही लोकवाद्यों में रूचि थी और उन्होंने बेहद कम उम्र से ही इनका संग्रह शुरू कर दिया था। बीएसपी की सेवा में रहते हुए और लोककला की प्रस्तुतियां देते हुए रिखी क्षत्रिय को आसपास और दूर-दराज के ग्रामीण अंचल में जाने का मौका मिलता रहा है। इस दौरान रिखी लगातार दुर्लभ वाद्यों की खोज करते रहते हैं। आज 5 दशक में उनके पास 200 से ज्यादा दुर्लभ लोकवाद्य इकट्ठा हो चुके हैं। देश के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री से लेकर कई विशिष्ट लोगों और आम लोगों ने हमेशा सराहा है। छत्तीसगढ़ की लोककला के संरक्षण में रिखी क्षत्रिय महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

देव मड़ई में मिला भोगम ढोल

रिखी ने बताया कि बस्तर के आदिवासी अंचल में अप्रैल माह से देव मड़ई शुरू हो जाती है। हाल ही में बीजापुर जिले के धनोरा ब्लॉक में पेन करसाड़ में देव मड़ई का आयोजन हुआ, जिसमें आसपास के ग्रामीण हजारों की तादाद में पहुंचे। यहां ग्रामीण अपने 100 से ज्यादा देवों को सवारी के साथ लेकर आए। यहां दुर्लभ लोकवाद्य की खोज यात्रा के तहत वे भी पहुंचे थे। ग्रामीणों ने अपने-अपने लोकवाद्यों का प्रदर्शन अपने देवों के सामने किया। ग्रामीण भोगम ढोल लेकर पहुंचे थे। रिखी का कहना है कि पहली बार उन्होंने इतना विशाल ढोल देखा। उन्होंने वहीं के आदिवासियों से इसका निर्माण कराया और अब यह ढोल उनके संग्रह में शामिल हो गया है।

विद्यादीप स्कूल का उत्कृष्ट परिणाम

कुम्हारी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा 2025 में विद्यादीप पब्लिक स्कूल (अंग्रेजी माध्यम) कुम्हारी का परिणाम उत्कृष्ट रहा। हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम 95 प्रतिशत और हायर सेकेंडरी स्कूल का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में 95.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर छात्रा फाल्गुनी साहू ने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। 94.17 प्रतिशत के साथ शीतल वर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दीक्षा साहू ने 92.20 प्रतिशत, हुलेश सिन्हा ने 90.83 प्रतिशत, पुष्पेंद्र लहरे ने 89.17 प्रतिशत अंक सिद्धांत सोनकर ने 87 प्रतिशत, विधि सोनकर ने 84.17 प्रतिशत, आयुष सिंह ने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कुल 15 छात्र-छात्राओं में 13 छात्र-छात्राओं ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये। हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम में विज्ञान संकाय (जीव विज्ञान) से तृप्ति शुक्ला ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। मेघा देवांगन ने 83.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। 81.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रियंका साहू ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। गणित संकाय में 87.6 प्रतिशत अंकों के साथ किरण सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कोमल साहू 79 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा और करण यादव ने 78.4 प्रतिशत के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया।

स्पा सेंटर में चल रहा था सेक्स-रैकेट, संचालिका समेत चार ग्राहक गिरफ्तार

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। सूर्या मॉल के पास अगम स्पा में सैक्स रैकेट चलने की शिकायत पर पुलिस ने बीती रात छापेमारी की। स्पा सेंटर के अंदर मसाज की आड़ में सेक्स वर्कर की सर्विस दी जा रही थी। रविवार को रात करीब 8 बजे पुलिस ने छापेमारी कर संचालिका समेत चार ग्राहकों को गिरफ्तार कर लिया। मामला स्मृति नगर चौकी क्षेत्र का है।

भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि सूर्या मॉल से कुछ दूरी पर अगम स्पॉ में सैक्स रैकेट चलने की सूचना मिली थी। पुलिस ने जब छापेमारी की तो स्पा सेटर के अंदर लड़कियां वहां मौजूद ग्राहकों को मसाज के साथ अनैतिक सर्विस भी दे रही थी। पुलिस ने 4 ग्राहकों के साथ स्पा सेंटर की संचालिका प्रिया सिंह (31 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया। लड़कियों को छोड़ दिया गया है।

सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि स्पा के अंदर कंडोम के पैकेट, मोबाइल, ग्राहकों की डायरी और मोबाइल में लड़कियों के फोन नंबर मिले हैं। लड़कियां प्रॉस्टीट्यूशन का काम करती हैं।

पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस मामले में स्वतंत्र द्विवेदी (50) निवासी स्मृति नगर, राहुल चौधरी (25) निवासी राजीव नगर जामुल, विकास गेंड्रे, (25) निवासी जुनवानी चौक स्मृति नगर, धरमश्री खोब्रागढ़े (34) अटल विहार कालोनी राजनांदगांव, प्रिया सिंह (31), स्पा संचालिका, कोहका, मूल निवास पश्चिम बंगाल को गिरफ्तार कर लिया।

युवकों की गिरफ्तारी के बाद देर रात तक चौकी में परिजनों की भीड़ जमा हो गई। उनके परिजन स्मृति नगर चौकी पहुंचकर सीएसपी से युवकों को छोड़ने की गुहार लगाते रहे। परिजनों का कहना था कि उनका बेटा वहां खड़ा था, लेकिन किसी अनैतिक कार्य में लिप्त नहीं था। वो बेकसूर है। सीएसपी ने न्यायालय से जमानत कराने की नसीहत दी।

एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि स्पा का संचालन नियम और कानून के दायरे में होना चाहिये। स्पा सेंटर में सभी जगह सीसीटीवी कैमरे होने चाहिए।

जिस कमरे में स्पा दिया जाता है, उसके दरवाजे में लॉक नहीं होना चाहिए। काम करने वाली लड़कियों का पुलिस वेरिफिकेशन भी आवश्यक है।

स्पा वाली लड़कियां देती हैं ऑफर

पुलिस के मुताबिक स्पा सेंटरों में पहले ग्राहक को डीप मसाज, ड्राई मसाज, ऑयल मसाज जैसी सर्विस का ऑफर दिया जाता है। ग्राहक के मसाज रूम में जाने पर वहां काम करने वाली लड़कियां हेड मसाज, हैंड्स जॉब, बॉडी टू बॉडी और फुल सर्विस का ऑफर देती हैं। ग्राहक से बात होने पर अनैतिक कृत्य किया जाता है। इसमें स्पा संचालक की भी मिलीभगत होती है।

विधायक सेन कर चुके हैं विरोध

दुर्ग जिले में बड़ी तादाद में छोटे-बड़े स्पा सेंटर हैं। सबसे ज्यादा स्पा सेंटर सुपेला थाना और स्मृति नगर चौकी क्षेत्र में संचालित हो रहे हैं। सूर्या मॉल में लगभग 10 स्पा सेंटर संचालित हैं। इन सेंटरों को बंद कराने के लिए वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने विरोध जताया था। मॉल से सभी स्पा सेंटर हटाने के निर्देश दिए थे। कुछ दिनों तक स्पा सेंटर बंद रहे। उसके बाद फिर से वहां स्पा सेंटर्स खुल गए।

अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग डे : जिला अस्पताल में नवदृष्टि फाउंडेशन ने किया नर्सों का सम्मान

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग डे के अवसर पर आज दुर्ग जिला अस्पताल में नव दृष्टि फाउंडेशन के सदस्यों ने नर्सों को उनके उत्कृष्ट कार्य और समर्पण के लिए सम्मानित किया। समारोह में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी, सिविल सर्जन डॉ. हेमंत साहू मौजूद रहे। नर्सों के अथक परिश्रम, रोगी देखभाल में समर्पण और स्वास्थ्य सेवाओं में योगदान के लिए नर्स चित्ररेखा वासनिक, मंजू रॉय, देव जानिक शिवारे, गिरजा बारले, रिंकी गुप्ता, तरुणा रावत, उषा गुप्ता को सम्मानित किया गया। अतिथियों ने सभी नर्सों को प्रशस्ति पत्र और शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी ने कहा कि नर्सें स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की रीढ़ हैं। उनकी मेहनत और करुणा के बिना अस्पतालों का संचालन संभव नहीं है। आज का दिन उनके सम्मान और प्रोत्साहन का दिन है। सिविल सर्जन डॉ. हेमंत साहू ने कहा कि नर्सें हमारे परिवार की सदस्य हैं और डॉक्टर व मरीज के साथ चिकित्सा सेवा में महत्वपूर्ण स्थान रखती है। इस अवसर पर नेत्र चिकित्सा सहायक अजय नायक और नव दृष्टि फाउंडेशन के सदस्य कुलवंत भाटिया, राज आढ़तिया, और हरमन दुलई उपस्थित थे।

आधे-अधूरे विकास कार्यो और सफाई में लापरवाही देख सीएमओ ने दिये सख्त निर्देश

नवप्रदेश संवाददाता

जामुल। नगर पालिका जामुल की सीएमओ सीमा बख्शी ने आज सुबह से छापामार शैली में कई वार्डों का निरीक्षण किया। नपा अधिकारी ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सभी सफाई कर्मी समय पर कार्यस्थल में पहुंचें और निर्धारित समय तक कार्य करें। अधूरे विकास कार्यों को पूरा करने के सख्त निर्देश भी दिये।

वार्ड 13 में चल रहे सफाई कार्य का निरीक्षण करते हुए नपा अधिकारी ने कहा कि बीच में काम छोड़कर समय से पहले ड्यूटी से गायब होने वाले का कर्मचारियों का वेतन काटा जाएगा। कार्य से हटाने की चेतावनी भी दी जा सकती है। वार्ड 9 और 10 में आधे-अधूरे विकास कार्यों को देखकर नाराजगी जताई। अटल परिसर के निर्माणाधीन कार्य को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिये। वार्ड 18 में नाला निर्माण का निरीक्षण भी किया। सीएमओ सीमा बख्शी ने गर्मी के दौरान वार्ड 16, 17 और 18 में पेयजल सप्लाई के संबंध में जानकारी लेने के बाद पंप ऑपरेटरों को जमकर फटकार लगाई। कार्य में लापरवाही करने वाले पंप ऑपरेटरों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने, नोटिस देने का निर्देश दिया। सीएमओ बख्शी ने चेतावनी देते हुए कहा कि पानी सप्लाई में शिकायत मिलने पर जिम्मेदारी तय करते हुए कड़ी कार्यवाही की जाएगी। सभी प्रभारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि कार्यों पर विशेष नजर रखें। लापरवाही होने पर प्रभारी को जिम्मेदार माना जाएगा। पानी, बिजली, सफाई कार्यों का तत्काल निराकरण होना चाहिये। आम जनता को इन कार्यों के लिए पालिका कार्यालय का चक्कर न लगाना पड़े। निरीक्षण के दौरान सुपरवाइजर बशीर खान, रमेश मारकण्डे, दयालु जंघेल, रवि चौहान सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। सीएमओ सीमा बख्शी ने ड्यूटी के दौरान किसी भी प्रकार का नशा करने वाले कर्मचारी को तत्काल कार्य से हटाने के निर्देश भी दिये।

निधन : मोतीलाल श्रीवास्तव

कुम्हारी/नवप्रदेश। वरिष्ठ नागरिक, कवि, लेखक एवं समाजसेवी मोतीलाल श्रीवास्तव (87 वर्ष) का आकस्मिक निधन सोमवार को हो गया। उनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए।

जल संरक्षण का संकल्प

दुर्ग। शास.उ.मा. शाला सांकरा में सुशासन तिहार के अंतर्गत हितग्राहियों को सामग्री वितरित किया गया। पात्र दिव्यांग हितग्राहियों को ट्राइसाइकिल, श्रम कार्ड व महिलाओं को पोषण आहार का वितरण किया गया। पीएम आवास अंतर्गत 10 हितग्राहियों को प्रमाण पत्र दिये गए। स्वामित्व योजना के अंतर्गत 20 व्यक्तियों को भू-पट्टा, ऋण पुस्तिका व मनरेगा के तहत दस हितग्राही को जॉब कार्ड प्रदान किया। पाटन जनपद में जल संरक्षण के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। एकेच गोठ, एकेच बानी, बूंद-बूंद बचाओ पानी थीम के साथ शपथ दिलाई गई।

सुशासन तिहार : कल स्वामी आत्मानंद विद्यालय दीपक नगर में समाधान शिविर

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत 14 मई को दीपक नगर स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल में समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक शिविर में नागरिकों को उनकी शिकायत व समस्या के निराकरण के संबंध में जानकारी दी जाएगी। निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने आज अधिकारियों के साथ स्वामी आत्मानंद स्कूल दीपक नगर का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। टेबल-कुर्सी, शमियाना आदि की व्यवस्था के साथ विद्युत और माईक की व्यवस्था करने कहा। कूलर या पंखा के अलावा सफाई व्यवस्था के निर्देश दिये।

इस दौरान उपअभियंता हरिशंकर साहू, उपअभियंता विनोद मांझी, उपअभियंता सुरेश केवलानी, उद्यान प्रभारी अनिल सिंह, ईश्वर वर्मा, अभ्युदय मिश्रा, गौतम साहू सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे। शिविर में वार्ड 23 से 26 व वार्ड 47,48 और वार्ड 59, 60 के नागरिकों की समस्याओं और शिकायतों के समाधान की जानकारी दी जाएगी। इसी तरह 16 मई को वार्ड 52 उ. मा. शाला. बोरसी स्कूल में वार्ड 49 से 55 के नागरिकों के लिए शिविर का आयोजन किया जाएगा।

मानसून के पहले नाले-नालियों की सफाई करें : आयुक्त

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। शहर के सभी प्रमुख नालों और नालियों की सफाई का कार्य तेजी से चल रहा है। बारिश से पहले नालों और बड़ी नालियों के साथ ही वार्डों की नालियों की तल से सफाई करने के निर्देश दिये गए हैं।

निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने आज एमआईसी मेंबर देव नारायण चन्द्राकर, नरेंद्र बंजारे, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, पार्षद प्रकाश गीते सहित संबंधित अधिकारियों के साथ वार्ड 42 में नाला सफाई कार्य का निरीक्षण किया। निगम कमिश्नर ने सोमवार को कसारीडीह पंचमुखी मंदिर में नाले-नालियों की वृहद सफाई के निर्देश दिये। आजाद चौक, राव कॉटेज, बेर पारा, सुभाष नगर, शिव मंदिर सहित चौराहे का निरीक्षण कर निगम अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिये। कमिश्नर ने कहा कि मानसून के पहले शहर के सभी 60 वार्डों में सफाई अभियान पूरा हो जाना चाहिये। कहीं पर भी जलभराव की स्थिति न होने पाए। आयुक्त ने पुराने और बंद हो चुके नल कनेक्शन को हटाने कहा। पाइप लाइन लीकेज का पता चलने पर सुधार कार्य करने के निर्देश भी दिये। निरीक्षण के दौरान सहायक स्वच्छता अधिकारी पंकज चंद्रवंशी, कर्मशाला अधिकारी शोएब अहमद, गौतम साहू, सुरेश भारती, रामलाल भट्ट सहित सफाई सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

निधन
किशना बाई श्यामकुंवर

भिलाई/नवप्रदेश। किशना बाई श्यामकुंवर (81 वर्ष) निवासी राधिका नगर का आज सुबह 7 बजे निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 13 मई को रामनगर मुक्तिधाम भिलाई में होगा। उनकी अंतिम यात्रा निवास 48/8 राधिका नगर भिलाई से सुबह 10 बजे निकलेगी। वे अशोक श्यामकुंवर, अरूण श्यामकुंवर की मां थी।

शुभारंभ | हमारा विजन 'हर घर किसना' : घनश्याम ढोलकिया

किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी का दूसरा एक्सक्लूसिव शोरूम लॉन्च

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। नेहरू नगर में किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी के दूसरे एक्सक्लूसिव शोरूम का भव्य उद्घाटन किया गया। इस शुभ अवसर पर हरि कृष्णा ग्रुप के संस्थापक व प्रबंध निदेशक घनश्याम ढोलकिया उपस्थित रहे। शोरूम के उद्घाटन के अवसर पर किसना ग्राहकों को मेकिंग चार्ज पर 100 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। हरि कृष्णा ग्रु प के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक घनश्याम ढोलकिया ने कहा कि भिलाई में यह शोरूम हमारे मध्य भारत में बढ़ते रीटेल नेटवर्क का रणनीतिक विस्तार है। ऐसे उच्च संभावनाओं वाले बाजारों में प्रवेश कर किसना का उद्देश्य है कि वह आकांक्षी उपभोक्ताओं को सुलभ लक्जरी और बेजोड़ सेवा प्रदान करे। यह हमारे विजन 'हर घर किसना' के अनुरूप है, जिसके तहत हम भारत के सबसे तेज़ी से बढ़ते ज्वेलरी ब्रांड बनना चाहते हैं। हर महिला का डायमंड ज्वेलरी पहनने का सपना साकार करना चाहते हैं। किसना ग्रुप के निदेशक पराग शाह ने कहा कि भिलाई लॉन्च के साथ हम छत्तीसगढ़ में अपनी उपस्थिति को और मजबूत कर रहे हैं। मध्य भारत के उपभोक्ताओं से अपने जुड़ाव को और गहरा कर रहे हैं। यह शोरूम हमारी विशेष रूप से क्यूरेट की गई हल्की और समर-फ्रेंडली ज्वेलरी को उपभोक्ताओं के और नज़दीक लाता है, जिससे सुंदर और दैनिक उपयोग की ज्वेलरी देशभर में और अधिक सुलभ होती है।

किसना के फ्रेंचाइज़ी पार्टनर वरुण कटारिया ने कहा कि यह साझेदारी विकास और उत्कृष्टता की साझा दृष्टि को दर्शाती है। किसना की सशक्त ब्रांड छवि और हमारी स्थानीय समझ के साथ हम भिलाई में एक आदर्श ज्वेलरी रीटेल अनुभव देने के लिए आश्वस्त हैं। प्रतीक शर्मा, अनु और प्रिया भी इस शोरूम के फ्रेंचाइजी पार्टनर हैं। इस अवसर पर समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को निभाते हुए किसना ने उद्घाटन कार्यक्रम के अंतर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन किया और ज़रूरतमंदों के लिए भोजन वितरण का आयोजन भी किया।

महाराणा प्रताप की शौर्य गाथा देशवासियों के लिए प्रेरणास्त्रोत : ललित चंद्राकर

दुर्ग/नवप्रदेश। राजपूत क्षत्रिय चेतना विकास संघ द्वारा आयोजित महाराणा प्रताप की 485 वीं जयंती कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक व अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर शामिल हुए। विधिवत पूजा-अर्चना के बाद पुष्पांजलि अर्पित करते हुए विधायक चंद्राकर ने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की शौर्यगाथा का स्मरण किया। ललित ने कहा कि महाराणा प्रताप का त्याग, पराक्रम और मातृभूमि के प्रति उनका अपार समर्पण आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। ऐसे महापुरुषों की जयंती मनाना हमें अपने कर्तव्यों और मूल्यों की याद दिलाता है। आज की युवा पीढ़ी समेत समूचे देशवासियों को महाराणा प्रताप के जीवन से प्रेरणा लेना चाहिये। इस अवसर पर महापौर अल्का बाघमार, राजपूत समाज अध्यक्ष जगरूप सिंह, अजीत सिंह, शिवेन्द्र सिंह, ममता सोनी, नीलम सिंह, अरुण सिंह उपस्थित थे।

नाम परिवर्तन/ आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं श्रीमती रही बाई साहू पति भीरगु राम साहू, उम्र 69 वर्ष पता- वार्ड नं. 12, बैगाटोला सोमनी, जिला राजनांदगांव छ.ग. की हूं। यह कि मैं उपरोक्त दर्शीत पते पर निवास करती हूँ। यह कि विवाह पूर्व का मेरा नाम फिरन बाई पिता इन्दल है जो कि मेरे विवाह पूर्व के दस्तावेजों एवं राजस्व अभिलेख मे दर्ज है तथा विवाह पश्चात मैने अपना नाम परिवर्तित कर नया नाम श्रीमती रही बाई पति भीरगु राम साहू कर लिया है। यह कि मैने अपने पूर्व नाम फिरन बाई पिता इन्दल, को त्याग कर नया नाम श्रीमती रही बाई साहू पति भीरगु राम साहू, कर लिया है। एवं मेरे आधार कार्ड, एवं अन्य दस्तावेजों मे भी मेरा यही नाम दर्ज है। इसलिये भविष्य मे अब मुझे नये नाम श्रीमती रही बाई साहू पति भीरगु राम साहू के नाम से जाना पहचाना पुकारा व पढ़ा लिखा जावें। यह कि श्रीमती रही बाई साहू पति भीरगु राम साहू, एवं फिरन बाई पिता इन्दल दोनो एक ही व्यक्ति का नाम है। उक्त संबंध में मेरे द्वारा नाम परिवर्तन बाबत् आम सुचना प्रकाशन किया गया है। तदानुसार सूचना जाने।

शपथकर्ता
श्रीमती रही बाई साहू
पति भीरगु राम साहू,
पता- वार्ड नं. 12,
बैगाटोला सोमनी,
जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

नाम परिवर्तन/ आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं श्रीमती भानु बाई पति दिलवन्त उम्र 61 वर्ष, पता भाठापारा गोरकापार, जिला बालोद (छ.ग) की हूँ यह कि मैं उपरोक्त दर्शीत पते पर निवास करती हूँ। यह कि विवाह पूर्व का मेरा नाम भागवती पिता इन्दल है जो कि मेरे विवाह पूर्व के दस्तावेजों एवं राजस्व अभिलेख मे दर्ज है तथा विवाह पश्चात मैने अपना नाम परिवर्तित कर नया नाम श्रीमती भानु बाई पति दिलवन्त कर लिया है। यह कि मैने अपने पूर्व नाम भागवती पिता इन्दल, को त्याग कर नया नाम श्रीमती भानु बाई पति दिलवन्त कर लिया है। एवं मेरे आधार कार्ड, एवं अन्य दस्तावेजों में भी मेरा यही नाम दर्ज है। इसलिये भविष्य में अब मुझे नये नाम श्रीमती भानु बाई पति दिलवन्त के नाम से जाना पहचाना पुकारा व पढ़ा लिखा जावें। यह कि श्रीमती भानु बाई पति दिलवन्त एवं भागवती पिता इन्दल दोनो एक ही व्यक्ति का नाम है उक्त संबंध में मेरे द्वारा नाम परिवर्तन बाबत् आम सुचना प्रकाशन किया गया है। तदानुसार सूचना जाने।

शपथकर्ता
श्रीमती भानु बाई
पति दिलवन्त
पता- भाठापारा गोरकापार,
जिला बालोद (छ.ग)

न्यूज गैलरी

उत्कृष्ट छात्र - छात्राओं का किया सम्मान

नगरी/नवप्रेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाओं 10वी 12वी का रिजल्ट 7 मई को जारी कर दिया है , जिससे क्षेत्र के छात्र - छात्राओं में एक अलग उत्साह देखने को मिल रहा है। आदिवासी ध्रुव गोंड समाज युवा प्रभाग तहसील नगरी के पदाधिकारियों के द्वारा बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंकों से पास हुए छात्र - छात्राओं को उनके निवास स्थल पहुंच कर पिला चावल , श्रीफल , पुष्पहार , मीठा सहित शुभकामनाए प्रेषित कर बधाई दिया गया। हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा में प्रीति ध्रुव पिता कचरूराम ध्रुव ग्राम चर्रा ने 93.6 प्रतिशत , याचना ध्रुव ग्राम साहनीखार 83 प्रतिशत , कुसुमलता ध्रुव ग्राम तुमडीबाहर 80 प्रतिशत , राखी नेताम ग्राम बिलभदर 76 प्रतिशत , वही नगरी एक ऐसा छात्र अनिश ध्रुव जिसने गणित में 100 में से 100 नंबर प्राप्त करते हुए 70.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए । हायर सेकेंडरी स्कूल में यशस्वी ध्रुव पिता माखनलाल ध्रुव नगरी की छात्रा ने साइंस में 83.6 प्रतिशत , तेजस्वी मार्कोले ग्राम करैया साइंस में 80 प्रतिशत , चित्रानी ध्रुव ग्राम गट्टासिली वाणिज्य से 83 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इस मौके पर आदिवासी ध्रुव गोंड समाज तहसील नगरी के अध्यक्ष सुरेंद्र ध्रुव जी एवं युवा प्रभाग कोषाध्यक्ष कांता कुंजाम, सचिव तामेश्वर ध्रुव, मीडिया प्रभारी गितेश ध्रुव, सदस्य गोपाल मरकाम सहित ग्राम वाशियो की उपस्थिति रही और उत्कृट छात्र - छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं सहित बधाई दिया गया।

दसवीं बोर्ड में टापर चांदनी का गांव जाकर किया सम्मान

खैरागढ़/नवप्रदेश । ब्लाक के ग्राम टोलागांव की चांदनी साहू ने शासकीय हाई स्कूल टोलागांव से दसवीं बोर्ड की परीक्षा मे 95.83 प्रतिशत के साथ जिले के टापरों मे द्वितीय स्थान प्राप्त कर जिला के साथ-साथ गांव को गौरवान्वित किया है। चांदनी साहू की उपलब्धि पर पूर्व भाजपाजिलाध्यक्ष घम्मन साहू ने घर पहुंच चांदनी को शुभकामनाएं देते उज्जवल भविष्य की कामना की। घम्मन साहू ने कहा कि साहू समाज के लिए गौरव की बात है कि चांदनी ने शिक्षकों के मार्गदर्शन स्वयं की लगन व मेहनत से मुकाम हासिल किया है। शिक्षा के क्षेत्र में वह ऐसे ही सतत आगे बढ़ने की शुभकामनाएं देते हर संभव सहयोग की बात कही। इस अवसर पर शाला विकास समिति अध्यक्ष विष्णु दास साहू, नारायण दास साहू, संतराम साहू, ओम प्रकाश साहू, बृजेश साहू, गीता साहू, योगेश साहू एवं उनके परिजन उपस्थित थे।

जब आधी रात थाने में पहुंचे एसएसपी साहू

रात्रि में ढाबा-होटलों में चेकिंग कार्यवाही करने दिए निर्देश

चोरियों एवं अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु रात्रि में गस्त, पेट्रोलिंग, काम्बिग गस्त करने निर्देश

साजा/बेमेतरा/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू ने सोमवार को अचानक आधी रात थाना चंदनू एवं पुलिस चौकी मारो पहुंचे। जहां उपस्थित अधिकारी/कर्मचारियों को रात में पेट्रोलिंग/गश्त करने, रात्रि में किसी प्रकार की घटना घटित होने पर तत्काल रिस्पांस देने, चोरी जैसी कोई घटना न हो इस लिए सर्तकता से सचेत होकर गस्त करने, किसी भी ढाबा/होटलो में अवैध शराब की बिक्री एवं पीलाने की सुविधा नहीं होना चाहिए, इसलिए लगातार रात्रि में ढाबा/होटलों में चेकिंग कार्यवाही करने तथा अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा, नशीली दवा एवं अन्य अवैध कार्यो में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही के दिए निर्देश। शाम को चौक-चौराहों में विजिबल पुलिसिंग करने और रात्रि गश्त के दौरान संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कार्यवाही करने व मजबूत सूचना तंत्र विकसित कर बेहतर पुलिसिंग करने दिए गए दिशा निर्देश।

उन्होंने ने सुशासन तिहार को लेकर उपस्थित अधिकारी /कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर आम जनता से सीधा संवाद करें तथा स्थानीय समस्याओं की जानकारी लेकर उनका त्वरित निराकरण करें। उन्होंने कहा कि आम जनता की समस्याओं का समाधान ही उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी अधिकारियों को थानों/चौकी में आने वाले फरियादियों की समस्याएं धैर्यपूर्वक सुनने, महिलाओं व बुजुर्गों से सम्मानजनक व्यवहार करने तथा समाधान शिविरों में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसएसपी ने लंबित अपराध, मर्ग, गुम इंसान, तथा विवेचना में शीघ्रता लाने, समयबद्ध अभियोग पत्र प्रस्तुत करने, तथा फरार आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने पर बल दिया। गणना में उपस्थित अधि./कर्मचारियों को वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त निर्देशों को पढकर सुनाने, डियुटी सर्टीफिकेट के साथ ही जवानों को डियुटी पर भेजने, साप्ताहिक डायरी समय पर भेजने एवं सीसीटीएनएस डाटा एंट्री समय पर कराने एवं पीकप/मालवाहक वाहन मालिकों की बैठक लेकर यातायात नियमों की जानकारी देकर, यातायात नियमों की उलंघन करने पर नियमानुसार कार्यवाही करने निर्देश दिए गए। चोरियों एवं अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु रात्रि में गस्त, पेट्रोलिंग, काम्बिग गस्त सुदृढ करने, गस्त, पेट्रोलिंग, काम्बिग गस्त के दौरान हाटल, लाज, ढाबा, एटीएम, बैक, बस स्टैण्ड, प्रतिक्षालय एवं संदिग्ध व्यक्तियो कि चेकिंग करने, अधिकारियों व जवानों को रात में गस्त, पेट्रोलिंग, काम्बिग गस्त कर गली मोहल्लों एवं चप्पे-चप्पे पर अपनी पैनी नजर रखने, साथ ही आसपास के ग्रामीण इलाकों में गस्त को बढ़ाने व लगातार रात में गस्त, पेट्रोलिंग, काम्बिग गस्त करने निर्देशित किया गया।

त्रिनयन एप के माध्यम से बेमेतरा जिले के लिए विकसित सीसीटीवी कैमरा का डेटाबेस है जो तेजी से अपराध सुलझाने के लिए पुलिस को सशक्त बनाने, सायबर अपराध पर नियंत्रण हेतु रेंज तथा जिलों में सायबर प्रहरी का प्रचार-प्रसार कर व्हाट्सएप ग्रुप बीट वाईस बनाया गया है उसमें अधिक से अधिक लोगो को जोडकर जन जागरूकता अभियान चलाया जाने निर्देशित किया गया।

हम शिक्षा, सामाजिक सद्भाव और विकास के कार्यों में मिलकर आगे बढ़ें : अरूण साव

माता कर्मा ने समता, करुणा और भक्ति का दिया है संदेश

साजा/बेमेतरा/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री एवं बेमेतरा जिला प्रभारी मंत्री अरुण साव आज बेमेतरा जिले के ग्राम मटका में आयोजित जिला स्तरीय भक्त माता कर्मा महोत्सव एवं सम्मान समारोह में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री साव ने साहू समाज की आराध्य देवी भक्त माता कर्मा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर समारोह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा भी माल्यार्पण कर माता कर्मा को नमन किया गया।

इस अवसर पर पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, विधायक बेमेतरा दीपेश साहू, विधायक साजा ईश्वर साहू सहित अध्यक्ष प्रदेश साहू संघ टहल राम साहू, जिला अध्यक्ष साहू समाज गैंदराम साहू, जितेन्द्र साहू अध्यक्ष तेलघानी बोर्ड, दीपक ताराचंद साहू पूर्व अध्यक्ष हस्तशिल्प विकास बोर्ड, रामकुमार साहू संरक्षक, पंचराम साहू पूर्व अध्यक्ष जिला साहू संघ बेमेतरा, अजय साहू सहित समाज प्रमुख, जनप्रतिनिधि, पार्षदगण और बढ़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

समारोह में उप मुख्यमंत्री साव ने समाज और राज्य के लिए उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों, समाज के सदस्यों और मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया। गांव में सुबह शोभा (कलश) यात्रानिकाली गई। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

उप मुख्यमंत्री साव ने कहा आज भक्त माता कर्मा महोत्सव में आप सभी के बीच उपस्थित होकर मैं स्वयं को सौभाग्यशाली मानता हूँ। माता कर्मा जी ने समता, करुणा और भक्ति का जो संदेश दिया है, वह समाज को नई दिशा देता है। साहू समाज ने सदैव सामाजिक समरसता और शिक्षा को बढ़ावा दिया है। उन्होंने कहा कि माता कर्मा जी का आशीर्वाद हम सभी पर बना रहे। हम शिक्षा, सामाजिक सद्भाव और विकास के कार्यों में मिलकर आगे बढ़ें - यही सच्ची भक्ति है।

आज सम्मानित मेधावी विद्यार्थी हमारे समाज और प्रदेश का उज्ज्वल भविष्य हैं। मैं आप सभी से आग्रह करता हूँ कि शिक्षा और संस्कार की इस परंपरा को आगे बढ़ाएं। प्रदेश सरकार हर वर्ग के उत्थान के लिए कृतसंकल्पित है।

पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि भक्त माता कर्मा का जीवन हमें भक्ति, सेवा और सामाजिक उत्थान का संदेश देता है। साहू समाज ने सदैव समाज को शिक्षित और संगठित करने में भूमिका निभाई है। युवाओं में शिक्षा और चरित्र निर्माण की भावना जागृत कर हम समाज को और मजबूत बना सकते हैं।

विधायक बेमेतरा दीपेश साहू ने कहा यह महोत्सव हमारी संस्कृति और समाज की एकजुटता का प्रतीक है। सम्मान समारोह बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देगा। मैं सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देता हूँ। साजा विधायक ईश्वर साहू ने भी संबोधित किया। समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ ही समाज के उत्थान में योगदान देने वालों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणजन की उत्साहजनक सहभागिता रही।

विद्यार्थी स्वयं से झूठ ना बोलें

अपनी रुचि के अनुसार कैरियर का निर्धारण स्वयं करें

अपने करियर के अनुकूल सिलेबस का गहन अध्ययन करें : नभ सिंह

कुरूद/नवप्रदेश। विद्यार्थी स्वयं से झूठ ना बोलें ,अपनी क्षमताओं को पहचाने और अपने क्षमता के अनुरूप विषय या करियर का चयन करें, ऐसे विद्यार्थियों से मित्रता करें जो उनके करियर के अनुकूल या सहयोगी हो तत्पश्चात अपने करियर के लिए आवश्यक सिलेबस का गहन अध्ययन कर सफलता के लिए एक रोड में तैयार करें। उक्त मार्गदर्शन निशुल्क शैक्षिक एवं कैरियर मार्गदर्शन शिविर के शुभारंभ अवसर पर प्रबोधन एसडीएम कुरूद एनएस कोसले ने दिया। उन्होंने बच्चों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का भी बहुत ही सरल और आकर्षक ढंग से उत्तर प्रस्तुत कर विद्यार्थियों एवं उपस्थित पालक तथा शिक्षक समुदाय को प्रभावित किया।

पिछले दो वर्षों के अनुसार इस बार भी वर्ष भी निशुल्क शैक्षिक एवं कैरियर मार्गदर्शन शिविर का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कातलबोड में साहू समाज बांनगर परिक्षेत्र के तत्वावधान में कर्मचारी प्रकोष्ठ बांनगर के निर्देशन में किया जा रहा है।

इस शिविर में परिक्षेत्र के 12 गांव के अतिरिक्त 22 गांव के विद्यार्थी ,प्रतियोगी परीक्षा पीएससी b.Ed d.ed एसएससी ,प्रयास विद्यालय प्रवेश परीक्षा ,संगीत प्रशिक्षण , 9वी से 12वी तक कठिन विषयों का अध्ययन के साथ-साथ करियर गाइडेंस एवं नैतिक शिक्षा हेतु योजनाबद्ध तरीके से निर्धारित कालखंड के अनुरूप अध्ययन कर रहे हैं।

मोर गांव-स्वच्छ गांव के थीम पर हुआ स्वच्छता सप्ताह का शुभारंभ

12 से 18 मई तक होगा स्वच्छता सप्ताह का आयोजन

साजा/बेमेतरा/नवप्रदेश। जिले मे स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेस-2 के तहत मोर गांव-स्वच्छ गांव के थीम पर 12 मई से 18 मई 2025 तक स्वछता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। यह सप्ताह स्वच्छता, साफ-सफाई और पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए आयोजित किया गया है।

इस दौरान विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम जैसे सफाई अभियान, स्वच्छता जागरूकता अभियान और स्वच्छता के महत्व पर चर्चा कार्यक्रम आयोजित की जाएगी।

स्वच्छता सप्ताह का उद्देश्य लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना, लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में बताना, स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाना, एक स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण बनाना है। स्वछता सप्ताह का शुभारंभ आज सोमवार 12 मई को पंचायत कार्यालयों से स्वच्छता शपथ एवं कार्यालय परिसर की साफ-सफाई से प्रारंभ किया गया। इस हेतु ग्राम कोटवार या चौकिदार के माध्यम से कचरा कलेक्शन एवं यूजर्स चार्ज हेतु पूरे गाँव में मुनादी करवाई गई।

स्वछता सप्ताह के दौरान आयोजित गतिविधियां - सार्वजनिक स्थानों, स्कूलों, और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर सफाई अभियान आयोजित किया जायेगा। स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए संगोष्ठियां, व्याख्यान, और अन्य जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। स्वच्छता के महत्व के बारे में चर्चा करने के लिए संगोष्ठियां और व्याख्यान आयोजित किये जाएंगे। स्वच्छता से संबंधित पेंटिंग, निबंध या भाषण जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित किया जायेगा।

स्थानीय स्तर पर स्वच्छता अभियान आयोजित किए जा सकते हैं, जैसे कि गांव में सफाई अभियान या स्कूल में स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी टेकचंद अग्रवाल ने जिलेवासियों से अपील किए है कि स्वच्छता सप्ताह में भाग लेकर अपने समुदाय और देश को स्वच्छ बनाने में योगदान करें।

युवा व्यवसायी विनोद बोहरा नगर गौरव अवार्ड से सम्मानित

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शहर की सेवाभावी उदयाचल संस्था के 57वें वार्षिक उत्सव के आयोजन अवसर पर रविवार को नागरिक अभिनंदन एवं शपथ ग्रहण समारोह और उदयाचल अवार्डस् वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में सामाजिक क्षेत्र में अपना बेहतर योगदान देने विभिन्न हस्तियों को सम्मानित किया गया। वहीं शहर के प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं युवा व्यवसायी विनोद बोहरा अप्पू को उदयाचल परिवार द्वारा स्व. कांतिभाई प्रागजी भाई रायचा की स्मृति में नगर गौरव पुरस्कार प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया। समाजसेवी विनोद बोहरा अप्पू लगातार जनसेवा से जुड़े कार्यों में अग्रणी होकर अपनी अहम भूमिका निभाते हैं। विभिन्न धार्मिक, सामाजिक आयोजनों में भी उनकी सहभागिता रहती है।

बुद्ध पूर्णिमा पर प्रतिबंध फिर भी जमकर बिका मांस-मटन

नगर स्थित कुरूद इन बार द्वारा ग्राहकों को जितना चिकन चाहिए मिलेगा का दिया प्रलोभन

कुरूद/नवप्रदेश। जब देश भर में शांति और करुणा के प्रतीक गौतम बुद्ध की जयंती को श्रद्धा से मनाया जा रहा था, तब कुरुद के एनएच-30 पर स्थित, कुरूद इन बार में और ढाबा बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर को शर्मसार कर रहे थे। नगर पंचायत द्वारा सुबह से ही मुनादी कर मांस और मदिरा की बिक्री पर प्रतिबंध की घोषणा की गई थी। स्थानीय चिकन दुकानों ने इसका पालन भी किया, लेकिन ह॥-30 पर स्थिति कुछ और ही कहानी बयान कर रही थी। और तो और कुरूद नगर स्थित बार एंड रेस्टोरेंट द्वारा जितना चिकन - मटन खाना है मिल जाएगा का खुला उल्लंघन करते देखा गया। कारगिल चौक के पास चिकन चिल्ली की खुली दावतें, बार में परोसी जाती रही शराब और मांस की थालियां, और हर ओर फैली अराजकता ने दिखा दिया कि यहां कानून का नहीं, रसूख का राज है।

प्रश्न उठता है : जब नगर पंचायत ने चेतावनी दी थी,तब ह॥-30 पर प्रशासन की आंखें क्यों बंद थीं?

क्या पुलिस सिर्फ कमजोरों को ही ताकत दिखाने के लिए बनी है

क्या इन बार और ढाबों के पीछे कोई ऊंची पहुंच÷ काम कर रही है, जो कानून को भी खरीद सकती है?

सीएमओ की सफाई और पुलिस की चुप्पीः नगर पंचायत के सीएमओ महेंद्र राज गुप्ता ने दावा किया कि उन्होंने दुकानों को बंद कराया और दोपहर तक कार्रवाई की। लेकिन यह ÷आधी सच्चाई÷ है। वास्तविकता ये है कि प्रतिबंधित ढाबों पर शाम तक मांस-मदिरा बिकती रही और पुलिस मूकदर्शक बनी रही। क्या थाना कुरुद की गश्ती टीमें सिर्फ माइक पर चेतावनी देने और सोशल मीडिया पर बयानबाजी के लिए बनी हैं?

पेज 1 शेष

भारतीय सेना जरूरत पड़ने पर...

धार्मिक स्थलों एवं यात्राओं को निशाना बनाने लगे थे और पहलगाम में उनका पाप का घड़ा भर गया था।

उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान पाकिस्तानी सेना द्वारा इस्तेमाल किये गये चीन निर्मित हथियार नाकाम साबित हुए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वायुरक्षा प्रणाली को संदर्भों में समझने की जरूरत है। पिछले दस साल में सरकार से सेनाओं को जो बजटीय समर्थन मिला है उससे हमें देश की वायुरक्षा प्रणाली मजबूत एवं आधुनिक बनाने में बड़ी मदद मिली है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर में तीनों सेनाओं, सीमा सुरक्षा बल, और सरकारी एजेंसियों का पूरा समन्वय रहा।

भय बिनु होइ न प्रीति...और रामचरित मानस से सेना ने की प्रेस ब्रीफिंग की शुरूआत

भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव के बीच आज लगातार दूसरे दिन भारतीय सेना के महानिदेशक स्तर के अधिकारियों ने प्रेस ब्रीफिंग की। आज सैन्य अधिकारियों के वक्तव्य से पहले राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की एक कविता- 'कृष्ण की चेतावनी' के अंशों का इस्तेमाल किया गया। भारतीय सेना दहशतगर्दों के पनाहगाह पाकिस्तान को क्या संदेश देना चाह रही है? क्या पड़ोसी देश के अलावा भारत पूरी दुनिया को संदेश दे रहा है। इन सवालों पर एयरमार्शल एके भारती ने रामचरितमानस की पंक्तियों का उल्लेख किया और कहा कि समझदार को इशारा ही काफी है।

समझदार को इशारा काफी

एयर मार्शल भारती ने रामचरितमानस की पंक्तियों का उल्लेख किया और कहा कि जब राम समुद्र तट पर उपासना और प्रार्थना कर रहे थे वहां तुलसीदास ने लिखा है-- विनय न मानत जलधि जड़ गए तीन दिन बीत बोले राम सकोप तब भय बिनु होहीं न प्रीत।

'भारत के हमले से उनका हौसला भी थर्रा गया'

पीएम मोदी ने कहा, जब पाकिस्तान में आतंक के अड्डों पर भारत की मिसाइलों ने हमला किया, भारत के ड्रोन्स ने हमला बोला तो आतंकी संगठनों की इमारतें ही नहीं, बल्कि उनका हौसला भी थर्रा गया। बहावलपुर और मुरीदके जैसे आतंकी ठिकाने एक प्रकार से ग्लोबल टेररिज्म की यूनिवर्सिटी रहे हैं। दुनिया में कहीं पर भी जो बड़े आतंकी हमले हुए हैं, चाहे 9/11 हो, चाहे लंदन ट्यूब बॉम्बिंग हो या भारत में दशकों से बड़े-बड़े आतंकी हमले हुए हैं, उन सभी के तार कहीं न कहीं आतंक के इन्हीं ठिकानों से जुड़ते रहे हैं।

खुलेआम पाकिस्तान में घूम रहे थे आतंकी

प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंक के बहुत सारे आका बीते ढाई-तीन दशकों से खुलेआम पाकिस्तान में घूम रहे थे, जो भारत के खिलाफ साजिशें करते थे। उन्हें भारत ने एक झटके में खत्म कर दिया। दुनिया ने देखा कि कैसे पाकिस्तान के ड्रोन्स, पाकिस्तान की मिसाइलें भारत के सामने तिनके की तरह बिखर गईं। भारत के सशक्त एयर डिफेंस सिस्टम ने उन्हें आसमान में ही नष्ट कर दिया। पाकिस्तान की तैयारी सीमा पर वार की थी, लेकिन भारत ने पाकिस्तान के सीने पर वार कर दिया।

'पाकिस्तान के सीने में बसाए गए आतंक के अड्डों को हमने खंडहर बना दिया था'

पीएम मोदी ने कहा कि, मैं फिर दोहरा रहा हूं कि हमने पाकिस्तान के आतंकी और सैन्य ठिकानों पर अपनी जवाबी कार्रवाई को अभी सिर्फ स्थगित किया है। पाकिस्तान दुनियाभर में तनाव कम करने के लिए गुहार लगा था और बुरी तरह पिटने के बाद इसी मजबूरी में 10 मई की दोपहर को पाकिस्तानी सेना ने हमारे डीजीएमओ से संपर्क किया। तब तक हम आतंकवाद के इन्फ्रास्ट्रक्चर को बड़े पैमाने पर तबाह कर चुके थे। आतंकियों को मौत के घाट उतार दिया गया था। पाकिस्तान के सीने में बसाए गए आतंक के अड्डों को हमने खंडहर बना दिया था। इसलिए जब पाकिस्तान की तरफ से गुहार लगाई गई, पाकिस्तान की तरफ से जब यह कहा गया कि उसकी ओर से आगे कोई आतंकी गतिविधि और सैन्य दुस्साहस नहीं दिखाया जाएगा, तो भारत ने उस पर भी विचार किया। आने वाले दिनों में हम पाकिस्तान के हर कदम को इस कसौटी पर मापेंगे कि वह क्या रवैया अपनाता है।

आतंकवाद एक दिन पाकिस्तान को ही समाप्त कर देगा- पीएम

प्रधानमंत्री ने कहा कि हर प्रकार के आतंकवाद के खिलाफ हम सभी का एकजुट रहना हमारी एकता हमारी सबसे शक्ति होगी। निश्चित तौर पर यह युग युद्ध का नहीं है, लेकिन यह युग आतंकवाद का भी नहीं है। आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस बेहतर दुनिया की गारंटी है। पाकिस्तानी फौज, पाकिस्तान की सरकार जिस तरह आतंकवाद को खाद-पानी दे रहे हैं, वो एक दिन पाकिस्तान को ही समाप्त कर देगा।

बायो-सीएनजी...

के रूप में किया जाता है। साथ ही सीएनजी वाहनों को ईंधन देने के लिए, एलपीजी के विकल्प के रूप में खाना पकाने और हीटिंग के लिए, बिजली उत्पादन के लिए, कुछ उद्योगों में हीटिंग और अन्य प्रक्रियाओं के लिए भी इसका उपयोग किया जा सकता है। केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय का अनुमान है कि भारत में बायो-सीएनजी उत्पादन की क्षमता लगभग 70 मिलियन मीट्रिक टन है। इसका उत्पादन बाजार की मांग के अनुरूप है, जिससे यह आर्थिक रूप से पूरी तरह व्यवहारिक है।

क्या है बायोसीएनजी?

बायोसीएनजी का उत्पादन जैविक अपशिष्ट पदार्थों जैसे पशु अपशिष्ट, खाद्य अपशिष्ट और औद्योगिक कीचड़ को बायोगैस और डाइजेस्टेट में तोड़कर किया जाता है। यह प्रक्रिया एक सीलबंद, ऑक्सीजन रहित टैंक में होती है, जिसे एनारोबिक डाइजेस्टर भी कहा जाता है। फिर बायोगैस को संसाधित किया जाता है, जिससे 95 फीसदी शुद्ध मीथेन गैस प्राप्त होती है। इस प्रक्रिया से उच्च गुणवत्ता वाला सांद्रित तरल उर्वरक प्राप्त होता है।

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 20572 दिनांक 07.05.2025
वार्ड का नाम- 53- बाबू जगजीवन राम वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR446I00142 जो कि निगम अभिलेख में पिता/पति श्री/श्रीमती VEENA LAKHOTIYA पिता/पति श्री/श्रीमती W/O DEEPAK LAKHOTIYA के नाम से दर्ज है, जिसको पिता/पति श्री/श्रीमती Raghaw Kumar Soni पिता/पति श्री/श्रीमती S/O Ashok kumar Soni ने मृत्यु प्रमाण पत्र, दान पत्र/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,

श्री विवेकानंद दुबे
जोन कमिश्नर
जोन (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

जनता को बिना किसी कठिनाई शासन की योजनाओं का मिले लाभ : दीपेश साहू

■ 6980 आवेदनों का हुआ निराकरण

साजा/बेमेतरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन और ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से सुशासन तिहार-2025 के अंतर्गत तीसरे चरण का 11 वां सुशासन समाधान शिविर आज बेरला विकासखंड के क्लस्टर ग्राम पंचायत कोदवा के गोठान, स्कूल के बाजु मैदान परिसर में आयोजित किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में बेमेतरा विधायक दीपेश साहू उपस्थित रहे। इस दौरान कलेक्टर रणबीर शर्मा, जिला पंचायत सीईओ टेकचंद अग्रवाल, एसडीएम दिप्ती वर्मा, सीईओ जनपद पंचायत शिशिर शर्मा सहित पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष बलराम पटेल, जनपद पंचायत सदस्य नीरज राजपूत, सुनील राजपूत, सेवाराम साहु संडी सरपंच, कोदवा सरपंच रूखमणी पारकर, उपसरपंच आरिफ खान सहित संबंधित ग्राम के ग्रामीणजन और जिले के समस्त अधिकारी उपस्थित रहे। शिविर में कोदवा क्लस्टर के 12 ग्राम पंचायतों से प्राप्त कुल 6984 आवेदनों में से 6980 आवेदनों का त्वरित निराकरण सुशासन तिहार के दूसरे चरण मे संबंधित विभागों द्वारा किया गया।

राजनांदगांव में शराब की ओवर रेटिंग: बड़े खिलाड़ी की तलाश

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राजनांदगांव में शराब की दुकानों पर ओवर रेटिंग की समस्या आम हो गई है। शासन प्रशासन दिखावे के लिए बस सेल्समैन और सेल्स मैनेजर पर कार्रवाई कर रहा है, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि आखिर इसका बड़ा खिलाड़ी कौन है?

ओवर रेटिंग का खेल

ओवर रेटिंग का खेल बड़े पैमाने पर हो रहा है। शराब की दुकानों पर ग्राहकों से अधिक पैसे वसूले जा रहे हैं और शासन को राजस्व की हानि हो रही है।

बड़े खिलाड़ी की तलाश

आरोप है कि ओवर रेटिंग के पीछे बड़े खिलाड़ी हैं, जो शासन प्रशासन के अधिकारियों के साथ मिलकर इस खेल को चला रहे हैं। लेकिन शासन प्रशासन दिखावे के लिए बस छोटे स्तर के कर्मचारियों पर कार्रवाई कर रहा है।

नेता का संरक्षण

आरोप है कि ओवर रेटिंग करने वालों को कुछ नेताओं का संरक्षण प्राप्त है। इससे उन्हें खुलेआम ओवर रेटिंग करने की अनुमति मिल रही है और शासन प्रशासन के अधिकारी भी उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं कर पा रहे हैं।

कार्रवाई की मांग

स्थानीय लोगों ने शासन प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि ओवर रेटिंग को रोकने के लिए कड़े कदम उठाए जाने चाहिए और बड़े खिलाड़ियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

निष्कर्ष

राजनांदगांव में शराब की ओवर रेटिंग एक बड़ा मुद्दा है। शासन प्रशासन को बड़े खिलाड़ियों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए और ओवर रेटिंग को रोकने के लिए कड़े कदम उठाने चाहिए।

अवैध प्लाटिंग: प्रशासन और निगम की भूमिका संदिग्ध

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राजनांदगांव में अवैध प्लाटिंग की खबरें प्रकाशित होने के बाद भी नगर पालिका निगम एवं प्रशासन द्वारा अब तक कार्रवाई न करना एक बड़ा मुद्दा बन गया है। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि प्रशासन और नगर निगम अवैध प्लाटिंग करने वालों के साथ मिला हुआ है।

अवैध प्लाटिंग का खेल

अवैध प्लाटिंग का खेल बड़े पैमाने पर हो रहा है। इसमें शामिल लोगों को उच्च अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त है, जो उन्हें खुलेआम अवैध प्लाटिंग करने की अनुमति दे रहा है।

संदेह के घेरे में प्रशासन और नगर निगम

प्रशासन और नगर निगम की कार्रवाई न करना भी संदेह के घेरे में आता है। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि दोनों ही संस्थाओं की मिलीभगत से अवैध प्लाटिंग हो रही है।

आखिर किसका आशीर्वाद?

अवैध प्लाटिंग करने वालों को आखिर किसका आशीर्वाद प्राप्त है? क्या यह आशीर्वाद प्रशासन और नगर निगम के उच्च अधिकारियों का है? यह सवाल अब उठने लगे हैं।

कार्रवाई की मांग

स्थानीय लोगों ने प्रशासन और नगर निगम से कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि अवैध प्लाटिंग को रोकने के लिए कड़े कदम उठाए जाने चाहिए और अवैध प्लाटिंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

प्रशासन और नगर निगम की अनदेखी

प्रशासन और नगर निगम की अनदेखी के कारण अवैध प्लाटिंग जोरों पर है। दोनों ही संस्थाओं के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं और अवैध प्लाटिंग करने वालों के खिलाफकोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

निष्कर्ष

राजनांदगांव में अवैध प्लाटिंग एक बड़ा मुद्दा है। प्रशासन और नगर निगम की अनदेखी और संदिग्ध भूमिका के कारण अवैध प्लाटिंग जोरों पर है। अब देखना यह है कि प्रशासन और नगर निगम इस पर क्या कार्रवाई करता है और अवैध प्लाटिंग करने वालों के खिलाफ क्या कदम उठाता है।

राजनांदगांव में रेत की कालाबाजारी माइनिंग विभाग की अनदेखी

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राजनांदगांव जिले में रेत की कालाबाजारी जोरों पर है। हैरानी की बात है कि जिले में एक भी रेत खदान शुरू नहीं है, लेकिन इसके बावजूद स्टॉक पर्ची के नाम से रेत की कालाबाजारी बड़े पैमाने पर हो रही है।

कार्रवाई की मांग : स्थानीय लोगों ने माइनिंग विभाग से कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि रेत की कालाबाजारी को रोकने के लिए कड़े कदम उठाए जाने चाहिए और कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

कालाबाजारी के पीछे का खेल

आरोप है कि रेत की कालाबाजारी के पीछे बड़े पैमाने पर खेल हो रहा है। इसमें शामिल लोगों को उच्च अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त है, जो उन्हें खुलेआम कालाबाजारी करने की अनुमति दे रहा है।

संदेह के घेरे में माइनिंग विभाग

माइनिंग विभाग की कार्रवाई न करना भी संदेह के घेरे में आता है। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि विभाग की मिलीभगत से कालाबाजारी हो रही है।

निष्कर्ष

राजनांदगांव में रेत की कालाबाजारी एक बड़ा मुद्दा है। माइनिंग विभाग की अनदेखी और संदिग्ध भूमिका के कारण कालाबाजारी जोरों पर है। अब देखना यह है कि माइनिंग विभाग इस पर क्या कार्रवाई करता है और कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ क्या कदम उठाता है।

माइनिंग विभाग की अनदेखी

माइनिंग विभाग की अनदेखी के कारण रेत की कालाबाजारी जोरों पर है। विभाग के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं और कालाबाजारी करने वालों के खिलाफकोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

न्यूज गैलरी

पिपरौद स्कूल का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा घोषित बोर्ड परीक्षा परिणाम सत्र 2024 -2025 में शा. उ.मा. विद्यालय पिपरौद का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा दसवीं में यश कुमार साहू ने 92.5 प्रतिशत लाकर विद्यालय में प्रथम स्थान, नेहाल राजवंशी 83 प्रतिशत द्वितीय, ऋषि राजवंशी 79.66 प्रतिशत तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा दसवीं में कुल 53 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। जिसमें 40 बच्चे उत्तीर्ण हुए, प्रथम श्रेणी में 15, द्वितीय श्रेणी में 25 बच्चे उत्तीर्ण हुए। कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 75.47 प्रतिशत रहा। कक्षा 12वीं में रूपेश कुमार साहू 88.4 प्रतिशत प्रथम, भावेश कुमार 77.6 प्रतिशत द्वितीय, दुर्गेश कुमार साहू 76.8 प्रतिशत तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 12वीं में कुल 61 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिसमें प्रथम श्रेणी में 23, द्वितीय श्रेणी में 22, एवं तृतीय श्रेणी में 02, कुल 47 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 77.4 प्रतिशत रहा। बच्चों के अच्छे परीक्षा परिणाम के लिए विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य कृष्णा देवांगन ने बधाई दी है।

खेत में मिली लाश की हुई पहचान, जांच में जुटी पुलिस

महासमुंद/नवप्रदेश। कोमाखान पुलिस ने बीते 9 मई को ग्राम टोंगोपानी के एक खेत में मिली लाश की शिनाख्त की है। मृतक को नुआपाड़ा ओड़िशा का निवासी बताया गया है। मृतक के परिजनों ने मृतक के चेहरे, पहने हुए कपड़े व उंगलियों में पहने अंगूठियों को देखकर उसकी पहचान शिवशक्ति नगर नुआपाडा ओडिशा निवासी मानस रंजन त्रिपाठी (35) के रूप में की है। पुलिस की पूछताछ में परिजनों ने बताया कि मृतक मानस रंजन त्रिपाठी ने फार्मेसी की पढ़ाई की थी।

अंधे कत्ल का हुआ खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

टांगिया से 4 बार वार कर की हत्या

कवर्धा /नवप्रदेश। बैजलपुर थाना बोड़ला पुलिस ने अंधे कत्ल के गंभीर प्रकरण का त्वरित खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

ज्ञात हो कि 7 मई की रात्रि को चौकी बैजलपुर को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम खरिया में एक व्यक्ति रतू धुर्वे पिता पुशऊ धुर्वे उम्र लगभग 50 वर्ष की धारदार हथियार से गले में वार कर हत्या कर दी गई है। सूचना पर तत्काल पुलिस द्वारा मौके पर पहुँचकर जांच उपरांत थाना बोड़ला में अपराध क्रमांक 69/2025 धारा 103(1) ब्नहस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना के दौरान यह तथ्य सामने आया कि मृतक रतू धुर्वे बैगा था, जो झाड़-फूंक का कार्य करता था। दिनांक 06 मई को सुबह लगभग 8:00 बजे वह अपने गृहग्राम खरिया पहुंचा था। वहीं एक परिवार का झाड़-फूंक करते समय *आरोपी तेरसु धुर्वे भी वहां पहुंचा और मृतक के साथ बैठकर शराब का सेवन किया। इस दौरान आपसी कहासुनी एवं पुरानी रंजिश के चलते आरोपी ने मृतक से विवाद किया और आवेश में आकर मृतक के घर स्थित धाम से टंगिया लाकर उसके गले में 3ङ्क4 वार कर दिया, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मृत्यु हो गई।

आरोपी तेरसु धुर्वे को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर उसने अपराध करना स्वीकार किया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी बैजलपुर सउनि पंच राम वर्मा टीम की विशेष भूमिका रही।

पीएम आवास योजना के तहत आज 3,752 हितग्राहियों के लिए मनाया जाएगा गृह प्रवेश उत्सव

■ कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे

महासमुंद/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत छत्तीसगढ़ के 51,000 से अधिक परिवार अब अपने नये पक्के घरों में बसने जा रहे हैं। इस महत्वपूर्ण अवसर पर 13 मई को पूरे राज्य में 'गृह प्रवेश उत्सव' का आयोजन किया जाएगा। इसका मुख्य कार्यक्रम सरगुजा जिले के अंबिकापुर में आयोजित किया जाएगा, जहां भारत सरकार के ग्रामीण विकास एवं कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे।

जिला पंचायत महासमुंद से मिली जानकारी के अनुसार जिले में इस विशेष अवसर पर गृह प्रवेश उत्सव का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कुल 3,752 नव-निर्मित आवासों का गृह प्रवेश समारोह सम्पन्न होगा। जिला पंचायत से के अनुसार उत्सव के अंतर्गत कुल 3,752 नव-निर्मित आवासों का गृह प्रवेश समारोह सम्पन्न होगा। जिले के पांचों जनपद पंचायतों में लाभार्थी परिवारों को आवास प्रदान किए जाएंगे। जिसमें महासमुंद जनपद पंचायत में 713 परिवारों को, बागबाहरा जनपद पंचायत में 964 परिवारों को, पिथौरा जनपद पंचायत में 884 परिवारों नव-निर्मित आवास वितरित किए जाएंगे। इसी प्रकार से सरायपाली जनपद पंचायत में 757 परिवारों को और बसना जनपद पंचायत में 434 परिवारों को आवास प्रदान किए जाएंगे।

गृह प्रवेश कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए प्रत्येक लाभार्थी के घर में दीप प्रज्वलन, रंगोली सजावट, स्वागत तोरण तथा हवन-पूजन जैसी सांस्कृतिक एवं धार्मिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी को प्राथमिकता दी गई है, जिससे जनभागीदारी को बढ़ावा मिले और समुदाय का सशक्त जुड़ाव सुनिश्चित किया जा सके।

इसके अलावा, गृह प्रवेश कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों को केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित अन्य योजनाओं की जानकारी दी जाएगी और उन्हें संबंधित योजनाओं से जोड़ने की पहल की जाएगी। इस समन्वय का उद्देश्य केवल एक आवास देना नहीं, बल्कि लाभार्थियों के जीवन में सामाजिक एवं आर्थिक बदलाव लाना है।

बुद्ध पूर्णिमा पर अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ उपासना अभियान संपन्न

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ उपासना अभियान के तहत सोमवार को हजारों घरों मे एक साथ हवन यज्ञ हुआ। यज्ञ के प्रचार प्रसार हेतु 1 सप्ताह से नगर के सभी मंदिर के पुरोहितों को मंदिरों में यज्ञ करने के लिए डॉ उमा गुप्ता ने यज्ञ के प्रभाव को विस्तार से बताया। प्रचार प्रसार प्रभारी सम्पत साहू ने बताया कि राष्ट्र को समृद्ध और सशक्त बनाने के उद्देश्य से गायत्री परिवार संपूर्ण देश में बुद्ध पूर्णिमा पर एक साथ एक समय पर हवन यज्ञ संपन्न करा रहा है। यज्ञ की पूर्णाहुति से पूर्ण सैन्य शक्ति संवर्धन आहुति भी डाली जाएगी। जिससे देश की रक्षा हेतु सीमाओं पर डटे सैनिकों में शक्ति का संचार हो। उनमें शौर्य पराक्रम आत्मबल एवं देश की सुरक्षा का भाव सदा बना रहे है। इसके लिए मिशन के कार्यकर्ताओं को यज्ञ करने के लिए प्रशिक्षित भी किया गया। नवापारा नगर के नगरवासियों के घरों में गायत्री परिवार के सक्रिय कार्यकर्ता भाई बहनों ने भाग लिया और विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार करके गृहे गृहे गायत्री यज्ञ के कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किए।

गौ ग्राम जनजागरण अभियान के तहत नवापारा में यात्रा आज

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। गोपाल गौशाला नवापारा राजिम के तत्वावधान में गौ ग्राम जन जागरण अभियान के तहत 13 मई, मंगलवार को श्री गोपाल गौशाला में सुबह 10:00 बजे गौ माता का पूजा पाठ कर रथ का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक इंद्र कुमार साहू, महंत उमेशानंद गिरि सिद्धिविनायक आश्रम के द्वारा कर पूरे नगर में भ्रमण कराया जाएगा। नगर के सदर रोड, गंज रोड से गौ माता का रथ निकाला जाएगा। गौशाला समिति के अध्यक्ष गिरधारी अग्रवाल ने 13 मई से 17 मई तक अंचल के ग्रामों में होने वाली यात्रा में समस्त गौ भक्तों, धर्म प्रेमियों, नगर वासियों एवं ग्रामवासियों से विनती की है कि इस गौ ग्राम यात्रा में शामिल होकर गौ ग्राम जन जागरण अभियान को सफल बनाएं।

खरोरा से घोड़ारी तक सड़क पर शाम होते ही छाया रहता है अंधेरा

महासमुंद/नवप्रदेश। खरोरा स्थित जिला अस्पताल सह मेडिकल कॉलेज से घोड़ारी तक नेशनल हाईवे 353 सड़क की दोनों ओर, महानदी पर बने ब्रिज से घोड़ारी ओवरब्रिज तक डीएमएफमद से करोड़ों की लागत से लगाए गए स्ट्रीट लाइट, खंभे अब शो - पीस बनकर रह गया है। इस सड़क पर लगी स्ट्रीट लाइटों में अधिकांश लाइटें बंद पड़ी है जिससे सड़क पर घूप अंधेरा छाया रहता है।

महासमुंद से रायपुर जाने वाले ग्राम खरोरा से घोड़ारी तक 8 किलोमीटर नेशनल हाईवे पर आए दिन होने वाली सड़क हादसे और लूटपाट पर अंकुश लगाने के लिए तत्कालीन कलेक्टर प्रभात मलिक ने सड़क को अंधेरा मुक्त करने खनिज न्यास मद से 1.20 करोड़ रुपए स्वीकृत किया था। जानकारी के अनुसार खरोरा से घोड़ारी तक सड़क की दोनों ओर लगभग 8 किलोमीटर तक 430 पोल लगाए जाने थे जिसमें से किसानों के विरोध के बाद कुछ पोल नहीं लगाए जा सके। लेकिन अधिकांश पोल लगाए जाने के बाद सड़क दूधिया रोशनी से जगमगाने लगा था। लभरा खुर्द से घोड़ारी तक अधिकांश लाइट बंद है। शुरूआत में लाइट जरूर जली, लेकिन बाद में लाइटे खराब होने लगी। जिम्सुमेदार सुधार करने पर कोई ध्यान नहीं दिया। बालाजी फ्यूल्स के पास पोल गिरा पड़ा है, जिस पर भी किसी की नज़र नहीं गया। पूर्व कलेक्टर प्रभात मलिक के रहते तक इस पर काम चला, उनके ट्रांसफर के बाद यह काम भी बंद हो गया। बताते हैं कि इस कार्य के लिए जारी राशि खर्च की जा चुकी है। बता दें कि घोड़ारी से मेडिकल कॉलेज के बीच अंधेरा होने कारण दुर्घटनाओं के साथ ही लूटपाट की वारदात हो चुकी है। लोगों की मानें तो इन लाइटों को लगे डेढ़ साल बीत चुके हैं, लेकिन अब तक इन्हे सुधारा की दिशा पर कोई पहल नहीं की गई। बिजली खंभों की हालत इतनी जर्जर हो चुकी है कि कुछ तो पहले ही गिर चुके हैं। इससे दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। वहीं पहले की तरह हमेशा दुर्घटना और लूटपाट का डर लोगों में बना रहता है।

सुशासन तिहार | *हितग्राहियों को राशन कार्ड, श्रमिक कार्ड, जॉब कार्ड और प्रधान मंत्री अभिनंदन पत्र का किया गया वितरण*

विष्णु के सुशासन में प्रत्येक गांव का होगा विकास : विधायक

कोडार में समाधान शिविर का हुआ आयोजन

महासमुंद/नवप्रदेश। कोडार में सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष श्रीमती दिशा रामस्वरूप दीवान ,जिला पंचायत सदस्य श्रीमति सृष्टि अमर चंद्राकर एवं देवकी पटेल, जनपद सदस्य योगेश्वरी साहू, श्रीमती गजल महिलांग, अंजली परमार, सुधा चंद्राकर, प्रियंका ढीढी, अंजली खैरवार , डिगेश्वरी चंद्राकर, पप्पू पटेल, धरम पटेल ,संदीप घोष एवं राजू यादव मौजूद थे।

विधायक एवं जनप्रतिनिधियों ने शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए स्टालों का अवलोकन किया, और उनके विभाग में कितने आवेदन आए और कितने आवेदनों का निराकरण किया गया उसकी जानकारी ली इस अवसर पर विधायक ने ग्रामवासियों की समस्याओं को सुनकर निराकरण के निर्देश दिए।

शिविर को संबोधित करते हुए विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप ग्राम पंचायतों के अंतिम व्यक्ति तक समस्या के समाधान के लिए कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के सुशासन में जिले के सभी गांवों का विकास होगा। विकास कार्य के लिए धन राशि की कमी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सभी वर्गों के हित का ध्यान रख रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास प्लस सर्वे किया जा रहा है, ताकि एक भी पात्र हितग्राही सर्वे सूची में न छूटे और सभी को पक्का आवास मिले। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आयुष्मान कार्ड, महतारी वंदन योजना अंतर्गत हितग्राही लाभान्वित हो रहे है। श्री सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की सोच के अनुरूप छत्तीसगढ़ निरंतर विकास की ओर बढ़ रहा है। सभी मांग एक एक करके पूरा करेंगे।उन्होंने श्रम विभाग की योजनाओं का लाभ उठाने की बात कही। कहा कि इस विभाग में अनेक जनकल्याण करी योजनाओं संचालित है। जल्दी ही टोल फ्री नंबर जारी किया जाएगा। ओला वृष्टि के तहत किसानों को जो नुकसान हुआ है उन्हें मुआवजा दिलाया जाएगा ।इसके लिए सर्वे किया जा रहा है। अंचल में बिजली की समस्या का सुधार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नहर नाली के मरम्मत का कार्य प्रारंभ हो रहा है।

विधायक श्री सिन्हा ने विकास कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि महासमुंद क्षेत्र में लहंगर से पीढ़ी मार्ग में 5 करोड़ 23 लाख रुपए की स्वीकृति हो गई है।जल्दी ही टेंडर लगेगा और भूमि पूजन किया जाएगा।इसी तरह पटेवा से रायपुर मार्ग के लिए 11 करोड़ , परसाडीह से लहंगर के लिए भी राशि स्वीकृति होने की जानकारी दी।

ग्राम साराडीह,बन सिवनी मार्ग,नवापारा से अछरीडीह आदि की स्वीकृति के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने जनता के समक्ष महासमुंद में विकास कार्यों की जानकारी जनता को दी । उन्होंने कहा कि आने वाले 2047 में विकसित छत्तीसगढ़ का सपना पूरा जरूर होगा। महासमुंद का एक एक गांव विकसित होगा।

नवागढ़ में महाराणा प्रताप के शौर्य-वीरता और राष्ट्रभक्ति का हुआ सजीव प्रदर्शन

नवागढ़/नवप्रदेश। शुक्रवार की शाम नवागढ़ की धरती पर राष्ट्रभक्ति, स्वाभिमान और शौर्य की अद्भुत गूंज सुनाई दी, जब महाराणा प्रताप जयंती के पावन अवसर पर नगर के हृदय में स्थित नवनिर्मित महाराणा प्रताप चौक का भव्य लोकार्पण संपन्न हुआ। वैदिक मंत्रोच्चारों और जयघोषों के बीच पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने प्रतिमा का अनावरण कर इतिहास और वर्तमान को एक सेतु में पिरो दिया।

इस ऐतिहासिक दिन नगरवासियों ने पारंपरिक वेशभूषा में तलवारबाजी, फायरिंग और शौर्य यात्रा के माध्यम से महाराणा प्रताप के जीवन मूल्यों को सजीव किया। ढोल-नगाड़ों और भगवा ध्वजों के साथ नगर के कोने-कोने में वीरता और उत्साह की लहर दौड़ गई।

डॉ. सिंह ने भूमि दानकर्ता सुरेश दत्त दुबे एवं आयोजन समिति के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह चौक आने वाली पीढ़ियों के लिए शौर्य, निष्ठा और सेवा का प्रतीक बनेगा।

राष्ट्ररक्षा की प्रेरणा आज भी प्रासंगिक : विजय बघेल

सांसद विजय बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि यद्यपि युद्ध की शैली बदल चुकी है, लेकिन राष्ट्ररक्षा का संकल्प और जज्बा वही है। प्रधानमंत्री मोदी भी उसी अदम्य साहस के साथ पाकिस्तान सहित हर चुनौती को मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं, जैसा साहस महाराणा प्रताप ने अपने समय में दिखाया था।

महाराणा चौक नवागढ़ का गौरव : डॉ. रमन सिंह

डॉ. रमन सिंह ने अपने ओजस्वी संबोधन में कहा कि महाराणा प्रताप केवल इतिहास के पन्नों में दर्ज नाम नहीं, बल्कि स्वाभिमान, स्वराज और आत्मबल के प्रतीक हैं। जब पूरा देश मुगलों के सामने झुक रहा था, तब उन्होंने वन-वन भटकते हुए भी स्वतंत्रता की मशाल थामे रखी। उन्होंने कहा कि यह प्रतिमा केवल स्मारक नहीं, बल्कि नवागढ़ के युवाओं के लिए सतत प्रेरणा का स्त्रोत है।

प्रतिमा अनावरण के सच्चे अधिकारी : विधायक धर्मजीत सिंह

विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि डॉ. रमन सिंह ने छत्तीसगढ़ को 15 वर्षों तक महाराणा के आदर्शों पर चलकर नेतृत्व दिया है। उनके हाथों यह अनावरण होना एक ऐतिहासिक न्याय है। पूर्व विधायक अवधेश चंदेल ने कहा कि यह स्मारक चौक नवागढ़ के युवाओं को प्रतिदिन प्रेरणा देता रहेगा।

इस आयोजन में नगर के सभी समाजों और संगठनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शौर्य यात्रा मार्ग पर विभिन्न समाजों द्वारा लगाए गए जल, शरबत और फल वितरण स्टॉल न केवल अतिथि सत्कार का भाव लिए थे, बल्कि सामाजिक समरसता और एकता की मिसाल बन गए। कार्यक्रम के अंत में समाज प्रमुखों का शाल और श्रीफल से सम्मान किया गया।

गणमान्यजनों की गरिमामयी उपस्थिति

इस अवसर पर प्रह्लाद रजक, रामकमल सिंह, वर्षा विक्रम सिंह, सोम सिंह ठाकुर, अराधना सिंह, सुरेश दत्त दुबे, बजरंग सिंह, महेंद्र सिंह, होरी सिंह, वल्लभ सिंह, जवाहर सिंह, राजा ठाकुर, लक्की ठाकुर, प्रमोद ठाकुर, राजेश सिंह, पिंटी बैस, बलदाऊ सिंह, गणपत सिंह, पोषण सिंह, सुरेश सिंह, बलभद्र सिंह, भगवत सिंह, मुकेश बिसेन, मिंटू बिसेन, दिनेश सिंह, हेम कल्याणी सहित बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

कार की टक्कर से बुजुर्ग घायल

महासमुंद/नवप्रदेश। बागबाहरा रोड में यातायात कार्यालय के पास एक बुजुर्ग को कार ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। घायल के पुत्र ग्राम भलेसर निवासी उत्तम सिन्हा ने सिटी कोतवाली पुलिस को बताया कि उनके पिता मोहन सिन्हा (57) शनिवार को निजी कार्य से महासमुंद गए थे। बागबाहरा रोड में यातायात कार्यालय के पास स्थित पतंजलि दुकान एवं आरके ब्रिक्स के पास बागबाहरा रोड में 8 से 8.30 बजे के बीच एक कार चालक ने उनके पिता को टक्कर मार दी जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई है। मामले में पुलिस ने आरोपी कार क्रमांक सीजी 04 पीवाय 6352 के चालक के खिलाफधारा 281, 125(ए) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

खेत से पंप, केबल वायर, पाइप चोरी

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम खैरखुंटा के एक खेत से केबल और पाइप चोरी के मामले में पिथौरा पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। पुलिस को कुबेर बारिक ने बताया कि 29 अप्रैल की रात उनके खेत से 2 एपी मोटर केबल तार 100 फीट, 200 फीट लपेटा पाइप चोरी हो गई। खोजबीन करने पर पता नहीं चला, 4 दिन बाद ग्राम पाटनदादर निवासी त्रिलोचन भोई ने उन्हें फोन कर बताया कि पाटनदादर में जयलाल यादव मोटर पंप को बेचने के लिए रखा है, पंच प्रमुखों ने देखा तथा सूचना मिलने पर उसने अपने गांव के बृजेश प्रधान एवं आशीष बारिक ने जाकर देखा तो पाया कि उक्त चोरी का सामान उनका है। जिस पर पंच-सरपंच ने 8 मई की बैठक में जयलाल यादव को बुलाया लेकिन व नहीं आया। मामले में आरोपी के खिलाफधारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

ससुर-जेठ ने मिलकर महिला को पीटा

महासमुंद/नवप्रदेश। पटेवा पुलिस ने महिला से मारपीट के मामले में तीन लोगों के खिलाफअपराध दर्ज किया है। पुलिस को झलप निवासी अरविंदर कौर ने बताया कि 9 मई की रात करीब 11 बजे बच्चे को सुलाने की बात पर पति मनदीप सिंग खनूजा से विवाद हो रहा था। इसी दौरान उसके ससुर कुलवंत सिंग खनूजा, जेठ लक्की खनूजा, देवर करण खनूजा गाली-गलौज कर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) के तहत अपराध दर्ज कर लिया गया है।

तीन युवकों ने चलती ट्रेन से लगाई छलांग, एक की मौत

■ टिकट चेकर को देख नशे में डूबे तीनों युवकों ने लगाई छलांग

महासमुंद/नवप्रदेश। ट्रेन में बिना टिकट नशे की हालत में सफर कर रहे तीन युवकों ने टिकट चेकर को देख डरकर चलती ट्रेन से छलांग लगा दी। जिसमें एक युवक की मौत हो गई। वहीं दो युवकों का इलाज चल रहा है।महासमुंद के पिटियाझर रेलवे ट्रैक के पास तीनों युवकों के घायल हालत में पड़े होने की सूचना सिटी कोतवाली पुलिस को मिली थी। पुलिस के अनुसार 8 मई को सूचना पर डायल 112 ने तीनों घायल व्यक्तियों को 108 वाहन से इलाज के लिए जिला अस्पताल सह मेडिकल कॉलेज भेजा। जांच में डॉक्टर ने फाफाडीह रायपुर निवासी आदित्य सोना उर्फमोंटी सोना (19) को मृत घोषित कर दिया। अन्य दो अजय बघेल (20) और विक्की साहू (21) को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने बताया कि आदित्य 7 मई की शाम करीब 4 बजे दोस्त अजय बघेल व विक्की के साथ ओडिशा के कांटाबांजी अपने मामा के घर गया था। कांटाबांजी रेलवे स्टेशन के पास परिचित व्यक्ति से मोंटी सोना ने 600 रुपए में गांजा और नाइट्रोजन 10 टेबलेट खरीदी। बाद तीनों ने नशीला पदार्थ सेवन कर लिंक एक्सप्रेस ट्रेन में बिना टिकट के बैठ गए। इस दौरान टिकट चेकर को देखकर पकड़े जाने के डर से तीनों चलती ट्रेन से छलांग लगा दी, इसके कारण ही आदित्य सोना उर्फमोंटी सोना की मौत हो गई।

तीन महिलाओं को भी बाघ ने मार डाला, क्षेत्र में दहशत का माहौल

राजनांदगांव से सटे महाराष्ट्र के चंद्रपुर में बाघ ने ली चार लोगों की जान

राजनांदगांव/नवप्रदेश। महाराष्ट्र के टाइगर बेल्ट में एक दुखद घटना हुई। दो दिन में बाघ ने चार लोगों की जान ले ली। शनिवार दोपहर को बाघ ने एक ही हमले में तीन महिलाओं को मार डाला था। यह पहली बार है जब एक बाघ ने एक साथ इतने लोगों की जान ली है। इसके बाद रविवार को एक और ग्रामीण की मौत हो गई।

यह घटना सिंदेवाही वन रेंज के पास मेंढमाल गांव के जंगल में हुई। वन्यजीव विशेषज्ञों ने बताया कि ऐसा पहली बार हुआ है जब एक बाघ ने एक ही हमले में तीन लोगों को मार डाला और एक को घायल कर दिया।

कुछ महिलाएं तेंदूपत्ता इकठ्ठा करने जंगल में गई थीं। तभी एक बाघ ने उन पर हमला कर दिया।

इलाके की गश्त बढ़ाई गई

वरिष्ठ वन अधिकारियों ने कहा कि एक बार जब बाघ की पहचान हो जाएगी, तो उसे बेहोश करने और पकड़ने के लिए प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) को औपचारिक अनुरोध भेजा जाएगा।

गांव वाले इस हमले से बहुत दुखी हैं। उन्होंने बाघ को तुरंत पकड़ने की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। वन विभाग ने इलाके में गश्त बढ़ा दी है और लोगों को जंगल में न जाने की चेतावनी दी है।

चंद्रपुर में चिंताजनक स्थिति

इस हमले के साथ, चंद्रपुर जिले में 2025 में वन्यजीवों से संबंधित मौतों की संख्या 16 तक पहुंच गई है।

ये सभी मौतें बाघों के हमलों में हुई हैं। पिछले साल, ऐसी 29 मौतें हुई थीं, जिनमें से 27 बाघों के हमलों में हुई थीं। 2023 में, यह संख्या 25 थी। सबसे ज्यादा मौतें 2022 में हुई थीं, जब 51 लोग मारे गए थे।

इनमें से 44 को बाघों ने और 7 को तेंदुओं ने मारा था।

बाघ की पहचान के लिए जुटी टीमें

घटना के तुरंत बाद, वन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा और घायल महिला को अस्पताल पहुंचाया। वन विभाग ने बाघ की पहचान करने के लिए इलाके में कैमरे लगाए हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसी घटनाएं इसलिए बढ़ रही हैं क्योंकि वन्यजीवों के रहने की जगह कम होती जा रही है। महाराष्ट्र में पिछले तीन सालों में जंगली जानवरों के हमलों में 225 से ज्यादा लोग मारे गए हैं। इनमें से ज्यादातर मौतें बाघों के हमलों में हुई हैं।

एसएमसी सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल में मदर्स डे का हुआ आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। एस.एम.सी सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल में मदर्स डे के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं के लिए गर्भ संस्कार पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान डॉ. प्रज्ञा सूर्यवंशी, जो एक वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ और निःसंतानता विशेषज्ञ हैं, गर्भवती महिलाओं को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की उन्होंने गर्भ संस्कार की प्राचीन भारतीय पद्धति पर जोर देते हुए सात्विक आहार, योग, ध्यान और तनावमुक्त जीवनशैली के महत्व को बताया, जो माता और गर्भ में शिशु के समग्र विकास के लिए आवश्यक है। ।

वरिष्ठ महिला एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉक्टर ममता दास ने महिलाओ को आहार के बारे में जानकारी दी उन्होंने बताया कि गर्भावस्था के दौरान माता का स्वास्थ्य और भावनात्मक स्थिति शिशु के विकास पर गहरा प्रभाव डालती है। इसके लिए सात्विक आहार, नियमित व्यायाम, और तनावमुक्त जीवनशैली अपनाने की सलाह दी।

डॉ. मानसी पत्तेवार ने गर्भ संस्कार की प्राचीन भारतीय पद्धति पर प्रकाश डाला, जिसमें गर्भ में शिशु के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास के लिए माता के सकारात्मक विचारों, स्वस्थ आहार, योग, ध्यान, सलाह दी जाती है। इसके साथ ही, हार्टफुलनेस संस्था की श्रद्धा दीदी ने कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं को ध्यान सिखाया । उन्होंने ध्यान और साधना के महत्व पर प्रकाश डाला, जिससे मानसिक शांति और भावनात्मक संतुलन प्राप्त होता है, जो गर्भावस्था के दौरान विशेष रूप से लाभकारी है।

समर कैम्प का निरीक्षण कर कुलपति ने बच्चों को किया प्रोत्साहित

कलाकारी सीखने पहुंचे बच्चों के रचनात्मक कार्यों को सराहा

खैरागढ़/नवप्रदेश। अंचल के नन्हें ब%चों की रचनात्मकता व गीत-संगीत के प्रति उनकी रूचि को बेहतर दिशा प्रदान करने के लिये इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में आयोजित 10 दिवसीय समर कैम्प का कुलपति लवली शर्मा ने निरीक्षण किया। कुलपति नृत्य संकाय अंतर्गत कथक व भरतनाट्यम विभा÷ पहुंची जहां शिक्षकों सहित अतिथि प्राध्यापकों द्वारा नन्हें बच्चों को नृत्य की शिक्षा दी जा रही थी। कुलपति ने बच्चों से चर्चा की और मन लगाकर अध्ययन करने की बात कही। कुलपति संगीत संकाय अंतर्गत गायन विभाग एवं अवनद्ध वाद्य विभा पहुंची।

गायन विभाग में बच्चों को गीत-संगीत तथा अवनद्ध वाद्य विभाग में तबला वादन की जानकारी बच्चों को दी जा रही थी। कुलपति ने संगीत संकाय के अधिष्ठाता व अवनद्ध वाद्य विभाग के सहायक प्राध्यापक से चर्चा कर बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान की बात कही। मूर्तिकला विभाग पहुंचकर बच्चों द्वारा माटीकला के तहत मिट्टी से बनाये। ये विभिन्न कलाकृतियों को देखकर कुलपति ने प्रसन्नता व्यक्त करतें बच्चों को प्रोत्साहित किया। चित्रकला विभाग में नन्हें चित्रकारों द्वारा बनाये गये चित्रकारी का अवलोकन

किया, जहां बच्चों ने अपनी रचनात्मक गतिविधियों से विभिन्न कलाकृतियां उकेरे थे जिन्हें प्रोत्साहित कर कुलपति ने और बेहतर तरीके से ज्ञानार्जित करने की बात कही। शिविर में अपना सहयोग प्रदान कर रहे सभी शिक्षकों सहित अतिथि शिक्षकों से कहा कि सभी छात्रों को बेहतर से बेहतर शिक्षा प्रदान कर उनकी कला को निखारे। शिविर में पंजीकृत सभी बच्चें गीत-संगीत व विभिन्न कलाओं की शिक्षा लेने में रूचि ले रहे हैं और सुबह से शिविर में पहुंच रहे हैं। शिविर में बच्चों की भीड़ बताती है कि क्षेत्र के अधिकतर लोग कला से जुड़ना चाहते हैं। परंतु इससे पहले उन्हें बेहतर स्थान नहीं मिल पा रहा था जिसके कारण उनकी कलाएं दम तोड़ती जा रही थी परंतु विश्वविद्यालय में कुलपति की नियुक्ति के बाद कुलपति के निर्देशन में नवाचार के तहत समर कैम्प का आयोजन किया गया जिससे इन नन्हें कलाकारों को उनके अंदर मौजूद कलाओं का विस्तार करने बेहतर स्थान मिला है।

शासन के आदेश की उड़ी धज्जियां

कुरुद/नवप्रदेश। NH-30 पर खुलेआम मांस और मदिरा की दावतें सजीं। शासन के स्पष्ट आदेशों और नगर पंचायत की मुनादी के बावजूद, ढाबा और बार संचालकों ने न सिर्फ कानून को ठेंगा दिखाया, बल्कि पवित्र पर्व का सार्वजनिक अपमान किया।

इससे न केवल प्रशासन की कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह लगा है, बल्कि पुलिस की निष्क्रियता और साठगांठ की बू भी साफ झलक रही है।

बुद्ध पूर्णिमा पर घरों में जलाए गए पांच दीप

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम खरोरा में बुद्ध पूर्णिमा का पावन पर्व पर घरों में पांच दीप जलाकर गायत्री यज्ञ किया गया। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने बताया कि गायत्री परिवार के घरों में पांच दीप जलाकर गायत्री यज्ञ किया गया। बता दें कि बुद्ध पूर्णिमा को देशभर में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाता है। इस दिन भगवान गौतम बुद्ध के जन्म, ज्ञान प्राप्ति हुए थे और महापरिनिर्वाण तीनों घटनाओं से जुड़ा हुआ है। इस शुभ अवसर पर व्रत, पूजा और कथा श्रवण का विशेष महत्व होता है। ऐसा माना जाता है कि बुद्ध पूर्णिमा की व्रत कथा पढ़ने और सुनने से जीवन में आने वाली सभी बाधाएं समाप्त हो जाते हैं और व्यक्ति को हर कार्य में

सफलता मिलती है। बुद्ध पूर्णिमा को वैशाख मास की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है। इस दिन उपवास रखा जाता है। साफ-सफाई के साथ घर में बुद्ध भगवान की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना करते है धूप-दीप, फूल, फल, चंदन और नैवेद्य से भगवान बुद्ध की आराधना की जाती है। साथ ही बुद्ध व्रत कथा का पाठ करने से सभी पुण्य की प्राप्त होते है।

नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों का निपटारा पक्षकारों को किया लाभान्वित

7863 केसों का निपटारा, कुल अवार्ड 49 लाख 22 हजार रुपए पारित

खैरागढ़/नवप्रदेश । खैरागढ़ में आयोजित नेशनल लोक अदालत में प्रकरण के पक्षकारों को भौतिक एवं वर्चुअल कांफ्रेंसिंग माध्यम से मामले में सुलह की सुविधा प्रदान की ÷ई । नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ पक्षकारों द्वारा राष्ट्पिता महात्मा गांधी और डॉ भीमराव अम्बेडकर के तैल चित्र पर पूजा कर की गई।। कार्यक्रम में डीजे मोहनी कंवर, सीजेएम श्याम कुमार साहू, जेएमएफसी आकांक्षा खलखो, मौजूद रहे। न्यायाधीश मोहनी कंवर जिला एवं अपर सत्र न्यायालय के 27 प्रकरणों को पक्षकारों से सहमति उपरांत मामले का निपटारा कर लाभान्वित किया । इनमें 05 दावा

प्रकरणों में कुल अवार्ड राशि 7 लाख 70 हजार रू. अन्य सिविल मामलें 03 में 28 लाख 11 हजार 806 रू. प्री लिटि÷शन के बैंक रिकवरी के 02 मामलें में 6,53,000, नगर पालिका खैरागढ़ के 02 मामले में 13976 रुपए, विद्युत बिल के 03 मामले में 12640 बीएसएनएल के 11 मामले में 10864 रुपए में निपटारा किया गया । श्याम कुमार साहू मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय में ट्रैफिक चालान में 609 मामलों में 60,900 और कैसेस ऑफ यू/एस 321, 258 सीआरपीसी एंड ऑल अदर पेटी ऑफेंस ईटीसी बाय स्पेशल सीटिं÷ मजिस्ट्रेट के 50 प्रकरणों में 27000 रूपए,138 चेक बाउंस के 02 मामले में 5,40,742 रू की अवार्ड राशि पास हूई। 14 आपराधिक मामलों और सिविल मामलों के 01 मामले में भी समझौता हुआ। आकांक्षा खलखो न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी न्यायालय में ट्रैफिक चालान में 200 मामलों में 20000 रू , कैसेस ऑफ यू/एस 321, 258 सीआरपीसी एंड ऑल अदर पेटी ऑफेंस ईटीसी बाय स्पेशल सीटिंग मजिस्ट्रेट के 02 प्रकरणों में 2000रू अवार्ड राशि पास हुआ ।

महाआरती | **सायंकाल महादेव घाट पर हजारों श्रद्धालुओं, सनातन धर्मावलंबियों एवं समाजसेवियों की उपस्थिति में हुई सम्पन्न**

बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर सम्पन्न हुई भव्य खारून गंगा महाआरती

रायपुर/नवप्रदेश। माँ खारून गंगा आरती महादेव घाट समिति द्वारा आयोजित खारून गंगा महाआरती का आयोजन आज बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्रद्धा, भक्ति और दिव्यता के साथ सम्पन्न हुआ।

विगत तीन वर्षों से निरंतर आयोजित हो रही यह आरती आज भी सायंकाल महादेव घाट पर हजारों श्रद्धालुओं, सनातन धर्मावलंबियों एवं समाजसेवियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। आरती स्थल पर साधु-संतों, विद्वान पंडितों और गणमान्य

नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को विशेष आध्यात्मिक ऊंचाइयां प्रदान कीं।

इस अवसर पर रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के विधायक आदरणीय श्री पुरन्दर मिश्रा जी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने मां खारून की महाआरती में भाग लेकर सभी श्रद्धालुओं के साथ इस दिव्य क्षण का पुण्य लाभ लिया तथा आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

आरती के दौरान नदियों की पवित्रता और संरक्षण हेतु सामूहिक संकल्प भी लिया गया, जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने मिलकर यह प्रतिज्ञा की कि वे नदियों को स्वच्छ, निर्मल और सम्मानजनक रूप में बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

विशेष उल्लेखनीय बात यह है कि माँ खारून की आरती प्रतिदिन सायं नियमित रूप से की जाती है, जिससे स्थानीय श्रद्धालुओं में आस्था, समर्पण और सेवा का भाव निरंतर बना रहता है।

समिति के अध्यक्ष एवं संस्थापक श्री वीरेन्द्र सिंह तोमर ने बताया कि ÷माँ खारून के तट पर प्रतिदिन होने वाली आरती केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि यह हमारी संस्कृति, पर्यावरण और जल स्रोतों के संरक्षण का प्रतीक बन चुकी है। हमारा प्रयास है कि आने वाली पीढ़ियों को एक जागरूक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध धरोहर सौंपी जाए।

माँ खारून के तट पर दीपों की झिलमिलाती रोशनी, मंत्रोच्चार और भक्तिमय वातावरण ने जनमानस को भक्ति और शांति से ओत-प्रोत कर दिया। समिति द्वारा की गई व्यवस्थाओं की सराहना श्रद्धालुओं ने खुले दिल से की।

माँ खारून गंगा आरती महादेव घाट समिति ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी सेवाभावी जनों, संस्थाओं एवं उपस्थित श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया है।

उपमुख्यमंत्री साव का नपा अध्यक्ष ने किया स्वागत

महासमुंद/नवप्रदेश। डिप्टी सीएम एवं नगरीय निकाय प्रशासन मंत्री अरुण साव के बागबाहरा प्रवास के दौरान नगर पालिका परिषद के सामने नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने सीएमओ, सभापतियों व पार्षदों के साथ स्वागत किया। उन्होंने मंत्री से नगर विकास से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की। पालिका अध्यक्ष साहू ने उनसे पालिका क्षेत्र अंतर्गत प्रस्तावित कार्यों तथा शहर के विकास की संभावनाओं से उन्हें अवगत कराया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सभापति जय देवांगन, सभापति गुलशन साहू, सभापति ज्योति रिंकू चंद्राकर, सभापति जितेंद्र ध्रुव, पार्षद नीरज चंद्राकर, पार्षद भाऊराम साहू, पार्षद ओमीन कागजी, हाफिज कुरैशी, सीएमओ अशोक सलामे, पालिका के विभाग प्रभारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

वाटर पार्क में मासूम की डूबकर मौत: नेता व पुलिस विभाग की भूमिका संदिग्ध

■ संचालक को बचाने में नेता और पुलिस विभाग संलिप्त !

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राजनांदगांव में एक वाटर पार्क में एक मासूम बच्चे की डूबकर मृत्यु हो गई। इस घटना के बाद वाटर पार्क के संचालक को बचाने में नेता और पुलिस विभाग लगा हुआ है।

न्याय की मांग

मासूम बच्चे के परिवार ने न्याय की मांग की है। उनका कहना है कि वाटर पार्क के संचालक की लापरवाही के कारण उनके बच्चे की मृत्यु हुई है और इसके लिए जिम्मेदार लोगों को सजा मिलनी चाहिए।

मासूम बच्चे की मौत

मासूम बच्चे की मृत्यु के बाद उसके परिवार में शोक की लहर है। परिवार के लोग न्याय की मांग कर रहे हैं।

नेता और पुलिस विभाग की भूमिका

आरोप है कि नेता और पुलिस विभाग वाटर पार्क के संचालक को बचाने में लगा हुआ है। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि नेता और पुलिस विभाग की मिलीभगत से वाटर पार्क के संचालक को बचाया जा रहा है।

निष्कर्ष

कार्रवाई की मांग

वाटर पार्क के केयर टेकर के द्वारा दिए गए बयान की भी जांच करनी चाहिए उसके द्वारा बताई गई बातें भी संदेह उत्पन्न करती है

स्थानीय लोगों ने भी कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि वाटर पार्क के संचालक और नेता और पुलिस विभाग की मिलीभगत की जांच होनी चाहिए और जिम्मेदार लोगों को सजा मिलनी चाहिए।

वाटर पार्क में मासूम बच्चे की डूबकर मृत्यु एक दर्दनाक घटना है। नेता और पुलिस विभाग की भूमिका संदिग्ध है और न्याय की मांग की जा रही है। अब देखना यह है कि जिम्मेदार लोगों के खिलाफ क्या कार्रवाई की जाती है।

तापमान 40 डिग्री पार, दोपहर में सुनसान हुआ बाजार

तेज गर्मी और उमस से नवागढ़ बेहाल

दोपहर के समय सड़कों से रौनक रही गायब

नवागढ़/नवप्रदेश। बीते दिनों हुई बारिश के बाद अब पड़ रही तेज गर्मी और उमस ने नगरवासियों को बेहाल कर दिया है। रविवार और सोमवार को पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। तीखी धूप और उमस के चलते दोपहर के समय सड़कों से रौनक गायब रही। बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा और अधिकतर दुकानों के शटर आधे गिरे नजर आए।

स्थानीय निवासी रोशन धर दीवान ने बताया, लग रहा है इस बार गर्मी सारे रिकार्ड तोड़ देगी। दोपहर में बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। बिजली कटौती ने स्थिति और बिगाड़ दी है।

गौरवपथ, बस स्टैंड और सब्ज़ी मंडी जैसे प्रमुख क्षेत्रों में लोगों की आवाजाही लगभग न के बराबर रही। व्यापारी वर्ग का कहना है कि ग्राहक नहीं आने से व्यवसाय प्रभावित हो रहा है।

मौसम विभाग की चेतावनी

मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक तापमान में किसी खास बदलाव की संभावना से इनकार किया है। विभाग ने दोपहर 12 से 3 बजे के बीच घर से बाहर न निकलने की सलाह दी है। साथ ही नागरिकों को अधिक पानी पीने, छायादार स्थानों में रहने और हल्के कपड़े पहनने की अपील की गई है।

प्रशासन सतर्क, अस्पतालों में इंतजाम

स्वास्थ्य विभाग ने हीट स्ट्रोक से बचाव को लेकर एडवाइजरी जारी की है। अस्पतालों में ओआरएस घोल, ठंडे पानी और प्राथमिक उपचार की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

चंदन पाटकर ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में 92 प्रतिशत अंक हासिल किए

भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित 10 वी बोर्ड परीक्षा में चंदन पाटकर ने 92 प्रतिशत से ज्यादा अंक हासिल कर अपनी संस्था,परिजनों और नगर का नाम गौरांवित किया है। लालाराम पाटकर एवं माता पद्मिनी पाटकर के सुपुत्र चंदन कुमार सेंट मेरीज अंग्रेजी माध्यम स्कूल में अध्यनरत है और उसने 600 में से 555 अंक हासिल कर प्रथम स्थान हासिल किया है ,उसकी इस उपलब्धि पर वार्ड पार्षद कुंजराम कोशले सहित उनके शुभचिंतकों,मित्रों और परिजनों ने बधाई और शुभकामना दी है।

साजा नगर में समाधान शिविर 13, 20 व 27 को

साजा – नगर पंचायत साजा में सुशासन तिहार–2025 के तहत समाधान शिविर का आयोजन 13, 20 व 27 मई को किया जाएगा। नगर पंचायत साजा से प्राप्त जानकारी के अनुसार समाधान शिविर 13 मई को वार्ड क्रमांक 15 के यादव भवन में समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमें वार्ड क्रमांक 1, 6, 7, 8, 15 से प्राप्त आवेदनों का समाधान किया जाएगा। वहीं 20 मई को वार्ड क्रमांक 02 के साहू भवन में आयोजित किया गया हैं, जिसमें वार्ड क्रमांक 2, 3, 4, 5, 10 से प्राप्त आवेदनों का समाधान किया जाएगा। वहीं 27 मई को वार्ड क्रमांक 12 के अंबेडकर भवन में समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें वार्ड क्रमांक 9, 11, 12, 13, 14 से प्राप्त आवेदनों का समाधान किया जाएगा।

जोगेन्दर मक्कड़ का निधन

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर के प्रतिष्ठित ट्रांसपोर्टर जोगेंदर सिंह मक्कड़ का सोमवार को निधन हो गया।वे जितेंद्र मक्कड़, संजय मक्कड़ (मक्कड़ इंटर प्राइज) के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार तीसरे पहर मारवाड़ी मुक्ति धाम में किया गया,जिसमें काफी संख्या में सामाजिक,व्यापारिक जन शामिल हुए।

खण्डसरा और पदुमसरा में समाधान शिविर आज

साजा/बेमेतरा/नवप्रदेश। सुशासन तिहार-2025 के अंतर्गत तीसरा चरण समाधान शिविर कल 13 मई सोमवार को बेमेतरा जनपद पंचायत एवं विधानसभा क्षेत्र नवागढ़ के ग्राम खण्डसरा के हायर सेकेण्डरी स्कूल एवं जनपद पंचायत साजा में ग्राम पदुमसरा मिडिल स्कूल भवन में आयोजित होंगे। क्लस्टर खण्डसरा सहित 13 ग्राम पंचायत मुरकी, कुरदा, बटार, भवरदा, हेमाबंद, रामपुर, सेमरिया, मरतरा, करचुवा,, बंशापुर, मोहतरा ख, लावातरा को शामिल किया गया है।

इसी प्रकार ग्राम पदुमसरा में 10 ग्राम पंचायत कंदई, घिवरी, पदमी, पदुमसरा, हरदास, किरकी, रौद्रा, सेमरिया, खैरझिटीकला, तेन्दुवा शामिल है। समाधान शिविरों में अधिकारी समाधान पेटी में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी देंगे। साथ ही विभागीय योजनाओं की जानकारी भी देंगे।

शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ जनसामान्य को दिलाने के लिए किया जा रहा लगातार कार्य : डॉ. रमन

समाधान शिविर के माध्यम से जनमानस की समस्याओं का हो रहा समाधान

राजनांदगांव/नवप्रदेश। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह सोमवार को जनपद पंचायत राजनांदगांव के ग्राम पंचायत टेड़ेसरा में आयोजित सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित समाधान शिविर में शामिल हुए। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने लगभग 1 करोड़ 21 लाख रूपए के 22 कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। उन्होंने 19 लाख हजार रूपए की लागत के नलकूप खनन हस्तपंप निर्माण कार्य, 11 लाख 30 हजार रूपए की लागत के हाई मास्क लाईट उच्चतर माध्यमिक शाला निर्माण कार्य, 38 लाख 95 हजार रूपए की लागत के हाट बाजार विकास कार्य, देवगुडी, मंच निर्माण व व्यवसायिक परिसर निर्माण कार्य, 26 लाख रूपए लागत के सायकल स्टैण्ड व स्मार्ट बोर्ड उच्चतमर माध्यमिक शाला निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि आज प्रदेश व्यापी सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित समाधान शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 565 आवास स्वीकृत हुए है। जिसके लिए सभी उन्होंने ग्रामवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। ग्राम टेड़ेसरा के लिए 53 शौचालय निर्माण, 58 आयुष्मान कार्ड, 151 राशन कार्ड का वितरण किया गया है। उन्होंने कहा कि आज लगभग 1 करोड़ 22 लाख रूपए के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया गया है। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार अंतर्गत सबसे ज्यादा मांग प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिली है। जिसे 1 से 2 वर्षों में सभी आवासों को पूर्ण करने का कार्य करना है। उन्होंने ग्राम टेड़ेसरा के लिए नये पंचायत भवन की स्वीकृति दी तथा 16 लाख रूपए की लागत से गौरव पथ निर्माण, 3 लाख रूपए की लागत से सांस्कृतिक भवन का निर्माण, 3 लाख रूपए की लागत से सीसी रोड निर्माण की स्वीकृति दी। उन्होंने कहा कि इस समाधान शिविर के माध्यम से जनसामान्य की समस्याओं का समाधान हो रहा है। शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ जनसामान्य को मिले, इसके लिए लगातार कार्य किया जा रहा है।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव ने कहा कि सुशासन तिहार अंतर्गत शासन प्रशासन आपके द्वार तक चलकर आए हैं और आप सभी अपनी समस्या बता सकते हैं। ग्राम के प्रत्येक नागरिक तक शासन की योजना पहुंचे इसके लिए कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सरकार के खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत जनसामान्य को 1 रूपए प्रतिकिलो चावल मिलने पर लोगों को राहत मिली और पलायन की समस्या दूर हुई। इसी तरह मुख्यमंत्री सरस्वती सायकल योजना, महतारी वंदन योजना, आयुष्मान कार्ड, जल जीवन मिशन जैसी विभिन्न योजनाएं जनसामान्य के लिए बहुत उपयोगी है।

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि सुशासन तिहार अंतर्गत ग्राम टेड़ेसरा, कोपेडीह, अंजोरा, देवादा, मगरलोटा, इंदावानी, ककरेल, ठाकुरटोला, सांकरा, धीरी, सोमनी, ईरा के गांव कलस्टर में समाधान शिविर का आयोजन किया गया है। राजनांदगांव जिले लगभग कुल 1 लाख 87 हजार आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिसमें से 1 लाख 30 हजार आवेदन आवेदनों का निराकरण कर लिया गया है तथा शासन को पत्र लिखकर अवगत करा दिया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए सर्वाधिक आवेदन प्राप्त हुए है। लगभग 32 हजार आवेदन प्राप्त हुए है। लक्ष्य के अनुसार आवासों की स्वीकृत होते रहेगी तथा पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का आवास मिलेगा। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास प्लस के तहत सर्वे का कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि इसी तरह महतारी वंदन योजना के आवेदन भी प्राप्त हुए है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि सभी विभागों के स्टाल में जाकर शासकीय योजनाओं की जानकारी ले।

हरियाली वाहिनी नीर और नारी जल यात्रा में शामिल हुए डॉ. रमन सिंह

राजनांदगांव/नवप्रदेश। टेड़ेसरा में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने हरियाली बाहिनी नीर और नारी जल यात्रा में शामिल होकर महिलाओं द्वारा चलाई जा रही पानी बचाव के लिए किए जा रहे प्रयास को प्रोत्साहित किया और जल यात्रा रैली की रवानगी की गई हरियाली बाहिनी, मां बम्लेश्वरी समूह, बिहान की टीम ,जिला प्रशासन के सहयोग से गांव गांव में नीर और नारी जल यात्रा निकली जा रही, इस यात्राएं का नेतृत्व कर रही पद्मश्री फूलबासन यादव की अब तक 65 गांव में जल यात्रा हो चुकी है, इस जल यात्रा से गांव में गांव में जागरूकता बड़ी है, जिसके परिणामस्वरूप गांव में सोखता गड्ढा और नाला बंधान कर रहे, श्रीमती फूलबासन यादव लोगो को जल यात्रा के बाद सभा करते हुआ पानी को बचाने के विभिन्न उपाय को बारीकी से बता रही है। वे अभी से जगने का आहवान कर रही है, नहीं तो हमें आने वाले समय में स्वयं एवं परिवार को भुगतना पड़ेगा, हरियाली बाहिनी अभियान प्रमुख शिव कुमार देवांगन पौधा लगाने जोर देते हुए हरियाली लाने ग्रामवासी को प्रेरित कर रहे है जिस प्रकार से पेड़ पौधे का नुकसान हो रहा है आने वाले संकट से बचने के लिए पौधा लगा कर बचाने के लिए आगे आने के लिए प्रयास कर रहे है हर गांव में बड़ी संख्या में पौधे लगने से पानी का संचय होगा और तापमान में कमी आयेगा ग्रामीणों को अवगत कराया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थी और अभिभावक हुए पुरस्कृत

समर क्लास का समापन समारोह

रायपुर/नवप्रदेश। छत्रपति शिवाजी स्कूल, पुरानी बस्ती में 45 दिनों से चल रही ग्रीष्मकालीन कक्षाओं का समापन समारोह शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर इन कक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को तथा उनके माता-पिता को भी पुरस्कृत किया गया। इसमें विद्यार्थियों के लिए नृत्य,शुद्ध लेखन,वाचन आदि के लिए कक्षाएं लगाई गई। आज समापन के मौके पर विद्यार्थियों ने नृत्य, भाषण आदि के साथ साथ रीडिंग और राइटिंग से संबंधित एकल व सामूहिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विभिन्न राज्यों के लोक गीतों सहित देशभक्ति व अन्य गीतों पर शानदार नृत्य प्रस्तुत किया गया। कक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन के लिए निम्न विद्यार्थी पुरस्कार किए गए - नृत्य में वैभवी पदमवार,परी आलम, सृष्टि यदु,पूर्वी यदु,हेतल साहू,गार्गी यदु ..वाचन में नित्या सोनी, लावण्या सिन्हा,लक्षिता यदु ... शुद्ध लेखन में निहारिका धीवर,केतल सोनकर,रुही पटवा,रितिका तिवारी,नीलिमा सेन,ऐश्वर्या दुबे,श्रेया पटेल,आराध्या सोनी,परी आलम,योगिता परिकार ...आज की प्रस्तुतियां देने वाले अन्य विद्यार्थी थे आर्या त्रिवेदी,आराध्या मिश्रा,खुशाली यादव, काव्या जैन, भूमिका देवांगन,पीहू चिन्नालोरे,सेजल यदु,मोनिका सिन्हा,गीतिका सारथी, हर्षिता सोनी आदि...इन विद्यार्थियों को स्कूल संचालक मुकेश शाह, प्राचार्या नफीसा रंगवाला व रशीदा फज़ली, शिरीन परवीन,आराधना बेदी,मौली चटर्जी, निर्मला बिसेन, वैशाली तिवारी,दीप्ति तिवारी,शचि मिश्रा,नग़मा आदि ने पुरस्कृत किया।

5.81 एकड़ की स्वीकृति की आड़ में लगभग 22 एकड़ अवैध अभिनंदन ग्लैक्सी का खुलासा कलेक्टर करवाएं- ओस्तवाल

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शहर की जन- जन की आवाज एवं पूर्व पार्षद हेमंत ओस्तवाल ने एक जारी पत्र के माध्यम् से जिले के नवनियुक्त कलेक्टर नरेन्द्र भूरे से यह कहा कि,नगर निगम राजनांदगांव की भवन अनुज्ञा शाखा में जो भ्रष्ट अधिकारियों/ कर्मचारियों की मिली भगत और निगम आयुक्त के संरक्षण के चलते जिस तरह से राजनांदगांव निगम सीमा क्षेत्र मे अवैध प्लाटिंग करने वाले भू-माफिया जिस तरह से शासन पर भारी पड़ रहे हैं। जिसका आये दिन समाचार पत्रों में आने और शिकायत के बावजूद जिस तरह से नगर निगम के आयुक्त/भवन अधिकारी श्री यु.के. रामटके के संरक्षण के चलते अभिनंदन ग्लैक्सी कॉलोनी का मामला जिस तरह से दबाया जा रहा है एवं नंदई मोहारा रोड़ में 5.81 एकड़ की स्वीकृति के विरूद्ध लगभग 22 एकड़ क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग कर कॉलोनी जो विकसित कर दी गई उन भूमि स्वामियों और अवैध प्लाटिंग करने वाले लोगों के खिलाफ कार्यवाही नहीं की गई और विधानसभा मे मामला जब डोंगरगढ़ की विधायक हर्षिता स्वामी बघेल के द्वारा विधानसभा ध्यानाकर्षण सूचना क्रमांक-21 जानकारी चाही गई तो आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा के द्वारा संयुक्त कलेक्टर जिला राजनांदगांव के नाम ध्यानाकर्षण सूचना के संबंध में दिनांक 22.02.2025 पत्र लिखकर उक्त अभिनंदन ग्लैक्सी कॉलोनी के संबंध में छ.ग. नगर पालिक अधिनियम 1956 के प्रावधान तथा छ.ग. नगर पालिक निगम (कॉलोनाईजर का रजिस्ट्रीकरण, निर्बधन तथा शर्तें) नियम 2013 के तहत् कार्यवाही करते हुए 17.01.2025 को जारी किया गया है। लेकिन लगभग चार माह व्यतित होने आ रहा है और निगम के इन भ्रष्ट अधिकारियों की नीद नहीं खुल रही है इसलिए जिले के कलेक्टर से अनुरोध है कि, इस मामले में तत्काल दोषियों के विरूद्ध सक्त कार्यवाही करते हुए आपराधिक प्रकरण दर्ज करवाया जायें।

अवंती विहार में थायरोकेयर पैथोलॉजी लैब की शुरुआत, व्यापारियों को कम दरों में उपलब्ध होगी सुविधा

रायपुर/नवप्रदेश। अवंती विहार मुख्य मार्ग स्थित थायरोकेयर पैथोलॉजी लैब का भव्य शुभारंभ आज अवंती विहार व्यापारी संघ के अध्यक्ष राजकुमार राठी द्वारा फीता काटकर किया गया। लैब के संचालक दीपक एवं सौरभ अग्रवाल ने बताया कि यहां पर सभी प्रकार की पैथोलॉजी की जांच व्यापारियों के लिए कम दरों पर की जाएगी साथ ही घर पहुंच सेवा भी उपलब्ध रहेगी।

राठी ने कहा कि इस लैब के शुभारंभ से अवंती विहार एवं आसपास के क्षेत्र के नागरिको को अपने स्वास्थ्य को लेकर कराए जाने वाले चेकअप की सुविधा आसानी से उपलब्ध हो पाएगी ,शुभारंभ में प्रमुख रूप से संघ के महामंत्री किशोरचंद्र नायक, उपाध्यक्ष सुब्रत घोष, संरक्षक संतोष श्रीवास्तव, भाजपा नेता विकास मिश्रा, अजय पणिकर, राधेश्याम शर्मा, बिंदिया अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

7 दिवसीय समर कैंप का हुआ समापन

भाटापारा/नवप्रदेश। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय नरसिंह विहार कॉलोनी भाटापारा के तत्वाधान में 4 मई से 11 मई तक क्लास पांचवी से दसवीं तक के विद्यार्थियों के समग्र विकास हेतु बाल व्यक्तित्व विकास शिविर दिव्य मुस्कान समर कैंप का समापन हुआ।समापन अवसर का शुभारंभ शशांक सिंह ठाकुर शहर थाना प्रभारी और सविता अनंत जनपद पंचायत अध्यक्ष भाटापारा ने द्वीप प्रज्जवलित कर किया ।

मंच संचालक बी.के.प्रभा दीदी ने पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक दिन अलग-अलग टॉपिक्स जैसे समय बड़ा मूल्यवान, डर के आगे जीत है,एकाग्रता की शक्ति, प्रभावशाली व्यक्तित्व, आओ बने मास्टर सर्वशक्तिमान, खुशी जैसे खुराक नहीं, अपने आप में विश्वास में वृद्धि कैसे करें,स्वच्छता ही प्रभुता है पर बहुत ही सुंदर तरीके से सिखाया गया वैल्यू पर आधारित हर दिन शक्ति, पवित्रता, सुख, शांति, प्रेम,नम्रता पर कहानी एवं मेडिटेशन द्वारा शिक्षाएं दी गई। साथ ही साथ बच्चों को सांस्कृतिक कार्यक्रम, विविध प्रतियोगिताएं, ड्राइंग,डांस,मोनो एक्टिंग, विविध खेल,शिक्षाप्रद कहानी, विडियोज द्वारा भी उनका उत्साहवर्धक कर अपने जीवन की लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शशांक सिंह ठाकुर टी.आई. शहर भाटापारा ने ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा आयोजित समर कैंप में बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए मां-बाप और गुरुओं का सम्मान करना अत्यंत आवश्यक है।

कार्यक्रम | यह केवल चुनाव सुधार नहीं, बल्कि लोकतंत्र को नई दिशा देने वाली ऐतिहासिक पहल : विधायक चंद्राकर

एक राष्ट्र, एक चुनाव से बनेगा सशक्त और स्थिर भारत: अजय चंद्राकर

नगरी/नवप्रदेश। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण लोकतंत्र को स्थिर, पारदर्शी और सुशासित बनाने की दिशा में वन नेशन, वन इलेक्शन की अवधारणा एक ऐतिहासिक कदम साबित हो सकती है। इस विचार को जनमानस तक पहुंचाने और व्यापक जनचर्चा के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज, नगरी द्वारा सोमवार को साहू सदन में जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पूर्व मंत्री एवं कुरुद विधायक अजय चंद्राकर ने अत्यंत प्रभावशाली और तथ्यों से परिपूर्ण वक्तव्य देते हुए कहा कि - देश में अलग-अलग समय पर होने वाले चुनाव न केवल आर्थिक संसाधनों की बर्बादी करते हैं, बल्कि प्रशासनिक कार्यों, शिक्षा, विकास योजनाओं और मानव संसाधनों पर भी नकारात्मक प्रभाव डालते हैं।

चंद्राकर ने आगे कहा -यह मात्र चुनाव सुधार नहीं, बल्कि लोकतंत्र को मजबूती देने वाली क्रांतिकारी पहल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह विषय अब राष्ट्रव्यापी विमर्श का विषय बन चुका है। यदि हम इस व्यवस्था को अपनाते हैं तो यह न केवल चुनावी खर्च में हजारों करोड़ रुपये की बचत करेगा, बल्कि शासन व्यवस्था को स्थिरता, निरंतरता और पारदर्शिता भी मिलेगी।

उन्होंने ऐतिहासिक संदर्भ देते हुए बताया कि भारत में 1952 से लेकर 1967 तक लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ कराए जाते थे, लेकिन बाद के वर्षों में यह परंपरा टूट गई, जिसका असर आज बहुत सारी बातों पर नकारात्मक हो रहा है।

अजय चंद्राकर ने अपनी बात को विस्तार देते हुए कहा कि बार-बार आचार संहिता लागू होने से विकास कार्य ठप पड़ जाते हैं, स्कूल-कॉलेजों के शिक्षक व अधिकारी चुनाव कार्य में लग जाते हैं, जिससे पढ़ाई और प्रशासन दोनों प्रभावित होते हैं। साथ ही कहा कि क्षेत्रीय मुद्दों को उतनी महत्ता नहीं मिल पाती है।

उन्होंने कहा -प्रधानमंत्री मोदी ने जो साहसिक विचार प्रस्तुत किया है, वह भारत को दुनिया का सबसे प्रगतिशील लोकतंत्र बना सकता है। हमें इसे केवल राजनीतिक दृष्टि से नहीं, बल्कि राष्ट्रीय दृष्टिकोण से देखना चाहिए। यह व्यवस्था यदि लागू होती है तो यह एक राष्ट्र-एक पहचान, एक चुनाव-एक सोच, और एक दिशा-एक विकास का सूत्र बन जाएगी।

चंद्राकर ने उपस्थित लोगों से अपील की कि वे एकमत होकर इस पहल का समर्थन करें और राष्ट्रपति के पास सामूहिक और व्यक्तिगत राय भेजकर इस विचार को संविधानिक स्वरूप देने के लिए आंदोलन बनाएं। उन्होंने कहा ङ्क आज जरूरी है कि सामाजिक संगठन, पेंशनर समाज, बुद्धिजीवी वर्ग और जनप्रतिनिधि इस सुधार की अलख जन-जन तक पहुंचाएं, ताकि देश की भावी पीढ़ी एक स्थिर और समृद्ध लोकतंत्र की नींव पर खड़ी हो सके।

संक्षिप्त खबरें

शरारती युवक को रस्सी से बांधकर बारातियों ने की पिटाई

जशपुर/नवप्रदेश। शरारती युवक को बंधक बनाकर पिटाई करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह मामला जशपुर जिले के नारायणपुर थाने के केराडीह गांव का है। जानकारी के मुताबिक, शरारती युवक ने बाराती बस का पीछाकर गाड़ी के कांच को फोड़ दिया। इससे आक्रोशित बारातियों ने रस्सी से युवक को बांधा और महिला-पुरुषों ने जमकर उसकी पिटाई की। इस मामले में दोनों पक्षों ने थाने में शिकायत नहीं की है।

आरुही श्रीवास को गोल्ड मेडल

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट कराते चैंपियनशिप प्रतियोगिता में आरुही श्रीवास जूनियर बालिका वर्ग से प्रतिभागी के रूप में भाग लेकर प्रथम स्थान पर रही और इस प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल हासिल की, आरुही श्रीवास कवर्धा मार्शल आर्ट में ट्रेनिंग कर रही है वे ब्लेक ब्लेल्ट अचीवर है। इस ट्रेनिंग सेंटर के मास्टर ट्रैनर श्री आकाश सिंह जी है जिनके प्रयासों से इन्होने सफ्लता हासिल की और राज्य स्तर में गोल्ड जीतकर रास्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता हेतु चयनित हुई। जिस पर परिवार जन, कमलेश श्रीवास, मनोजश्रीवास, अश्वनी श्रीवास, जितेंद्र श्रीवास, रवि, अमन, रमन, आयुष, ममता, मीनाक्षी, पूनम, टिक्की और रुपाली ने बधाई प्रेषित किया।

कुल्फी ठेले वाले को पुलिस ने सरेराह डंडे से पीटा

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर में क़ानून व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी निभाने वाली पुलिस अब ग़रीबों और आम नागरिकों पर ही अपनी ताक़त आज़माने लगी है। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में रात को पुलिसकर्मियों ने कुल्फ़ी ठेले वाले को डंडे से पीटने के बाद एक युवक को केवल वीडियो बनाने के शक में बेरहमी से पीट दिया। युवक का कसूर सिर्फ़ इतना था कि वह अपने परिवार के साथ जन्मदिन मना कर होटल से लौटते समय रामसेतु के पास सेल्फ़ी ले रहा था।घटना रात लगभग 11 बजे की है। सरकंडा निवासी राहुल सोनी अपने जन्मदिन पर पत्नी मीना सोनी और दो सालों के साथ डिनर करने तेलीपारा के एक होटल गया था। खाना खाने के बाद वे रिवर व्यू रोड पहुंचे और सड़क किनारे ठेले से आइसक्रीम ली तभी सिटी कोतवाली की पेट्रोलिंग वाहन पहुंचा और उससे उतरते ही पुलिसकर्मियों ने ठेले वाले को लाठियों से पीटना शुरू कर दिया। राहुल का कहना है कि वह तभी अपने परिवार के साथ सेल्फ़ी ले रहा था और कैमरे का लैश देखकर पुलिस को शक हुआ कि वह वीडियो बना रहा है।

दादी का हत्यारा पोता गिरफ्तार

जशपुर/नवप्रदेश। जशपुरनगर जिले के दोकड़ा पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम चोंगरिबहार, तितर मारा बैगाटोली गांव में पारिवारिक विवाद में पोते के द्वारा लकड़ी के पीढ़ा से सिर में वार कर अपनी दादी की हत्या करने के सनसनीखेज मामले का पुलिस ने रविवार को खुलासा किया है।घटना 7 मई की रात है, 8 मई को 75 वर्ष की वृद्धा की गंभीर चोट से मौत हो गई और परिजनो ने दो दिन बाद मई 9 को पुलिस में धक्का देने पर दरवाजे के चौखट से चोट लगने से मौत की रिपोर्ट लिखाई पर पुलिस की संदेहास्पद मौत मानकर की गई जांच में पूरे मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने आरोपी पोते सोनसाय राम उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम चोंगरिबहार, तितर मारा बैगाटोली, चौकी दोकड़ा को बीएनएस की धारा 103-1, के तहत अपराध पंजीबद्ध करते हुए गिरतार कर जेल भेज दिया है। घटना के संबंध में पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 9 मई को प्रार्थी भगत राम उम्र 45 वर्ष निवासी चोंगरीबहार तितरमारा बैगाटोली, ने चौकी आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि, इसकी मां मृतिका मोदी बाई को उसका भतीजा सोनसाय राम 7 मई की शाम को घर में धक्का दिया था, सिर में चोट आने के कारण अगले दिन 8 मई की सुबह 8 बजे मृत्यु हो गई है।

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह आज सौंपेंगे पीएम आवास के हितग्राहियों को खुशियों की चाबी

■ नवनिर्मित 51 हजार प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों का होगा गृह प्रवेश

रायपुर/नव प्रदेश । केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान 13 मई को सुबह 10 बजे नया रायपुर सचिवालय में राज्य सरकारद्वारा कार्यान्वित केंद्रीय योजना की समीक्षा करेंगे। उसके पहले सचिवालय के क्षेत्र में श्री चौहान के हाथों पौधा रोपण किया जाएगा। तत्पश्चात केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान अंबिकापुर रवाना होंगे। अम्बिकापुर में आयोजित मोर आवास मोर अधिकार कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री चौहान शामिल होंगे। कार्यक्रम का आयोजन अम्बिकापुर के पीजी कॉलेज मैदान में किया जाएगा। इस दौरान मुख्य अतिथि श्री चौहान प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण और पीएम जनमन के आवास हितग्राहियों को खुशियों की चाबी देंगे तथा आवास निर्माण प्रारंभ करने वाले हितग्राहियों का भूमिपूजन कर उन्हें आवास स्वीकृति पत्र प्रदान करेंगे। केंद्रीय मंत्री श्री चौहान राज्य में नवनिर्मित 51 हजार प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों का गृह प्रवेश करवाएंगे। इसके साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्व सहायता समूह की दीदियों, लखपति दीदियों को सम्मानित किया जाएगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएम विष्णु देव साय करेंगे

कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री विष्णु देव साय करेंगे। वहीं अति विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्य मंत्री आवास एवं शहरी मामले तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा तथा उपमुख्यमंत्री अरूण साव, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह उपस्थित रहेंगे। इसी प्रकार विशिष्ट अतिथि के रूप में वित्त मंत्री ओपी चौधरी, कृषि मंत्री राम विचार नेताम, लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े सहित अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

हरियाली बाहिनी नीर और नारी जल यात्रा में शामिल हुए डॉ. रमन सिंह

टेड़ेसरा/नवप्रदेश। टेड़ेसरा में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने हरियाली बाहिनी नीर और नारी जल यात्रा में शामिल होकर महिलाओं द्वारा चलाई जा रही पानी बचाव के लिए किए जा रहे प्रयास को प्रोत्साहित किया। जल यात्रा रैली की रवानगी की गई हरियाली बाहिनी, मां बम्लेश्वरी समूह, बिहान की टीम ,जिला प्रशासन के सहयोग से गांव गांव में नीर और नारी जल यात्रा निकली जा रही(इस यात्राएं का नेतृत्व कर रही पद्मश्री फूलबासन यादव की अब तक 65 गांव में जल यात्रा हो चुकी है, इस जल यात्रा से गांव में गांव में जागरूकता बड़ी है, जिसके परिणामस्वरूप गांव में सोखता गड्ढा और नाला बंधान कर रहे, फूलबासन यादव लोगो को जल यात्रा के बाद सभा करते हुआ पानी को बचाने के विभिन्न उपाय को बारीकी से बता रही है। वे अभी से जगने का आहवान कर रही है, नहीं तो हमें आने वाले समय में स्वयं एवं परिवार को भुगतना पड़ेगा। हरियाली बाहिनी अभियान प्रमुख शिव कुमार देवांगन पौधा लगाने जोर देते हुए हरियाली लाने ग्रामवासी को प्रेरित कर रहे है जिस प्रकार से पेड़ पौधे का नुकसान हो रहा है आने वाले संकट से बचने के लिए पौधा लगा कर बचाने के लिए आगे आने के लिए प्रयास कर रहे हैं, हर गांव में बड़ी संख्या में पौधे लगने से पानी का संचय होगा और तापमान में कमी आयेगा ग्रामीणों को अवगत करा रहे हैं।

जिला वेटलैंड संरक्षण समिति को भंग कर उच्चस्तरीय समिति गठित करें : डॉ. गुप्ता

रायपुर/नव प्रदेश । रायपुर की जिला वेटलैंड संरक्षण समिति की निरंतर निष्क्रियता और तालाबों (वेटलैंड्स) की रक्षा करने में विफ्लता और अक्षमता के मद्देनजर रायपुर के सामाजिक कार्यकर्ता एंव ईएनटी विशेषज्ञ ने छत्तीसगढ़ राज्य वेटलैंड अथॉरिटी के वाईस चेयरमैन सह छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव को पत्र लिख कर मांग की है कि रायपुर की जिला वेटलैंड संरक्षण समिति को भंग कर दिया जाए और तालाबों की स्थिति का मूल्यांकन करने के लिए वैज्ञानिकों सहित एक उच्च स्तरीय समिति गठित की जाए।

डॉ गुप्ता ने कहा कि अगर किसी स्वच्छ जल वाले तालाब को मारना है, तो बस उसके चारों ओर एक रिटेनिंग वॉल बना दीजिए ङ्क इससे जल का

रिसाव रुक जाता है और तालाब धीरे-धीरे मर जाता है और यही रिटेनिंग वाल बना कर सभी तालाबों को मार दिया गया है। करबला तालाब में पहले से ही रिटेनिंग वाल है और खबर आई है कि अब और नई रिटेनिंग वाल बनाई जायेगी। यहाँ तक कि तालाब के बीच में जहा भरपूर जैवविविधता पेड़ पौधे है, जहां वर्ष भर पक्षी चिड़ियाए रहती हैं, उनका घर उजाड़ कर मूर्ति स्थापित की जायेगी।

मर रहे हैं तालाब तो समिति की क्या जरूरत ?

डॉ. गुप्ता ने चर्चा में बताया कि जिला वेटलैंड संरक्षण समिति के अस्तित्व में रहते हुए सभी तालाब मारे जा रहे हैं, ऐसे में जिला वेटलैंड संरक्षण समिति की क्या जरूरत है? जिसने वर्षो से आदेश के बावजूद सभी तालाबों की जांच ही नहीं की है और जिन तीन तालाबों की अधूरी जांच की है उनकी भी रिपोर्ट दबा रखी है। गौरतलब है कि जिला कलेक्टर, वेटलैंड संरक्षण समिति के अध्यक्ष होते है और जिले के वन मण्डल अधिकारी सदस्य सचिव।

पुलिस की गुंडागर्दी : बीच बाजार में आदिवासी युवक को पटक-पटक कर पीटा

■ एसपी ने एएसआई को किया लाइन अटैच

कोडागांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कोंडागांव में पुलिस की खुलेआम गुंडागर्दी सामने आई है, जहां बीच बाजार में आदिवासी के साथ मारपीट की गई। मामला बड़ेडोंगर थाना क्षेत्र का है। इस मामले में पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार ने संज्ञान लिया है और मारपीट करने वाले एएसआई लाइन अटैच किया है। एसपी ने कहा, जवान के खिलाफ निलंबन की कार्यवाही भी की जाएगी।

जानकारी के मुताबिक, बड़े डोंगर के साप्ताहिक बाजार में आदिवासी के साथ बड़े डोंगर थाना प्रभारी विनोद नेताम के सामने एएसआई उमेश मंडावी ने खुलेआम गाली गलौज की। उसे जमीन में पटक-पटक कर लात घुसों से भी पिटाई की। बात यहीं नहीं रुकी, मारपीट का वीडियो बनता देख एएसआई ने वीडियो बनाने वाले को भी धमकी दी।

पुलिस जवान द्वारा आदिवासी से मारपीट का वीडियो अब सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। बताया जा रहा कि यह घटना शनिवार की है. एडिशनल एसपी कौशलेंद्र देव पटेल ने कहा, मामले को संज्ञान में लिया गया है और जवान को लाइन अटैच कर दिया है। उन्होंने कहा, निलंबन की कार्यवाही भी की जा रही है। सभी जवानों को सख्त निर्देश दिए हैं कि इस तरह की घटना की पुनरावृति न हो, जनता से मधुर संबंध स्थापति करें।

जंगली सूअर के शिकारी के साथ मांस खाने आए तीन लोग गिरफ्तार, अन्य पकड़ से बाहर

महासमुंद/नवप्रदेश। वन विभाग की टीम ने वन्य प्राणी का शिकार करने वाले एक शिकारी एवं वन्य प्राणी का मांस खाने आए तीन लोगों सहित कुल चार लोगों को गिरफ्तार किया है. शिकार में शामिल तीन अन्य लोगों की तलाश की जा रही है।

वन विभाग को मुखबिर से सूचना मिली कि महासमुंद वनपरिक्षेत्र के ग्राम कोलपदर में कुछ लोग जंगली सूअर का मांस पका रहे हैं. सूचना पर वन टीम ग्राम कोलपदर पहुंची और शिकारी भीखम कमार (52 वर्ष) के घर से जंगली सूअर का मांस और एक मरा हुआ नेवला बरामद किया।

इस दौरान मांस खाने आये जिवतरा निवासी गंगू राम कमार (27 वर्ष), बल्दाकछार निवासी चमरु कमार (28 वर्ष) और कोलपदर निवासी लोभिन कमार (28 वर्ष) को पकड़ा. वहीं तीन शिकारी जितेन्द्र कमार,

डाक्टर कमार एवं लव कुमार फरार हैं।

वन विभाग की टीम ने मुख्य आरोपी भीखम से पूछताछ किया तो उसने बताया कि ग्राम कोलपदर के आसपास वन विकास निगम के जंगल से 10 मई को दोपहर में शिकार किये थे।

वन अमले ने मुख्य आरोपी के घर से 7 तीर , दो कमान , दो टंगिया, एक बसुला, एक तराजू, बाट, एक कत्तल, एक पहसूल, एक किलो जंगली सुअर का मांस,एक नग मरा हुआ नेवला जब्त किया है. आरोपियों के खिलाफ वन्य जीव सरंक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9 सह पठित धारा 2(16) (ख) , 2(16)(क), 39(3)(क), 39(3)(ग)एवं 48-क के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

फर्जी कंपनी बनाकर किया 83 लाख रुपए का भुगतान, सीएमएचओ के साथ पांच पर एफआईआर

■ 5 लोगों के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया

सूरजपुर/नवप्रदेश। कोविड काल के दौरान ऑक्सीजन प्लांट लगाने वाली कंपनी के नाम से फ्र्जी कंपनी कर साढ़ 83 लाख का भुगतान कर दिया गया। मामले में सूरजपुर के पूर्व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रणसाय सिंह व स्वास्थ्य विभाग के दो कर्मचारियों समेत 5 लोगों के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मामले की जानकारी देते हुए सूरजपुर एडिशनल एसपी संतोष महतो ने बताया कि वर्तमान सीएमएचओ डॉ. कपिलदेव पैकरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके

पहले के सीएमएचओ डॉ. आरएस सिंह ने जैम पोर्टल के जरिए ऑक्सीजन प्लांट के लिए टेंडर जारी किया था। यूनिक इंडिया फर्म ने टेंडर मिलने के बाद प्लांट लगाया था। लेकिन बाद में डॉ. सिंह ने अन्य कर्मचारियों ने आशीष बोस नाम के व्यक्ति के साथ मिलकर षड़यंत्र करते हुए यूनिक इंडिया के नाम से फर्जी कंपनी बनाकर उसे साढ़े 83 लाख रुपए का भुगतान कर दिया गया। मामले में डॉ. सिंह, कर्मचारी जेम्स बेक, विजय सिंह, सकिरण सिंह और आशीष बोस के खिलाफ आईपीसी की धारा 420, 120 बी के तहत एफआईआर दर्ज किया गया है।

बड़ी सफलता | वाहन के केबिन पर छिपाकर रखी गई थी 4 बोरियां, पुलिस की जांच में गांजा बरामद

एक क्विंटल गांजा सहित ट्रक जब्त, तीन अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम पुलिस को गांजा तस्करों को पड़ने में बड़ी सफ्लता मिली है । तस्कर भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ गांजा भरकर कवर्धा-चिल्फी-झिरमघाट मार्ग से जबलपुर (म.प्र.) की ओर ले जा रहे थे। जिसकी सूचना चिल्फी पुलिस को मिली और नाका बंदी कर कार्यवाही की गई।

ज्ञात हो कि दिनांक 13.05.25 को थाना चिल्फी प्रभारी निरीक्षक उमाशंकर राठौर को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक ट्रक क्रमांक RJv|GC9591 में भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ गांजा भरकर कवर्धा-चिल्फी-झिरमघाट मार्ग से जबलपुर (म.प्र.) की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना की गंभीरता को भांपते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित कर तत्काल थाना चिल्फी के सामने नाका लगाकर वाहनों की चेकिंग प्रारंभ की गई।

थोड़ी ही देर में एक संदिग्ध ट्रक घाटी की ओर से आता दिखाई दिया, जिसे रोककर जब गहन तलाशी ली गई, तो वाहन

के केबिन के ऊपर छिपाकर रखी गई 4 बोरियों में कुल 96 पैकेट मादक पदार्थ बरामद हुए। इलेक्ट्रॉनिक तराजू से तौलने पर इनका कुल वजन 1 क्विंटल (101.07 कि.ग्रा.) पाया गया।

जप्त गांजे की अनुमानित कीमत ?20 लाख रुपए तथा ट्रक की कीमत ?20 लाख रुपए आंकी गई है। इस प्रकार कुल ?40 लाख रुपए का अवैध मादक माल पुलिस द्वारा जप्त किया गया है। थाना चिल्फी में अपराध क्रमांक 74/25 धारा 20(B)(ii)(C) NDPS Act के तहत अपराध पंजीबद्ध कर तीनों आरोपियों को गिरफ़्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। कबीरधाम पुलिस स्पष्ट रूप से चेतवानी देती है कि नशे का कारोबार करने वालों के लिए जिले में कोई जगह नहींयह कार्रवाई न केवल कबीरधाम पुलिस की सजगता और प्रोफेशनलिज्म को दर्शाती है, बल्कि नशे के खिलाफ जिले में Zero

Tolerance की नीति को भी दृढ़ता से सामने रखती है। लगातार हो रही कार्रवाइयों से यह स्पष्ट है कि जिले में मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। इस उल्लेखनीय कार्रवाई में थाना चिल्फी की टीम की सराहनीय भूमिका रही ।

ये हैं पकड़े गए तस्कर

ट्रक में सवार तीन व्यक्तियों से पूछताछ पर उन्होंने अपना नाम –

1. सांवरिया वर्मा पिता बालचंद वर्मा उम्र 34 वर्ष
2. होकम सिंह सोंधिया पिता बने सिंह उम्र 28 वर्ष
3. कुमेर सिंह पिता इंदर सिंह उम्र 29 वर्ष

(तीनों निवासी ग्राम छतरपुरा एवं मेनाखेड़ी, थाना जीरापुर, जिला राजगढ़, म.प्र.) बताया।

पूछताछ में इन तस्करों ने अवैध गांजा ओडिशा से लेकर आने और मध्यप्रदेश के जबलपुर क्षेत्र तक पहुंचाने की योजना स्वीकार की।

झारखंड के खनन माफिया ने आरक्षक को ट्रैक्टर से कुचला

बलरामपुर/नवप्रदेश। लिब्रा घाट में चल रहे अवैध रेत खनन को रोकते समय वन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम पर झारखंडी खनन माफिया ने हमला कर दिया. ट्रैक्टर चालक ने पुलिस पर गाड़ी चढ़ा दी, जिसमें आरक्षक शिवभजन सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, ग्रामीणों की नदी किनारे अतिक्रमण की शिकायत पर वन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची थी. इस दौरान नदी घाट पर झारखंड के खनन माफिया को अवैध रेत खनन करते देख रोकने का प्रयास किया गया। इस पर खनन माफिया ने दल पर ही हमला कर दिया।

एक ट्रैक्टर चालक ने दल पर गाड़ी चढ़ा दी, जिसकी चपेट में आने से आरक्षक शिव भजन सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना से ग्रामीणों के साथ-साथ पुलिस और वन विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। झारखंड का खनन माफिया लंबे समय से घाट से अवैध रेत खनन कर रहा है।

शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं

बता दें कि ग्रामीण लंबे समय से घाट पर अवैध उत्खनन की शिकायत खनिज विभाग से कर चुके हैं, लेकिन अधिकारियों ने इस पर कभी तवज्जों नहीं दिया, जिसकी परिणति आज आरक्षक के मौत के रूप में हुई है। इस संबंध में जब जिला खनिज अधिकारी बी मांडवी से चर्चा करने का प्रयास किया तो उन्होंने फोन ही मुनासिब नहीं समझा। इससे समझा जा सकता है कि विभाग कितना सक्रिय है।

■ न्यूज गैलरी

कांग्रेस कार्यकर्ता नागा भंडारी की हत्या टार्गेट कीलिंग : कांग्रेस

रायपुर। बस्तर के मारुड़बका निवासी कांग्रेस कार्यकर्ता नागा भंडारी की लिंगापुर मेले में नक्सलियों ने क्रूरता पूर्वक हत्या कर दी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि नक्सलियों द्वारा की गई इस कायराना हरक़त की जितनी निंदा की जाए कम है। भंडारी परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करता हूं एवं स्व. नागा भंडारी की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करता हूं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि छः माह पूर्व भी इसी तरह से ग्राम उसूर में स्व. नागा भंडारी के छोटे भाई स्व. तिरुपति भंडारी की दिनदहाड़े हत्या कर दी गई थी। आखिर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और आम आदिवासियों की ये टारगेट किलिंग कब खत्म होगी। सरकार आदिवासियों को सुरक्षा मुहैया कराने में पूरी तरह विफल है।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सरकार नक्सलवाद खत्म करने का दंभ तो भर रही है परन्तु ग्राउंड जीरो में हालात जस के तस बने हुए है।

शहनाज परवीन अंसारी को डॉक्टरेट की उपाधि

रायपुर। शहनाज परवीन अंसारी की लगातार मेहनत और अथक प्रयास से पीएचडी के उपरांत उन्हें डॉक्टरेट की उपाधि दी गई है। शहनाज परवीन अंसारी ने अंग्रेजी साहित्य में प्रसिद्ध उपन्यासकार नादिया हाशमी के उपन्यास पर पीएचडी की इनका मुख्य शोध अफगान महिलाओं के बदलते स्वरूप को लेकर थी। शहनाज प्रवीण अंसारी ने अपने पीएचडी में अफगान की महिलाओं के बदलते स्वरूप, कार्य शैली, रहन-सहन, और आधुनिकता को काफी सरल सहज शब्दों में दर्शाया है। उन्होंने अपनी पीएचडी मेट्स यूनिवर्सिटी की वाइस चांसलर दीपिका ढांढ के सानिध्य में प्राप्त की। शहनाज परवीन अंसारी की इस उपलब्धि पर कॉलेज प्रबंधन के अलावा उनके परिवारजनों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

रायगढ़ बना प्रदेश का पहला डिजिटल पंचायत जिला

रायपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ का रायगढ़ जिला एक नई मिसाल बनकर सामने आया है। यह प्रदेश का पहला ऐसा जिला बन गया है, जहां ग्राम पंचायतों में टैक्स और शुल्क का भुगतान अब डिजिटल माध्यम यानी यूपीआई के ज़रिए किया जा रहा है। प्रॉपर्टी टैक्स, बाजार शुल्क, जलकर और स्वच्छता कर जैसे भुगतान अब ग्रामीण अपने मोबाइल फोन से आसानी से कर रहे हैं।रायगढ़ जिले ने डिजिटल भुगतान प्रणाली को गांवों तक पहुंचाकर ग्रामीण शासन व्यवस्था को नई दिशा दी है। जिले की सभी 549 ग्राम पंचायतों में यूपीआई आधारित टैक्स वसूली की व्यवस्था लागू कर दी गई है। पंचायत भवनों और सार्वजनिक स्थानों पर यूपीआई क्यूआर कोड लगाए गए हैं, जिससे ग्रामीणजन घर बैठे ही अपने टैक्स भर पा रहे हैं।इस प्रणाली ने न केवल पारदर्शिता को बढ़ावा दिया, बल्कि इससे पंचायतों की आमदनी में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। तत्कालीन कलेक्टर श्री गोयल ने 12 मार्च 2025 को प्रधानमंत्री अवॉर्ड की स्क्रीनिंग कमेटी के सामने इस नवाचार मॉडल की विस्तृत प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया कि यूपीआई प्रणाली से टैक्स कलेक्शन में बीते वित्तीय वर्ष की तुलना में 117 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। कई पंचायतों में टैक्स वसूली दोगुनी से भी ज्यादा हो गई है।पहले जहां ग्रामीणों को मैनुअल भुगतान में कठिनाई होती थी, वहीं अब वे मोबाइल से सरलता से भुगतान कर पा रहे हैं।रायगढ़ जिले के 07 में से 05 ब्लॉक आदिवासी बहुल हैं और यहां भी यह डिजिटल भुगतान प्रणाली लागू कर दी गई है। खास बात यह है कि 330 पीवीटीजी बिरहोर परिवारों ने भी यूपीआई से टैक्स भुगतान शुरू कर दिया है, जो डिजिटल समावेशन की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। यूपीआई प्रणाली लागू होने के बाद ग्राम सभाओं में लोगों की भागीदारी भी बढ़ी है। तीन पंचायतों में किए गए विश्लेषण से पता चला है कि ग्राम सभाओं में लोगों की उपस्थिति में 57 प्रतिशत तक इजाफा हुआ है। इससे साफ है कि ग्रामीण अब पंचायत व्यवस्था में अधिक रुचि ले रहे हैं।महिला स्व-सहायता समूहों, बीसी सखियों द्वारा किए गए लेन-देन में भी लगातार वृद्धि हो रही है। वर्ष 2022-23 में जहां 3969.30 लाख रुपये का लेनदेन हुआ था, वहीं 2023-24 में यह बढ़कर 4236.50 लाख और वर्ष 2025 में फरवरी माह के अंत तक 4650.80 लाख रुपये तक पहुंच गया।इस पहल से ग्राम पंचायतों में खाता रखरखाव, ऑडिट प्रक्रिया और नकद बहीखाता मिलान में भी काफी सुविधा हो गई है।

निषाद केवट समाज के वार्षिक सम्मेलन पर एक दूजे के हुए 41 जोड़े

रायपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ निषाद केवट समाज द्वारा वार्षिक सम्मेलन तथा 41 जोड़ों का आदर्श विवाह कार्यक्रम ग्राम फुण्हर रायपुर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में दुर्ग भिलाई निषाद समाज के पदाधिकारी तथा विवाह हेतु नवविवाहित जोड़ा शामिल हुए। मुख्य अतिथि केन्द्रीय जल शक्ति राज्यमंत्री भारत सरकार डॉ. राज भूषण चौधरी निषाद उपस्थित हुए। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर भगवान रामचंद्र जी तथा महाराजा गुहा निषादराज जी का शैल चित्र पर माल्यार्पण किया। पश्चात एक करोड़ रुपए लागत पर नवीन निषाद भवन छात्रावास के लिए भूमि पूजन किया। समाज को संबोधित करते हुए जयकारों के साथ प्रदेश संगठन का आभार जताया उन्होंने सभी नवविवाहित जोड़ों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि समाज के बच्चों को सपने देखने की जरूरत है और साकार करने का संकल्प तथा सामाजिक व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी हम सब पर है। अपने समाज को सुधारने के लिए बेटा बेटियों को आगे बढ़ाएं और शिक्षित करें। यह जिम्मेदारी सभी को समझनी चाहिए। सामाजिक आयोजन सिर्फ महिला या बुजुर्गों की जिम्मेदारी नहीं है। इसमें युवाओं की भागीदारी जरूरी है।जो युवा शिक्षित हो रहे हैं उन्हें समाज सेवा से भी जुड़ना जरूरी।

ऐसे अधिवेशन के जरिए युवाओं को सही रास्ते पर लाने का प्रयास भी होना चाहिए एवं समाज के युवाओं को राजनीति में आने की बात कही। लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने समाज संबोधित करते हुए मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम को गंगा पार कराने वाले। कहा नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया।उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में समरसता, एकता और युवाओं को दिशा देने का कार्य करते हैं। यह गर्व की बात है कि निषाद समाज न केवल ऐतिहासिक और धार्मिक आस्था से जुड़ा है, बल्कि आज समाज प्रदेश और देश के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

भारतमाला परियोजना की कंस्ट्रक्शन कंपनी में हादसा, दो मजदूर जिंदा जले

■ **खाना बनाते समय कंटनेर में सिलेंडर फटा**

राजिम-नवापारा/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले के अभनपुर में भारतमाला सड़क परियोजना के तहत शालीमार कंस्ट्रक्शन कंपनी के कैंप में रविवार शाम हुए सिलेंडर ब्लास्ट ने दो मजदूरों की जान ले ली।हादसे में फरमान अली और शहदाब अली दम घुटने और आग की चपेट में आने से मृत्यु हो गई। दोनों उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले के रहने वाले थे। तीसरा मजदूर बिलाल अली बाल-बाल बच गया। घटना ने दोनों मृतकों के परिवारों में कोहराम मचा दिया है।

हादसे का भयावह मंजर

रविवार शाम करीब 6:30 बजे बिलाल अली, फरमान अली और शहदाब अली कंटेनर के बाहर खाना बना रहे थे। अचानक बारिश शुरू होने पर तीनों गैस सिलिंडर को कंटेनर के अंदर ले गए। खाना बनाते समय सिलिंडर में रिसाव होने से आग फैल गई। सामने का दरवाजा सिलिंडर के पास होने और पीछे का दरवाजा बाहर से बंद होने से तीनों अंदर फंस गए। आग और धुएं से तीनों बेहोश होने लगे। बिलाल ने किसी तरह कंटेनर की खिड़की तोड़कर मदद के लिए आवाज दी, जिसके बाद लोगों ने उसे खींचकर बाहर निकाला। फरमान और शहदाब आग और धुएं की चपेट में आकर दम तोड़ दिए।

परिवारों में पसरा मातम

अमरोहा के कबीरपुर गांव निवासी फरमान और शहदाब के घरों में हादसे की खबर से कोहराम मच गया। फरमान तीन बच्चों के पिता थे। चार भाइयों में सबसे बड़े थे। उनके एक भाई की पहले ही करंट लगने से मौत हो चुकी है। शहदाब अपने परिवार के मुखिया थे, जिनके पिता का पहले निधन हो चुका है। उनकी चार बहनों की शादी की जिम्मेदारी भी उन्हीं पर थी। गांव के आसिफ ने बताया कि दोनों परिवारों की आर्थिक स्थिति बेहद खराब है। परिजन हादसे की खबर मिलते ही रायपुर के लिए रवाना हो गए।

पुलिस की कार्रवाई

घटना की सूचना मिलते ही अभनपुर पुलिस मौके पर पहुंची। मामले की जांच शुरू की। बिलाल को हल्की चोटें आईं। उसे प्राथमिक इलाज दिया गया। पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। हादसे के कारणों की जांच कर रही है। प्रारंभिक जांच में सिलिंडर लीकेज को हादसे की मुख्य वजह माना जा रहा है।

पुलिस चौकी प्रभारी का बयान

ब्रजघाट पुलिस चौकी प्रभारी नितेंद्र वशिष्ठ ने बताया कि युवकों की मौत की सूचना मिली है और स्वजन रायपुर पहुंच रहे हैं। पुलिस मामले की पूरी जानकारी जुटा रही है। हादसे ने निर्माण कैंपों में सुरक्षा मानकों पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

सड़क हादसे की होगी जांच

उपमुख्यमंत्री अरुण साव बोले, पीड़ित परिवार को मिलेगी हर संभव मदद

रायपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के रायपुर में बीती रात एक दर्दनाक हादसा हुआ। हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई है। घटना के बाद सरकार ने कहा कि इस मामले की जांच होगी। दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। साथ ही पीड़ित परिवारों को मदद दी जाएगी।

पीड़ित परिवारों को मिलेगी मदद: उपमुख्यमंत्री अरुण साव

रायपुर में हुए सड़क हादसे के बाद छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई। यह एक दुखद घटना है। मैं मृतकों के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं। घटना की जांच की जाएगी। साथ ही दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रभावित परिवारों को हरसंभव मदद दी जाएगी।

समारोह से लौट रहे थे लोग: एसएसपी लाल उमेद सिंह

वहीं दूसरी तरफ एसएसपी लाल उमेद सिंह ने कहा कि चटौद़ गांव के कुछ लोग दूसरे गांव में एक समारोह में शामिल होने गए थे। वे अपने घर लौट रहे थे। तभी उनकी गाड़ी एक ट्रक से टकरा गई। इस घटना में कई लोग घायल हो गए। इस घटना में कुल 13 लोगों की मौत हो गई और 14 लोग घायल हो गए।

शुरुआती खबर के वक्त रायपुर के जिला कलेक्टर गौरव सिंह ने जानकारी देते हुए बताया था कि जिला प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए हैं। उन्होंने बताया कि हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई और 11 लोग घायल हो गए। कलेक्टर ने बताया कि इस संबंध में पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जांच की जा रही है।

श्री सत्य साई संजीवनी अस्पताल से रायपुर की अलग पहचान : अरुण साव

■ **श्री सत्य साई संजीवनी अस्पताल में अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस समारोह में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री, उत्कृष्ट सेवाएं देने वाली नर्सेज को किया सम्मानित**

रायपुर/ नवप्रदेश। श्री सत्य साई बाबा ने सबसे प्रेम और सबकी सेवा करने का संदेश दिया है। बाबा के बताए मार्ग पर चलकर श्री सत्य साई संजीवनी अस्पताल द्वारा अब तक 36 हजार से अधिक हार्ट सर्जरी की जा चुकी है। बच्चों की निःशुल्क हार्ट सर्जरी कर संस्थान ने सेवा परमो धर्मः के आदर्श को प्रस्तुत किया है। अस्पताल ने हजारों बच्चों को नया जीवन दिया है। किसी को जीवनदान देना पुण्य का काम है। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने नवा रायपुर स्थित श्री सत्य साई संजीवनी अस्पताल में अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस पर आज आयोजित कार्यक्रम में ये बातें कहीं।

उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि श्री सत्य साई अस्पताल में केवल भारत के ही नहीं, बल्कि 15 अन्य देशों के लोग भी निःशुल्क उपचार कराने आते हैं। अब तक अन्य देशों के एक हजार से अधिक बच्चों की हार्ट सर्जरी हो चुकी है। यहां तीन लाख से अधिक बच्चों के हृदय की निःशुल्क जांच भी की गई है।श्री साव ने कहा कि बाबा श्री सत्य साई का आशीर्वाद छत्तीसगढ़ पर हुआ है। इससे रायपुर की एक अलग पहचान बनी है। किसी अनजान से प्रेम और सेवा करना सहज काम नहीं है। यहां बच्चों और उनके माता-पिता के चेहरे देखकर लग रहा है कि उन्हें दुनिया की बड़ी खुशी मिल गई है। यह अमूल्य खुशी देने वाला श्री सत्य साई अस्पताल है।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने अस्पताल में उपचार करा चुके बच्चों एवं उनकी माताओं से मुलाकात की एवं उन्हें फल व मिठाई वितरित की। परिजनों ने मंच पर अस्पताल में इलाज के अपने अनुभव साझा किए। श्री साव ने कार्यक्रम में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले नर्सिंग स्टॉफको सम्मानित किया।

अंतर्राष्ट्रीय नर्सेस दिवस पर जेएनएम मेडिकल कॉलेज में भव्य कार्यक्रम

रायपुर/ नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय नर्सेस दिवस के उपलक्ष्य में आज पंडित जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर के पुराने ऑडिटोरियम हॉल में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन नर्सिंग ऑफिसर्स एसोसिएशन, छत्तीसगढ़ द्वारा दोपहर 12 बजे से 1:30 बजे तक आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय होगें।

सुप्रीम कोर्ट पहुंचा छत्तीसगढ़ में हेड ऑफ फॉरेस्ट की नियुक्ति का मामला

■ **कोर्ट ने राज्य सरकार से मांगा जवाब**

रायपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में हेड ऑफ फॉरेस्ट फोर्स की नियुक्ति को लेकर उठा विवाद अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। देश की सर्वोच्च अदालत ने इस मामले में दो बार सुनवाई के बाद याचिका को स्वीकार कर लिया है और राज्य सरकार को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई जून महीने में हो सकती है।बता दें कि यह याचिका 1990 बैच के आईएफएस अधिकारी वी. श्रीनिवास राव की नियुक्ति के खिलाफ दायर की गई है। आरोप है कि भूपेश सरकार ने पांच सीनियर अधिकारियों को नजरअंदाज करते हुए राव को हेड ऑफ फॉरेस्ट फोर्स नियुक्त किया। राव की इस नियुक्ति को सबसे वरिष्ठ आईएफएस अधिकारी और वर्तमान में पीसीसीएफ (वाइल्ड लाइफ) पद पर कार्यरत सुधीर अग्रवाल ने चुनौती दी है।

सुधीर अग्रवाल ने शुरुआत में उन्होंने यह मामला केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (छ्ज्ञ) में उठाया था, लेकिन वहां से कोई राहत नहीं मिलने पर उन्होंने हाईकोर्ट का रुख किया। हाईकोर्ट से भी निराशा मिलने के बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की।

अब तक सुप्रीम कोर्ट में इस मामले पर दो बार सुनवाई हो चुकी है। अदालत ने याचिकाकर्ता के तर्कों को सुनने के बाद याचिका स्वीकार कर ली है और राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है।

जोन कमिश्नरी में अब डिप्टी कलेक्टरों की होगी पदस्थापना

रायपुर/ नवप्रदेश। नगरीय निकाय विभाग जल्द ही नगर निगमों में राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को पदस्थ करने जा रहा है। सुशासन तिहार समाप्त होने के बाद रायपुर निगम के दस जोन कमिश्नरी में डिप्टी कलेक्टर रैंक के अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति हो सकती है। बताया गया कि अकेले रायपुर निगम में ही राप्रसे से तकरीबन 15 अधिकारी आ सकते हैं।

निगम में अभी जोन कमिश्नर के रूप में नगरपालिका सेवा अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। इनके ग्रेड पे और जोन में काम कर रहे कार्यपालन अभियंता के ग्रेड पे में असमानता है। अभी जोन कमिश्नर क्लास 2 रैंक के अधिकारी वर्ग में आ रहे हैं, वहीं कार्यपालन अभियंता का रैंक क्लास-1 अफसर का है। अब रैंक 2 के नीचे रैंक 1 अफसर इन दिनों काम कर रहे है।

उल्लेखनीय है कि निगम में इसकी शुरुआत तत्कालीन नगर निगम आयुक्त ओपी चौधरी के समय तारनप्रकाश सिन्हा और उसके बाद पुलक भट्टाचार्य की नियुक्ति के साथ हुई थी। इनके बाद अरविंद शर्मा यहां उपायुक्त राजस्व के पद पर नियुक्त हुए थे। इनमें से श्री सिन्हा ने बाद में निगम आयुक्त के रूप में भी यहां काम किया थानिगम में इसकी शुरुआत तत्कालीन नगर निगम आयुक्त ओपी चौधरी के समय तारनप्रकाश सिन्हा और उसके बाद पुलक भट्टाचार्य की नियुक्ति के साथ हुई थी. इनके बाद अरविंद शर्मा यहां उपायुक्त राजस्व के पद पर नियुक्त हुए थे. इनमें से श्री सिन्हा ने बाद में निगम आयुक्त के रूप में भी यहां काम किया था। अभी निगम में राज्य प्रशासनिक सेवा से अपर आयुक्त यूएस अग्रवाल, राजेंद्रप्रसाद गुप्ता और उपायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा काम कर रही हैं। प्रदेश के सबसे बड़े निगम रायपुर में इसकी शुरुआत मई महीने के अंत तक कर दी जाएगी। इसका प्रस्ताव नगरीय प्रशासन संचालनालय ने नगरीय प्रशासन विभाग को पत्र भेजा है।

अवर सचिव को भेजे गये पत्र में नगरीय प्रशासन संचालनालय ने माना कि राज्य नगरपालिका सेवा के अधिकारियों की नियुक्ति से बड़े निगमों में काम प्रभावित हो रहा है। वर्तमान में ये अधिकारी प्रतिनियुक्ति पर अपर आयुक्त, उपायुक्त और जोन आयुक्त के पद पर हैं।

समीक्षा बैठक — *जल उपयोग की दक्षता बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास करने के दिए निर्देश*

किसानों को मिले सिंचाई परियोजनाओं का लाभ : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने जल संसाधन विभाग के कामकाज की समीक्षा की

रायपुर/ नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में प्रदेश के सिंचाई ढांचे को सशक्त बनाने के उद्देश्य से जल संसाधन विभाग के कार्यों की गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मौजूदा सिंचाई परियोजनाओं के रखरखाव और मरम्मत पर विशेष ध्यान दिया जाए। मुख्यमंत्री श्री साय ने वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों को नियमित रूप से फील्ड विजिट करने के निर्देश दिए और जल अपव्यय रोकने के साथ ही जल का अधिक से अधिक उपयोग कृषि कार्यों में हो, यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

ुख्यमंत्री श्री साय ने प्रदेश के सभी बांधों की जल भराव क्षमता, वर्तमान सिंचाई स्थिति और आगामी परियोजनाओं के प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि नहरों के माध्यम से जल परिवहन में होने वाली हानि को रोकने के लिए आधुनिक तकनीकों का उपयोग जरूरी है। मुख्यमंत्री श्री साय ने जल उपयोग की दक्षता बढ़ाने हेतु अंडरग्राउंड पाइपलाइन व्यवस्था के माध्यम से आवश्यक कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।

साथ ही सिंचाई योजनाओं में रूपांकित सिंचाई क्षमता और वास्तविक क्षमता के बीच के अंतर को कम करने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाने के भी निर्देश दिए।

खरोरा सड़क हादसा : सरकार घायलों के इलाज की समुचित व्यवस्था करें : दीपक बैज

सड़क हादसे पर कांग्रेस बैज ने जताया दुख

रायपुर/ नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने खरोरा सड़क हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए कहा की राजधानी रायपुर से नजदीक खरोरा के पहले सरागांव मे सड़क हादसे मे 13 लोगों की मौत और 50 लोगों के गंभीर रूप से घायल होने की खबर हृदय विदारक है। मृतकों को श्रद्धांजली तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। सरकार यह सुनिश्चित करे घायलों के इलाज मे कोई कोताही न हो। पीड़ितो के लिये घोषित की गई मुआवजे की राशि अपर्याप्त है। उन्होंने मांग किया है की मृतकों को 50 लाख तथा घायलों को 10 लाख मुआवजा तत्काल दिया जाये। राज्य में रोज हो रहे सड़क हादसो पर चिंता प्रकट करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सरकार को इन हादसो को रोकने के लिये ठोस कार्य योजना बनाये। यह सुनिश्चित किया जाय कि मालवाहको में सवारियां न बैठाई जाय। आज से ठीक एक वर्ष पहले कवर्धा जिले के पंडरिया में भी पिकअप पलटने से 19 लोगो की जाने गई थी, तब भी सरकार से मांग किया गया था कि माल वाहकों पर सवारियां बैठाने पर कड़ाई से रोक लगाया जाय। लेकिन सरकार सचेत नहीं हुई और माल वाहको में सवारियां, बारात निर्बाध बैठाई जा रही है।

मोर आवास मोर अधिकार

सुशासन तिहार 2025

प्रधानमंत्री **श्री नरेन्द्र मोदी** बिलासपुर में
प्रधानमंत्री आवास की चाबी सौंपते हुए

मुख्य अतिथि
श्री शिवराज सिंह चौहान जी
माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास एवं
कृषि व किसान कल्याण, भारत सरकार

अध्यक्षता
श्री विष्णु देव साय जी
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन

सशक्त गांव, समृद्ध छत्तीसगढ़

लोकार्पण, वितरण एवं सम्मान समारोह

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण)
51,000 हितग्राहियों का गृह प्रवेश

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना
सरगुजा संभाग अंतर्गत प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान तहत
जिला-सरगुजा, जशपुर एवं बलरामपुर की कुल 24 बसाहटों हेतु
21 सड़क, लंबाई 58.96 कि.मी. । राशि 4141.94 लाख

13 मई 2025 । दोपहर 01:00 बजे से
स्थान : शासकीय पी.जी. कॉलेज मैदान, अम्बिकापुर

अन्य मंचीय कार्यक्रम

- प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत वर्ष 2025-26 हेतु अतिरिक्त लक्ष्य आबंटन
- अमृत सरोवर पोर्टल, ऑब्ज़र्वेटरी एवं एप्लिकेशन का लोकार्पण
- GIZ INDIA एवं IIT DELHI द्वारा अमृत सरोवर पर इम्पैक्ट असेसमेंट स्टडी की रिपोर्ट सौंपना
- दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल विकास योजना 2.0 के परियोजना दिशा-निर्देशों का लोकार्पण
- पीएम आवास योजना (ग्रामीण) एवं पीएम जनमन के अंतर्गत स्वीकृत आवासों का भूमिपूजन एवं स्वीकृति पत्र वितरण
- महिला स्वयं सहायता समूहों को निर्माण सामग्री की किट का वितरण
- उत्कृष्ट कार्य करने वाली कैडर दीदी एवं लखपति दीदियों का सम्मान

संवाद- 43798

आइए, छत्तीसगढ़ की इस विकास यात्रा के साक्षी बनें।

ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806 संपादक-यशवंत धोटे* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, navpradesh@gmail.com